डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 30 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-346, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संसेक्स
85,571.85 ↑ -264.27

डॉलर
83.665 ↑ +0.035

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 75,200
01 किलो 91,280

पेज 09




## एक नजर

### गांधी जयंती से शुरू होगा कांग्रेस का चुनावी अभियान : कमलेश

**रांची।** कांग्रेस का चुनावी अभियान पूरे प्रदेश में महात्मा गांधी गांधी की 155वीं जयंती पर दो अक्टूबर को औपचारिक रूप से शुरू होगी। ये घोषणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को की। कमलेश ने कहा कि एक माह में 24 जिलों में 25 संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समापन हो गया है।

### मुख्यमंत्री धनबाद में आज स्किल कॉन्क्लेव में लेंगे हिस्सा

**रांची।** धनबाद के बलियापुर स्थित एयरोड्रम ग्राउंड में सोमवार को जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन व परिवहन भत्ता वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। समारोह में उद्योग विभाग की ओर से संचालित योजनाओं और जिला प्रशासन व चुनिंदा औद्योगिक संस्थानों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी, स्किल कॉन्क्लेव का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री इसमें भी भाग लेंगे। साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा।

### दामोदर में नहाने गईं तीन बहनों की डूबने से मौत

**रामगढ़।** जिले के सिरका कौवाबेड़ा गांव में रविवार को एक ही परिवार की तीन बहनों की दामोदर नदी में डूबकर मौत हो गई। नहाने के दौरान ही उनका पैर फिसला और वे गहरी नदी में चली गईं। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों बहनों की जान चली गई। इसमें दो सगी बहनें व एक चचेरी बहन है। दोनों सगी पहनों की पहचान सिमरन प्रजापति (10 वर्ष) तथा संध्या प्रजापति (08 वर्ष) के रूप में हुई है जबकि चचेरी बहन छाया प्रजापति (15 वर्ष) है। घटना के बारे में लड़कियों के पिता बबलू प्रजापति और अनिल प्रजापति ने कहा कि उनकी बच्चियां घर से निकलकर नदी की तरफ गई थीं। नदी में नहाने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी उन्हें देखा था लेकिन जिस वक्त वो तीनों डूबने लगी, उन्हें बचाने के लिए वहां कोई मौजूद नहीं था।

## आज | कल




# ठेकेदार के घर पर गोलीबारी 15 राउंड फायरिंग, दहशत

**ठेकेदार के घर पर रात में ताबड़तोड़ फायरिंग, पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार रात करीब 12 बजे जीएलए कॉलेज रोड के पास स्थित हनुमान नगर में ठेकेदार राजू सिंह उर्फ राघवेंद्र के घर पर करीब 10 से 15 राउंड फायरिंग हुई। गोलीबारी में घर की खिड़कियों के कांच टूट गए। घटना के वक्त ठेकेदार की पत्नी और किराएदार घर में मौजूद थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अचानक गोलियों की आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटनास्थल से पुलिस ने कई खोखा बरामद किया है। ठेकेदार की पत्नी साधना देवी ने इस संबंध में बैरिया निवासी राकेश सिंह और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गोलीबारी पथ निर्माण विभाग में ऑनलाइन टेंडर को लेकर हुई है। शहर थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि, परिवार द्वारा दो अलग-अलग बातें कही जा रही हैं, जिससे मामले में संदेह उत्पन्न हो रहा है। पुलिस ने नामजद आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल्स निकालकर सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भंडरिया के बैरिया जंगल में हाथियों ने महिला को कुचला, मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने की रमकंडा-भंडरिया सड़क जाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के बैरिया जंगल में रविवार की सुबह करीब 8 बजे हाथियों के झुंड ने खुखड़ी उठाने गए बरवा गांव के सालेटोंगरी गांव निवासी रीमिस मिंज के 50 वर्षीय पत्नी स्वाति तिर्की को हाथी ने कुचलकर मार डाला। साथ में गई स्वर्गीय इरूश कुजूर की पत्नी दिलमानी टोप्पो भी घायल हो गई। उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने



रमकंडा-भंडरिया मुख्य मार्ग को करीब 11 बजे शव सड़क पर रखकर जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद भंडरिया वन क्षेत्र के वनपाल कमलेश कुमार सहित पुलिस पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को सरकारी प्रक्रिया पूरा होते ही जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने की बात कही। वन विभाग ने तत्काल 50 हजार मुआवजा के रूप में उपलब्ध कराया। शेष मुआवाजा की राशि प्रक्रिया पूरी होते ही परिवार के आश्रित को दे दिया जायेगा। फिलहाल दोपहर 12:30 बजे तक जाम लगी रही। वन विभाग पुलिस जाम हटाने का प्रयास कर रही है लेकिन आक्रोशित लोग हाथियों के स्थाई समाधान की मांग वन विभाग से कर रहे हैं। जाम लगने से वाहनों की सड़क पर लंबी कतार लग गई। घटना के बाद रो-रो कर परिजनों का बुरा हाल है।

# राजग के साथ नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी आजसू पार्टी

**पाकुड़, सिल्ली, ईचागढ़, गोमिया, रामगढ़, डुमरी, लोहरदगा, बड़कागांव, जुगसलाई, टुंडी सीटें आजसू के खाते में आईं**

**हुसैनाबाद और चंदनक्यारी सीट को लेकर दोनों दल अड़े, भाजपा दोनों सीटें अपने पास रखने को लेकर संकल्पित**



**रांची/ नई दिल्ली।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो चुकी है। आचारसंहिता का उल्टा गिनती भी शुरू हो गया है। भाजपा अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के अंतिम चरण में है। असम के मुख्यमंत्री व प्रदेश भाजपा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने शनिवार रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनके आवास पर बैठक की। बैठक में दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया। हिमंता ने कहा कि भाजपा और आजसू समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अगले कुछ दिनों में दिल्ली में एक और बैठक करेगी। पितृपक्ष समाप्त होने के बाद गठबंधन के सीट शेयरिंग की घोषणा की जाएगी।

सूत्रों की मानें तो अजसू को बीजेपी ने 09 सीट दी है जबकि आजसू ने 16 सीटों की मांग की थी। हुसैनाबाद,टुंडी और चंदनक्यारी सीट को लेकर दोनों दल अड़े हुए हैं लेकिन भाजपा ने ये सीटें अपने पास रखने का मन बना लिया है। चंदनकियारी सीट से नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी विधायक हैं, इसपर भाजपा किसी भी शर्त पर समझौता नहीं करेगी। वहीं हुसैनाबाद सीट भाजपा अपने पास रखना चाहती है। सूत्रों का कहना है कि हुसैनाबाद के वर्तमान विधायक कमलेश सिंह शीघ्र ही भाजपा का शेष पृष्ठ 11 पर

### सीट बंटवारे की बात नहीं बनी तो हम अकेले लड़ेंगे चुनाव : चिराग पासवान



**बोकारो (झारखंड)।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपनी कमर कस ली है। पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि एनडीए में सीट बंटवारे पर बात बनी तो ठीक, नहीं तो पार्टी अकेले भी चुनाव लड़ सकती है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने अपने धनबाद में जन आक्रोश रैली को संबोधित करने के बाद मीडिया से कहा, यहां होने वाले विधानसभा चुनाव में लोजपा (राम विलास) पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। मेरे स्वर्गीय पिता राम विलास पासवान का यहां पर जनाधार रहा है और मौजूदा समय में यहां पार्टी मजबूत है। हमारा संगठन यहां आगामी विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेगा। लोजपा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ लड़ेगी या अलग, यह पूछे जाने पर चिराग पासवान ने कहा, झारखंड भाजपा यूनिट के साथ हमारी बातचीत चल रही है। सकारात्मक बात नहीं बनी तो लोजपा आज के समय में इतनी मजबूत है कि वह अकेले ही विधानसभा का चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग अधिसूचना जारी करेगा, तब तक चुनाव को लेकर चल रही सभी चीजें ठीक हो चुकी होंगी। यह पता चल जाएगा कि पार्टी अकेले चुनाव में जा रही है या एनडीए के साथ।

# मानसून की मेहरबानी: सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक बारिश

**760.1 मिमी बारिश हुई झारखंड में, जो सामान्य 890.6 मिमी से 15 फीसदी कम**

**932.2 मिमी बारिश हुई है देश में यह सामान्य 865 मिमी से 7. 8 प्रतिशत अधिक**



**रांची/नई दिल्ली।** देश में इस साल मानसून में सामान्य से लगभग आठ फीसदी अधिक बारिश हुई। एक तरफ जहां उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक वर्षा हुई, वहीं पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। वहीं झारखंड में अब तक 760.1 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 15 फीसदी कम है। 1 जून से 11 सितंबर के बीच झारखंड में 890.6 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना जाता है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे देश में 1 जून से 29 सितंबर के बीच औसत बारिश 932.2 मिमी रही। जबकि, दीर्घावधि औसत 865 मिमी है। इस प्रकार यह सामान्य से 7.8 प्रतिशत अधिक है। साल 2020 के बाद यह सबसे अच्छा मानसून रहा है। खासकर पिछले साल सामान्य से कम बारिश के कारण जलाशयों में पानी की कमी इस बार दूर हो गई है। उल्लेखनीय है कि साल 2023 में देश में मानसून के दौरान सामान्य से 5.6 प्रतिशत कम (820 मिमी) बारिश हुई थी। साल 2022 में यह सामान्य से 6.5 प्रतिशत अधिक और 2021 में 0.4 प्रतिशत अधिक रही थी। वहीं, 2020 में देश में सामान्य से 10.5 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी। मध्य भारत पर इस बार इंद्रदेव सबसे अधिक मेहरबान रहे। इस हिस्से में 1,165.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य (974.7 मिमी) से 19.6 फीसदी अधिक है।

दक्षिणी प्रायद्वीप में 710 मिमी के औसत की तुलना में 811.4 मिमी बारिश हुई यानी 14. 3 प्रतिशत अधिक। उत्तर पश्चिमी भारत में 628 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य (586.6 मिमी) से 7.1 प्रतिशत अधिक है। पूर्व तथा पूर्वोत्तर भारत में 1,175 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1,361.2 मिमी के दीर्घावधि औसत से 13.7 प्रतिशत कम है। इस क्षेत्र में अगस्त (सामान्य से दो फीसदी अधिक) को छोड़कर बाकी तीनों महीने में कमी बनी रही। जून में देश के इस हिस्से में सामान्य से 13.3 प्रतिशत, जुलाई में 23.3 प्रतिशत और सितंबर में अब तक 17.8 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। देश में मानसून का मौसम 1 जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण इन्हीं चार महीनों में सबसे ज्यादा बारिश होती है। कृषि के अलावा जलाशयों में जल भंडारण, जलापूर्ति और भूजल स्तर समेत कई दृष्टिकोणों से मानसून पूरे देश के लिए वरदान है।

## मन की बात के 10 साल पूरे

# करोड़ों श्रोता ही इसके असली प्रस्तुतकर्ता : प्रधानमंत्री

**संथाली कई राज्यों में बोली जाती है, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में भी इसका उपयोग होता है**

**ओडिशा मयूरभंज के रामजीत टुडू ने एक अभियान चलाया जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 10 साल पूरे हो गए हैं। रविवार को कार्यक्रम के 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि देश के करोड़ों श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। बताते चलें कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पीएम मोदी का चौथा मन की बात कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में 3 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। उस दिन विजयादशमी का दिन था। यह बेहद सुखद संयोग है कि इस बार 3 अक्टूबर को नवरात्रि का पहला दिन है। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक चटपटी और नकारात्मक बात न हो तब तक तवज्जों नहीं मिलती है। मगर मन की बात कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दों पर मीडिया ने भी मुहिम चलाई है। वे रेडियो, दूरदर्शन, यूट्यूब और प्रिंट मीडिया को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्हें पता चला कि देश में कितने शेष पृष्ठ 11 पर

# शीतकालीन सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन बिल हर हाल में पास कराने की तैयारी

**2029 लोस चुनाव के साथ राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने की योजना**

**- कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार हर हालत में वन नेशन-वन इलेक्शन लागू करने की तरफ बढ़ रही है। संसद का शीतकालीन सत्र दिसंबर में संभावित है। इसमें संविधान संशोधन करने वाले दो विधेयकों सहित तीन विधेयक लाने की तैयारी है। जो प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक हैं, उनमें से एक स्थानीय निकायों के चुनावों को लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक



साथ कराने से संबंधित है। जिसके लिए फिलहाल देश के सभी राज्यों में से 50 प्रतिशत की सहमति आवश्यक है। चर्चा है कि प्रस्तावित पहला संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर होगा। प्रस्तावित विधेयक में अनुच्छेद 82ए में संशोधन करनी पड़ेगी । जिसमें 'नियत तिथि' से संबंधित उप-खंड (1) जोड़ा जाएगा। इसमें अनुच्छेद 82ए में उप-खंड (2) जोड़ना होगा, जो लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के अंत से संबंधित है। संविधान संशोधन में अनुच्छेद 83(2) में संशोधन करने और लोकसभा की अवधि व विघटन से संबंधित नए उप-खंड (3) व (4) सम्मिलित करने का भी प्रस्ताव है। इसमें विधानसभाओं के विघटन से संबंधित प्रावधान भी शामिल किए गए हैं तथा अनुच्छेद 327 में संशोधन करके एक साथ चुनाव शब्द शामिल करने का प्रावधान करना पड़ सकता है। इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की समिति ने जो सिफारिश की है उसमें कहा गया है कि इस विधेयक को 50 प्रतिशत शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# असंभव लक्ष्य और करियर के लिए दांव पर युवा जिंदगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में विशेषज्ञों के अलावा सबसे बड़ी भूमिका युवाओं की है जो असंभव लक्ष्यों की दौड़ में दिन और रात का अंतर भूल गए हैं। लगभग तीन दशक पहले जब बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित कर रही थी तब यहां एक बंधी बंधायी कार्यसंस्कृति थी जो सरकारी या निजी में लगभग एक ही तरह की थी पर अचानक से बैंक ऋण तक प्रोडक्ट बन गए और फिर जो दौड़ शुरू हुई उसमें आज क्या निजी क्या सरकारी सभी लगे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारी या भारतीय कंपनियों के उलट धड़ाधड़ वेतन वृद्धि या प्रोन्नति देकर इस दौड़ को इतना तेज कर चुकी हैं कि नियम मापदंड सभी सिर्फ कागजों में रह गए हैं और युवा इसके पीछे ऐसे दौड़ रहे हैं कि सबकुछ भूलकर सिर्फ आगे का करियर दिख रहा है। इनके हाथों का लैपटॉप फ्लाइट,मेट्रो से लेकर घरों के बेडरूम तक चलता रहता है। बहुत ने शादी नहीं की या बच्चे नहीं चाहते कि उन्हें पालने का समय नहीं। इस अमानवीय होती दौड़ के बीच हाल में 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की दुखद मौत बहुत चर्चित हुई जिसमें कथित रूप से उनकी मौत शीर्ष वैश्विक अकाउंटिंग फर्म ईवाई ग्लोबल की पुणे स्थित फर्म एसआर बाटलीबोई में काम की अधिकता के कारण हुई थी। समाचारों के अनुसार नौकरी जॉइन करने के चार महीने बाद पेरायिल की मौत जुलाई में हो गई थी। अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की मां अनीता ऑगस्टाइन की ओर से भारत में कंपनी के चेयरमैन को लिखा गया पत्र हाल ही में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से शेयर किया गया। इसमें उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत ज्यादा काम करवाने की वजह से हुई। ऑगस्टाइन ने कहा कि उनकी बेटी ने नई नौकरी की मांगों को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी, लेकिन काम की अधिकता, नया माहौल और लंबे समय तक काम करने का असर उसके स्वास्थ्य पर पड़ा। देश का सोशल मीडिया इस होनहार युवा महिला की असमय मौत की वजह से गुस्से और आक्रोश से भरा हुआ है। श्रम मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी को भारी विरोध वाली



प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने एक बयान जारी कर सेबेस्टियन की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा किया है। यह यदि सच है तो बहुत ही भयावह है, किंतु यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। न ही अधिक काम और तनाव केवल कंपनियों के उच्च अधिकारियों या शीर्ष कंपनियों में कार्यरत लोगों को प्रभावित कर रहा है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऐसे देश में जहां शिक्षित लोगों समेत बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी का शिकार हैं और जहां बहुत ज्यादा लोग बेहद सीमित नौकरियों के पीछे भाग रहे हैं, असुरक्षा और तनाव युवाओं को अत्यधिक निराशा के गर्त में धकेल रहा है, जो कभी-कभी उनकी मौत का कारण भी बन रहा है।अन्ना की कहानी दिल दहला देने वाली है। ऐसी ही कहानी पार्टटाइम डिलीवरी का काम करने वाले 19 वर्षीय जे पवित्रन की है, जिसने इसी माह डिलीवरी में विलंब होने पर एक ग्राहक द्वारा डांटे जाने पर खुदकुशी कर ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि ₹प्रति सप्ताह 55 या अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% अधिक होता है और प्रति सप्ताह 35-40 घंटे काम करने की तुलना में इस्केमिक हृदय रोग से मरने का खतरा 17% अधिक होता है। एक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार भारतीय एक सप्ताह में औसतन 46.7 घंटे काम करते हैं, जो जापान (36.6 घंटे), दक्षिण कोरिया (38.16) और चीन (46.1) समेत कई अन्य एशियाई देशों से ज्यादा है। भारत का 51 प्रतिशत कार्यबल साप्ताहिक रूप से 49 घंटे से अधिक काम करता है, जिससे भारत विस्तारित कार्य घंटों के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इस रैंकिंग में भूटान अपने 61 प्रतिशत कार्यबल के साथ 49 घंटे की सीमा को पार करने के साथ सबसे आगे है। हालांकि, केवल लंबे समय तक काम करना ही नहीं, बल्कि काम का माहौल, शोषणकारी प्रथाओं और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों की कमी के साथ ही सामाजिक सुरक्षा की कमी भी है, जो सामूहिक रूप से हमारे युवाओं पर भारी पड़ रही है। अन्य देशों की तुलना में भारत में युवाओं की आत्महत्याओं का बड़ा कारण यह भी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के डाटा के अनुसार, आत्महत्या के सभी मामलों में चालीस फीसदी से ज्यादा मामले तो 30 वर्ष से कम की उम्र वाले युवाओं के हैं। हाल में हुईं मौत और खुदकुशी के मामले चेतावनी दे रहे हैं।

### चुनाव और दुर्गा पूजा से पहले राजधानी रांची में अशांति फैलाने का प्रयास

# थड़पखना और चड़री में फेंके मांस से फैली सनसनी

**सिटी एसपी ने कहा जब्त मांस प्रतिबंधित है या नहीं इसकी हो रही मेडिकल जांच**

**सोमवार को ग्यारह बजे जिला प्रशासन की ओर से सीसीटीवी फुटेज जारी किया जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव और दुर्गा पूजा से पहले असमाजिक तत्वों ने राजधानी रांची में अशांति फैलाने का प्रयास किया। अल्बर्ट एक्का चौक से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर थड़पखना और चड़री में कथित तौर पर प्रतिबंधित मांस फेंका पाया गया। जैसे ही इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को मिली घटनास्थल पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। आक्रोशित लोगों ने जम कर नारेबाजी करने लगे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। तुरंत राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में यह खबर आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में रांची के विधायक सीपी सिंह, युवा नेता भैरों सिंह, जयसिंह यादव, सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगों ने सड़क भी जाम कर दिया। जैसे ही मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन को हुई वह भी मौके पर पहुंच गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर बुला लिया गया। वहीं दोनों जगहों पर फेंके मांस को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया। प्रशासन ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की और सोशल मीडिया में कोई भी भ्रामक तथ्य नहीं डालने को कहा। रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि जब्त किया गया मांस प्रतिबंधित मांस है या नहीं, इसकी मेडिकल शेष पृष्ठ 11 पर

# अनुमंडलीय अस्पताल में नियमित नहीं आते हैं चिकित्सक, महिला चिकित्सक का पदस्थापना नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक की कमी व महिला चिकित्सक नहीं रहने से महिला मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रतिनियुक्त चिकित्सक डॉ.अजय कुमार के नियमित नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। बताया जाता हैं कि सरकार के द्वारा इनकी पदस्थापना मंजुराहा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे किया गया था, परंतु आजतक वहां नहीं गये। क्षेत्र के मरीजों का कहना है कि उक्त डॉक्टर का चेहरा तक नहीं देखा है। पहुंच व पैरवी के बदौलत उनको हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापना कर दिया गया है,परंतु नियमित व समय पर वह हुसैनाबाद में भी कभी अस्पताल नहीं आते है। साथ ही महिला चिकित्सक के नहीं रहने से महिलाओं का समुचित इलाज नहीं हो पाता हैं, मरीज अपनी बीमारी को पुरुष चिकित्सक के सामने पूरी बात नहीं कह पाती है। वहीं क्षेत्र वासियों ने यहां प्रतिदिन आने वाले चिकित्सक की पदस्थापना कराने की मांग स्वास्थ्य मंत्री से की हैं। ताकि हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का समुचित इलाज हो सकें।

## विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर शनिवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति सतर्क किया गया और बताया गया कि इसका पूर्ण बचाव संभव है। रेबीज से बचाव के लिए सम्पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य है, जो कि सही समय पर शिक्षित और जागरूक होने से ही संभव हो सकता है।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण ने लोगों को बताया कि रेबीज मुख्य रूप से कुत्ते, बिल्ली, बन्दर आदि जानवरों के काटने या खरोंचने से होता है। उन्होंने कहा कि जानवर के काटने की स्थिति में तुरंत घाव को साबुन और साफ बहते पानी से धोना चाहिए। स्प्रिट, अल्कोहल या घरेलू एंटीसेप्टिक का प्रयोग घाव पर किया जा सकता है, लेकिन घाव पर मिर्च, सरसों का तेल या अन्य कोई पदार्थ लगाने से बचना चाहिए। साथ ही अंधविश्वास से दूर रहकर एंटी-रेबीज क्लिनिक में जाकर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार टीकाकरण का कोर्स पूरा करना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ.अजय कुमार सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, संगीता कुमारी,सहिया साथी और अन्य सहिया कार्यकताओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को रेबीज से बचाव के लिए पालतू जानवरों के समय-समय पर टीकाकरण करवाने का संदेश दिया गया। इस जागरूकता अभियान ने लोगों को रेबीज के प्रति सतर्क और सजग रहने का आह्वान किया, जिससे इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सके।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**छतरपुर।** थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक की अध्यक्षता छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश को देखते हुए डीजे साउंड पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। सभी पंडालों को निर्देश दिया जाता है कि वह अपने-अपने पंडाल में सीसी टीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाएं। उपद्रवियों पर छतरपुर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर अफवाह ना फैलाएं और ना ही किसी तरह के अफवाह पर ध्यान दें। छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद प्रताप उर्फ चुनमुन ने कहा कि छतरपुर का दुर्गा पूजा अपने आप में एक मिसाल पेश करता रहा है। बैठक में अंचल निरीक्षक हरि कुमार, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार रजक, सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार राम, सब इंस्पेक्टर इंद्रजीत कुमार राणा, सब इंस्पेक्टर अशोक टोप्पो, सब इंस्पेक्टर सुशील उरांव, एएसआई देवदत्त रविदास,एएसआई राजीव कुमार, स्थानीय लोगों में पोखराज राम, जितेंद्र कुमार,पंकज कुमार, टिंकू कुमार,फिरदौश आलम, खालिद रजा,मुन्ना चंद्रवंशी,रितेश चंद्रा,छोटू कुमार चंद्रा,अरुण सोनी, काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।

### विधायक प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी भवन व रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज विद्युत सबस्टेशन के समीप रविवार को हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह तथा जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने हरिहरगंज पूर्वी आंगनबाड़ी भवन निर्माण योजना का शिलान्यास किया। उपस्थित लोगों को मोबाइल से संबोधित करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र से ही शुरू होती है। भवन निर्माण होने से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। बाद में विधायक प्रतिनिधि ने अररूआ कला चरकेरिया आरईओ रोड से स्कूल तक पीसीसी रोड निर्माण योजना का भी शिलान्यास किया। मालूम हो कि इस पीसीसी पथ का निर्माण नगर पंचायत द्वारा कराया जाना है। इस अवसर पर संवेदक अभय कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्र, राजेश राम, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा, उदय कुमार सिंह, जितेन्द्र मेहता, गुड्डू सिंह, अर्जुन गुप्ता, धर्मेन्द्र पटेल, मुरारी यादव, रामू यादव, रामप्रसाद भुइयां, अजय कुमार सिंह, रौनक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक में सरकारी गाईड लाइन के तहत पूजा मनाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को लेस्लीगंज थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित हिंदू मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने बैठक में भाग लेकर दुर्गा पूजा शांति से मनाने का निर्णय लिया। मौके पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बैठक में उपस्थित लोगों को सरकार व जिला प्रशासन के स्तर पर जारी गाइडलाइन से अवगत कराया। साथ ही सरकार के निर्देशों का अनुपालन का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि जो मूर्ति विसर्जन में निर्धारित रूट है उस रास्ते को छोड़ देते हैं और मनमानी करते हुए गलत रास्ते में चले जाते हैं। यदि वीडियो ग्राफी के माध्यम से पता चला कि गलत रास्ते से जा रहे हैं, तो दुर्गा पूजा समिति लायसेंसधारी पर कार्रवाई कि जाएगी। किसी तरह का अफवाह नहीं फैलाने व सोशल मीडिया पर भड़काउ बयानबाजी नहीं करने का निर्देश दिया गया। साथ ही डीजे पर अश्लील गीत नहीं बजाने का भी निर्देश दिया। अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा की ऐसा दुर्गा पूजा मनाये जिससे किसी के भावना को ठेस नहीं पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी बजरंगी सोनी,संचालन रमेश कुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर ओम सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी,धावाडीह मुखिया रिंकी देवी,लेस्लीगंज मुखिया रेखा देवी,नौडीहा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता, पूर्वी जिला परिषद विजय राम, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी, बीरेंद्र कुमार वर्मा, कृष्णा पासवान,हेमू खान, भाकपा माले नेता कमेश सिंह चेरो, अंचल निरीक्षक रितेश कुमार पांडेय, सतबरवा उपप्रमुख कामख्या नारायण यादव,सतबरवा जिला परिषद सदास्य सुधा देवी,भोलानाथ साव,समाजसेवी तनवीर आलम, सहित दुर्गा पूजा कमिटी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा समारोह का शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बिहार-झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी तथा प्रखंड क्षेत्र के पूजा समितियों के पदाधिकारी सहित हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। औरंगाबाद एसडीएम संतन कुमार सिंह ने कहा कि हरिहरगंज तथा महाराजगंज के सभी समुदाय के अभिभावक एक कमेटी बनाएं। यह कमेटी पूजा के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए तत्पर रहे। साथ ही किसी तरह की अफवाह से बचें। एसडीपीओ औरंगाबाद संजय पांडेय ने कहा कि सोशल मीडीया पर नजर रखी जाएगी। एसडीपीओ ने नवरात्र पर्व शांति पूर्ण तथा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर एक दूसरे को सहयोग करने की अपील की। लोगों की मांग पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने शहर की सफाई तथा सड़क को दुरुस्त कराने की बात कही। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने पूजा पंडाल में सीसीटीवी, अग्निशामक लगाने का सुझाव दिया। साथ ही पूजा कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को सूचीबद्ध कर थाना को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदस्यों द्वारा शहर की सफाई कराने, एकम से दशमी तक यातायात नियंत्रण करने, रोड किनारे गंदगी फैलाने से रोकने तथा मंदिर तक आने वाले रास्तों पर अतिक्रमण हटाने व पुलिस तैनात करने की मांग किया। इस अवसर पर एसआई सतीश गुप्ता, धनंजय गोप, एसएस पांडेय, विगेश कुमार राय, सुनील कुमार झा,हेमंती बास्के, सुधांशु शेखर झा, अविनाश कुमार, एएसआई मनोज दास, संजय कुमार, कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह, अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज सहित कई लोग शामिल थे।

## आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त, 32 गांवों के लोगों को मिलेगा सप्लाई का पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** प्रखंड स्थित ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना लेस्लीगंज 15 दिन से बंद होने के बाद उसके निवारण के लिए कार्यपालक अभियंता राजेश्वर गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर के निर्देश के आलोक में जिला कार्यालय मेदिनीनगर में बैठक हुई। बैठक के बाद योजना के अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि प्रखंड के पांच पंचायत (पूणाडीह, कोटखास, लेस्लीगंज, कुराईनपतरा व नौडीहा) के 32 गांवो को पेयजलापूर्ति करने वाली योजना से संबंधित कर्मी 11 माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण हड़ताल में थे। संबंधित गांव के लाभुकों से जलकर वसूली कर कर्मियों को मानदेय मिलता हैं। लोग समय पर जलकर नही देते है। जबकि कुछ जगह पर जलसहिया जल कर (टैक्स) वसूल कर समिति को जमा नहीं की है। उक्त दोनों कारण से समस्या जटिल हो गया। कर्मियों को उनका 11 माह से मानदेय नहीं मिल रहा था, जिसके कारण पानी ग्रीड में काम करने वाले ऑपरेटर कर्मी हड़ताल पर चले गए थे। बताते चले कि अध्यक्ष पूनम देवी व संबंधित पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद एक सप्ताह में क्रमबद्ध रूप से कर्मियों को उनके बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। कर्मियों ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय। अध्यक्ष सह मुखिया पूनम देवी द्वारा योजना से जुड़े क्षेत्र के लाभुकों से अपील की किसभी रशीद प्राप्त कर समय जल कर अवश्य जमा करें। जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति उतपन्न नहीं हो। 18 गांव के जलसहिया बैठक में उपस्थित नही थे। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया हैं। बैठक में योजना के सचिव व नौडीहा के मुखिया मंदीप मेहता, पूणाडीह मुखिया गुड्डी देवी, लेस्लीगंज मुखिया प्रतिनिधि व प्रखंड चैंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह, कनीय अभियंता सुमन कुमार उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समितियों को देना होगा रूट चार्ट का विवरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार की शाम दुर्गा पूजा को लेकर थाना प्रभारी अफजल अंसारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की हुई। इसमें क्षेत्र के सभी लाइसेंसी, गैर लाइसेंसी पूजा समिति के सदस्यों से बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने उनके अनुष्ठान व कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर कायम रखने का दायित्व पूजा समिति को भी है। इसके बावजूद किसी भी स्थान से अशांति की जानकारी मिली तो दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को प्रशासन पूरी तरह एलर्ट मोड में है। साथ ही किसी भी मोबाइल पर भड़काऊ पोस्ट करने व आपत्तिजनक गाने बजाने पर पुलिस समुचित कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस प्रशासन की वैसे लोगों पर पैनी नजर रखेगी और चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि सभी समितियों को उनके अनुष्ठान और समस्त कार्यक्रम की जानकारी हर हाल में अगले दिन देना होगा। जिससे जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके। उन्होंने नदी, सरोवरों को छोड़ उत्तर कोयल नहर में विसर्जित होने वाली प्रतिमाओं के समिति सदस्यों को सजग रहने को कहा गया। जिससे इसमें पानी का हो रहे तेज बहाव से कोई अनहोनी नहीं हो। उन्होंने कहा कि पूजा समापन तक पूजा समिति व पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के सहयोग से ही वैध अवैध शराब का उत्पादन, बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। नवपदस्थापित सीओ संतोष कुमार ने कहा कि उनकी संज्ञान ने यह क्षेत्र काफी सौहार्दपूर्ण व आपसी भाईचारा दोनों समुदाय के बीच कायम रखने का आया है। उन्होंने इस मिसाल को इस पर्व में बेहतर परिणाम सामने की लालसा सभी लोगों के बीच रखी है। उन्होंने पूजा का गाइड लाइन का अनुपालन और प्रशासन को सहयोग करने के प्रति सभी समिति की सहमति से पूजा पंडाल पर डीजे साउंड के प्रसारण पर पाबंदी रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, अबू नसर सिद्दीकी, सज्जू खान, उपप्रमुख पप्पू पासवान, उपमुखिया पवन कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, अनूप कुमार सिंह, अरविंद सिंह, नवाजीश खान, सैयद शाहनवाज हुसैन, पूर्व मुखिया शंकर राम, कमलेश मेहता सहित कई पूजा समिति के सदस्य व प्रबुद्ध लोगों के भाग लेकर शांतिपूर्ण पूजा समापन के लिए अपने विचार को रखा।

## शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** रविवार को उंटारी रोड थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने हिस्सा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय। व पूजा समिति के द्वारा जबरन चंदा वसूली नहीं होना चाहिए, किसी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं होना चाहिए, शराब बेचने वाले व पीने वाले पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, अगर आचार संहिता लागू हो जाएगा तो पूजा पंडाल में किसी पॉलिटिकल पार्टी का बैनर पोस्टर नहीं लगना चाहिए, पूजा पंडाल में अश्लील गाना नही बजना चाहिए। किसी के साथ अभद्र व्यवहार व छेड़खानी नहीं होना चाहिए। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने पूजा समितियों से कहा कि प्रतिमा विर्सजन से पहले थाना को सूचना देना होगा। विर्सजन सात बजे शाम तक हो जाना चाहिए। मौके पर जिला पार्षद अरविंद कुमार सिंह, कर्मचारी खिरोधर रविदास, एसआई संजय सिंह, समाज सेवी कृष्णा पाल, सत्यनारायण तिवारी, डॉ. योगी सिंह, विनोद चौधरी, पूर्व उप प्रमुख रामसेवक पासवान, मुरमा खूर्द मुखिया रामबचन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# चैनपुर में सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक ने रखी विकास की नींव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड में गुरहा मोड़ से गुरहा स्कूल तक सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने किया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाएगी और क्षेत्र के विकास में अहम योगदान देगी। उन्होंने कहा, डालटनगंज विधानसभा के हर गांव को मजबूत और आधुनिक बुनियादी ढांचे से जोड़ना मेरा संकल्प है। यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

### गुरहा मोड़ से गुरहा स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

### ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन में राहत

विधायक ने इस योजना को बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत दिलाने वाला बताया। इसके अलावा, ग्रामीणों को बाजार, स्कूल और अस्पताल जैसी सेवाओं तक आसानी से पहुंचने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और भविष्य में और भी विकास योजनाएँ लाई जाएंगी। कार्यक्रम में ज़िलाध्यक्ष अमित तिवारी, भीष्म चौरसिया, शशीभूषण पांडेय, भोला पांडेय, मनोज चौधरी, रामकरेश और गुलाब भुइंया सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भगवान बिरसा मुंडा नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**सगालीम।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में भगवान बिरसा मुंडा नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ पर खेल प्रेमियों ने कुशवाहा विनोद सिन्हा का स्वागत किया। यह आयोजन तेतराई के पांकी क्षेत्र में स्थित डॉ. अंबेडकर उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुशवाहा विनोद सिन्हा को माला पहना कर सम्मानित किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और ताशा पार्टी के बीच उन्हें मंच तक पहुंचाया। मौके पर कुशवाहा विनोद सिन्हा ने खेल और युवा सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल खेल कौशल को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करने और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी बनता है। युवाओं से आह्वान किया कि वह अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहें, समाज में योगदान दें। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पकरिया और सकलदीप के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मंच संचालक मो. इंत्याज अंसारी ने किया। मौके पर कमेटी अध्यक्ष तूफान सिंह, निर्देशक राशीद अहमद, केडी कुमार खटर, उपाध्यक्ष सद्दाम बादशाह, सचिव गुदन आजाद, उपसचिव स्वास्थ्य सिंह,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, आनंद सिंह के साथ खेल प्रेमी व दर्शक उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस ने की समिति से चर्चा

**पांडू।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी रणबीर कुमार और पुलिस अंचल निरीक्षक रामआशीष पासवान उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने की। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरकारी गाइडलाइनों का पालन अनिवार्य होगा। पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने लाइसेंस का नवीनीकरण कराएं। इसके साथ ही बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा। बैठक में पांडू जिला परिषद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह, मुखिया राम कुमार यादव, शशिभूषण पाल, इसरार अहमद, जवाहिर पासवान, प्रवेश साव, सुनील पांडेय, देवेंद्र पांडेय, हंस राज कश्यप, राजन, पवन सोनी, बिनय मेहता, सोनू सोनी, पुष्पराज कश्यप समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने दो होटलों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया जब्त




**हरिहरगंज।** अगामी विधान सभा चुनाव तथा दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को हरिहरगंज पुलिस ने बाजार क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान मेन रोड एनएच 139 किनारे नए पोस्ट ऑफिस के समीप गृहणी और जेके होटल से विभिन्न ब्रांड के करीब 286 बोतल अवैध अंग्रेजी, देशी शराब और बीयर जब्त किया। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर चुनाव और पर्व को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान गृहिणी और जेके होटल से गार्ड फादर, हंटर, किंगफिशर कंपनी का बीयर और टनाका के देशी शराब, इंपिरियर ब्लू, आरएस तथा बी सेवन आदि कंपनी सहित करीब 286 बोतल अवैध शराब और बीयर बरामद किया गया है। अभियान में पुनि सह थाना के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक सतीश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, धनंजय कुमार गोप, अविनाश कुमार, रंजित कुमार सिंह, पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार दास तथा पुलिस बल शामिल थे।

### अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत शिविर आज

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर 30 सितम्बर को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तीनों प्रखंड हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, हैदर नगर प्रखंड अन्तर्गत शिविर लगाया जायेगा। कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंती योजना के तहत दिन सोमवार को 10:30 बजे दिन से लगने वाले शिविर में विद्युत विपन्न माफी का प्रमाण-पत्र वितरण विद्युत उपभोक्ताओं के बीच किया जायेगा। साथ ही ऐसे उपभोक्ता जिनका मीटर अभी तक नहीं लगा है, उनको अविलंब विद्युत कार्यालय जपला से संपर्क कर अपना मीटर लगवा लें, ताकि 200 यूनिट से कम खपत वाले घरेलू बिजली बिल माफ हो सकें। कनीय विद्युत अभियंता जपला ने बताया कि यह शिविर 33/11 केवी पावर सबस्टेशन,ब्लॉक परिसर हुसैनाबाद, 33/11 केवी पावर सबस्टेशन, हैदरनगर (चौकड़ी) व मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में (बिट्टू सिंह के मकान में) लगाया जाएगा।

### बिलासपुर में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात

**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्र स्थित बूथ संख्या 72, 73 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 114 वां संस्करण सुनने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बूथ समिति सदस्य व ग्रामीणों ने संयुक्त रुप में सुनने के बाद भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बूथ कमेटी का सत्यापन कर कई नये लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी कार्य किया गया। लोगों ने प्रधानमंत्री के पर्यावरण, स्वच्छता, भारत मेड इन इंडिया, भोकल फॉर लोकल के संकल्प को गंभीरता से सुनकर गरीब, किसान, युवा महिला तक उनके संदेश को पहुंचाने के लिए भरपूर प्रयास करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला मंत्री सह मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी सोमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह, बूथ अध्यक्ष विकास कुमार सिंह व आशुतोष कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने भाग लिया।

### पंचायत प्रेरक संघ का किया पुनर्गठन

**हैदरनगर।** स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंदिर हैदरनगर के प्रागंण में रविवार को साक्षर प्रेरक व सहायक पंचायत प्रेरक संघ के सदस्यों की बैठक में संघ का पुनर्गठन किय गया। पर्यवेक्षक सह पलामू जिला साक्षरता मिशन के अध्यक्ष दीपक कुमार की उपस्थिति में रामजय शर्मा अध्यक्ष, पूनम कुमारी सचिव व कृष्णा कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके बाद प्रेरकों की वर्षों से जारी कई समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें पंचायत प्रेरकों को अनुभव के आधार पर विभिन्न विभागों में समायोजन करने, बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान करने की मांग उठाई गई है। जिला अध्यक्ष दीपक कुमार ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य मंत्री से एक शिष्टमंडल मिलकर रखने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि सकरात्मक वार्ता नहीं होने पर प्रेरकों को जत्था बेमियादी आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। बैठक में उनके अलावा बबीता देवी, रमेश पांडेय, संजय पाल, नवनीत पाठक, कविता देवी, संजय कुमार मेहता सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

## हमीदगंज बूथ पर लोगों ने सुनी पीएम की मन की बात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 114वां संस्करण डालटनगंज विधानसभा के वार्ड नंबर 1, मेदिनीनगर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हमीदगंज स्थित बूथ संख्या 152, 153, और 154 पर बूथ समिति सदस्यों और मुहल्लेवासियों द्वारा संयुक्त रूप से सुना गया। इस अवसर पर, प्रदेश निर्देशानुसार बूथ कमेटी का सत्यापन किया गया और नए लोगों को जोड़ने का कार्य भी किया गया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के पर्यावरण, स्वच्छ भारत, मेड इन इंडिया, और लोकल फॉर वोकल के संकल्प को गंभीरता पूर्वक सुना और गरीब, किसान, युवा, और महिलाओं तक पहुंचाने के लिए भरपूर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय, शिवकुमार मिश्रा (किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष), विजय कुशवाहा (शक्ति केंद्र संयोजक), नंदलाल गुप्ता (सहसंयोजक), और अन्य कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं समर्थकों ने भाग लिया।

# अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान, माफियाओं में मचा हड़कंप



### गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई, अवैध शराब जब्त

सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी में कई दुकानों और होटलों से अवैध शराब जब्त की गई। इस अभियान में सदर सीओ अमरदीप मल्होत्रा और सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार भी अपनी टीम के साथ शामिल रहे। अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। आगे भी अवैध शराब के बिक्री तथा उसका व्यापार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीएम सुलोचना मीणा के नेतृत्व में रविवार की रात अवैध शराब के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा और सुआ कौड़ियां में स्थित दुकानों और होटलों पर केंद्रित था। छापेमारी की सूचना से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

## एक नजर

### पलामू को उप राजधानी का दर्जा देने की मांग

**मेदिनीनगर।** पूर्व प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अरविंद कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर के क्राऊन प्लाजा होटल में प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पलामू जिले को उप राजधानी का दर्जा दिया जाए। 2019 में हेमन्त सोरेन ने कहा था कि पलामू की उप राजधानी का दर्जा दिया जाएगा। लेकिन पांच वर्ष बीतने के बाद भी सरकार ने इस पर कोई विचार नही किया। अतः पलामू जिला को उप राजधानी का दर्जा जल्द से जल्द दिया जाए।

## पलामू में अस्पताल संचालक के घर 11.50 लाख की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के काली मन्दिर रोड आबादगंज में अस्पताल संचालक मनीष तिवारी के घर 11.50 लाख की चोरी हो गई। इसमें 1.5 लाख नकदी भी शामिल है। घटना के समय घर पर नहीं कोई नहीं था। परिवार के सारे सदस्य रांची गए हुए थे। इस संबंध में रविवार दोपहर दो बजे शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मनीष तिवारी के अनुसार 23 सितंबर को परिवार के सारे सदस्य रांची गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। 28 सितंबर को जब घर पर लौटे तो देखा कि दो तल्ले मकान में चोरी हो गई है। ऊपरी तल्ले की खिड़की में लगी ग्रिल तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। ऊपर और नीचे के तल्ले के कमरे के ताले तोड़कर आलमारी से नगद डेढ़ लाख रुपए और 10 लाख के सोने और चांदी के आभूषण की चोरी कर ली। चोरी गए सामानों में नेकलेस, सोने का चैन, टीका नथिया, कानबाली, अंगूठी, डिनर सेट, कमरधनी, चांदी की ईट आदि शामिल है। पुलिस वारदात की तहकीकात कर रही है। शहर थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि जिस प्रकार से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इससे लग रहा है कि फिर से पारदी समुदाय गैंग के सदस्य इसमें शामिल है। पुलिस चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।

## महिलाओं का हक वापस लाएगी भाजपा सरकारः अरुणा शंकर



### महिलाओं के सम्मान की बात, 33 प्रतिशत आरक्षण की सराहना

महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए प्रतिशत आरक्षण को सराहा और कहा, जैसे केंद्र में महिलाओं को सम्मान मिला है, वैसे ही झारखंड में भी भाजपा महिलाओं का राज लाएगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं को 1000 महीना देकर दिग्भ्रमित कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार आने पर महिलाओं का सच्चा हक उन्हें वापस मिलेगा। इस दौरे के दौरान महापौर ने कैलाश सिंह चेरों और नरेश भुइहर के परिवारों से मिलकर उनके दुःख में शामिल हुईं और आर्थिक मदद भी की।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रामगढ़ के काचन गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीण महिलाओं ने बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा बताई और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केवल पैसे वाले लोग ही अपने काम ब्लॉक कार्यालय में करा पाते हैं, जबकि गरीबों की कोई सुनवाई नहीं होती। महिलाओं की समस्याएं सुनते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा, आप चिंता न करें, जल्द ही सरकार बदलेगी और भाजपा की डबल इंजन सरकार आपके दुःख दूर करेगी। मैं आपकी आवाज बनकर आपकी समस्याओं का समाधान करवाऊंगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार महिलाओं का विरोध कर रही है और रघुवर सरकार द्वारा महिलाओं को मिले अधिकारों को छीन लिया है। हम महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं। हमें हमारा हक चाहिए।

### राजद का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन

## 17 सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ेगी राजदः सिद्दकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल ने स्थानीय टाउन हॉल में पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल बारी सिद्दकी ने कार्यकर्ताओं को गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सभी सीटों पर विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को अपना पूर्ण समर्थन देने की हिदायत दी। राजद झारखंड में 17 सीटों पर चुनाव लड़गी। कहा कि आपकी लड़ाई बीजेपी और आरएसएस जैसे संगठन से है, जिनके पास धन बल, बाहुबल पर्याप्त मात्रा में है। झारखंड के अगल-बगल में भी आपकी सरकार नहीं है। संगठन में उन्हीं लोगों को टिकट मिलेगी, जिनके पास बड़ी संख्या में वोटर होंगे। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया गया फैसला ही आखरी होगा। जिन्हें राजद पसंद नहीं वह अभी ही पार्टी छोड़कर चले जाएं। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा और आरएसएस से लड़ने का साहस केवल राजद के पास ही है, लेकिन इस बार हम सभी अपना घर तोड़कर किसी दूसरे का दुकान नहीं बताएंगे। गठबंधन करना आवश्यक है, लेकिन यह जुमलेबाजी नहीं चलेगी कि राजद को सीमित सीटें चाहिए। जो भी सीट हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष देंगे उन पर मजबूती के साथ लड़ा जाएगा और हम सभी मिलकर बीजेपी और आरएसएस को हराएंगे। हमने इस बार गठबंधन धर्म का पालन करते हुए पांच बार जीता हुआ लोकसभा का सीट छोड़ दिया, परंतु जहां हमारा समीकरण हमारे पक्ष में है उसे हिसाब से हमें सीट भी मिलनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल तेजस्वी यादव और लालू यादव का झंडा पलामू में हमेशा बुलंद रहा है। हम इंडिया गठबंधन की ताकत है और इसकी ताकत बिहार झारखंड में हमेशा दिखाते रहेंगे, लेकिन हमारी मांगे भी पूरी होनी चाहिए। सम्मानजनक समझौता होना चाहिए। उसके आधार पर ही राजद के प्रभाव क्षेत्र में जो हैं वह मिलनी चाहिए। राजद का प्रभाव झारखंड की 35 विधानसभा सीटों में है, जिनमें से कम से कम आधी सीटों पर राजद का हिस्सा होना चाहिए। कमर कस कर अभी से तैयारी में लग जाए। इसके अलावा पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, सुरेंद्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व एमएलसी भोला यादव, गौतम सागर राणा, राजद के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद पांडेय, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनिता यादव, पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सुरेश पासवान, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह यादव, राहिल राज, चंचला चंद्रवंशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आशी केयर हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर आज

## हड्डी, नस रोग के विशेषज्ञ देंगे सेवाएं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में सोमवार को निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. थान अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जनसेवा की भावना के तहत अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है।

### स्वास्थ्य लाभ के साथ जागरूकता का संदेश

शिविर में डॉक्टर न सिर्फ निःशुल्क परामर्श देंगे, बल्कि घुटने के दर्द और नसों से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उचित व्यायाम और उपाय भी बताएंगे। निदेशक ने कहा कि कम उम्र में घुटने और नसों के दर्द की समस्या बढ़ रही है, और सही समय पर इलाज से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उप निदेशक अमितेश पांडेय ने कहा, हमारे अस्पताल में इस तरह के शिविर नियमित रूप से होते रहते हैं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोग भी लाभ उठा सकें। अस्पताल प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नदियांईन में निःशुल्क 2000 सहजन का पौधा किसानों के बीच वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दंगवार पंचायत के नदियांईन कार्यालय परिसर में जन कल्याण विकास सेवा समिति द्वारा 2000 सहजन का पौधा निःशुल्क किसानों के बीच वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि करोना काल में भी दस लाख तुलसी का पौधा घर घर तुलसी हर घर तुलसी अभियान चलाकर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था। समिति के सचिव प्रियरंजन सिंह ने बताया कि सहजन का पौधा 7 महीना के अंदर फल फूल देना शुरू हो जाएगा। सहजन का वारहमासी वेरायटी है, जो साल में तीन बार फलेगा। इसका पते से टेबलेट का निर्माण किया जाएगा। जो शुगर एवं वीपी के रोग में रामवाण की तरह कार्य करता है। उन्होंने बताया कि इसका ऊंचाई मात्र 6 से 7 फीट तक होता है। सहजन का पौधा फल जड़, फूल से लेकर छाल तक सभी का प्रयोग होता है। इस पौधा में एंटीफंगल, एंटी वायरस एंटी डिप्रेसर और एंटी इंफ्लेमेटी अनेक गुण पाए जाते हैं। सहजन कई तरह मिनरल से भरपूर होता है। सहजन को आयुर्वेद में अमृत तुल्य माना गया है।

### शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा

## आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएंः एसडीएम



### अफवाहों पर ध्यान न देंः थाना प्रभारी

थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि पुलिस सुरक्षा को लेकर गंभीर है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सदर सीओ, सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, एएसआई आनंद सिंह, एसआई दुर्गविजय, शिक्षक रविंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर सदर थाना परिसर में थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर प्रखंड के मुखिया, वार्ड पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, सदर सीओ और दोनों समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और गांवों में पर्व त्योहार के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने प्रमुख समस्याओं जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बल बढ़ाने, बिजली की बेहतर व्यवस्था करने, सड़कों के गड्ढों को भरने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की मांग रखी। इसके अलावा, अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई। नवपदस्थापित सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने बैठक में कहा कि पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा, मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना और दोनों समुदायों से अहिंसा और प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

**सराहनीय पहल**

### कानून के हित में पारा लीगल वॉलंटियर्स बनेंगे सहायक

# जागरूकता से बदलेंगे समाज, मिलेगा न्याय




### प्रशिक्षण के बाद पीएलवी समाज को देंगे कानूनी सहायता

डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, और अन्य विशेषज्ञों द्वारा इन पीएलभी को विधिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन के मौके पर अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी अब जनता के हित में काम करने के लिए प्रशिक्षित हो चुके हैं। अब आपको अपने क्षेत्रों में जाकर कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करनी होगी, जिससे समाज के सभी वर्गों को न्याय मिल सके। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहा कि पीएलवी के नियुक्त होने से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को न्याय पाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इनकी जागरूकता से अंधविश्वास, डायन कुप्रथा, बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोक लगेगी। कार्यक्रम के दौरान उप निदेशक अमितेश पांडेय ने बताया कि संविधान का पालन करने और कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं, डालसा के असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह ने पीएलवी की कार्यप्रणाली पर जानकारी देते हुए कहा कि इन्हें पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में मदद करनी चाहिए और गांव-गांव में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में पीएलवी ने कई सवाल पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा रांची के निर्देश पर, पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पलामू जिले में 155 पारा लीगल वोलेंटियर्स (पीएलवी) का चयन किया गया है। ये पीएलवी जिले के विभिन्न प्रखंडों से चुने गए हैं, जिन्हें 25 सितंबर से 29 सितंबर तक सिविल कोर्ट, पलामू के परिसर में प्रशिक्षण दिया गया।

### सड़क पर दुर्घटना को आमंत्रित करते आवारा पशु

**मेदिनीनगर।** सड़क पर आवारा पशुओं की समस्या सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक गंभीर समस्या है, इससे सड़क सुरक्षा के साथ-साथ यातायात सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। इस क्रम में शहर थाना अंतर्गत बैरिया-पाटन मार्ग पर आवारा पशु का जमावड़ा शाम होते ही लग जाता है। जिससे मार्ग पर हर दिन हजारों वाहन आते-जाते है। आने-जाने वाले वाहन और यात्री को शाम के समय काफी दिकत का सामना करना पड़ता है। पशुओं को मार्ग पर यत्र-तत्र बैठे रहने से शाम से लेकर सुबह दुर्घटना का भय बना रहता है। सभी पशु सुबह होते ही सड़क से अनयंत्र विचरण करने निकल जाते हैं। जिला प्रशासन इससे पूरी तरह से बेखबर है।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मंत्री की प्रतिज्ञा यात्रा का समापन कल



**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि प्रतिज्ञा यात्रा के दौरान क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा कि लोग अंधेरे में रह रहे हैं। सैकड़ो स्थान पर ट्रांसफार्मर का अभाव है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। प्रखंड में लोगों को मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। भाजपा के लोग और उनके विधायक से बात करने पर जाति धर्म के आधार पर भेदभाव करते हैं। उनका काम नहीं किया जाता। वह रविवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 सालों में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। वह जनहित के इन्हीं मुद्दों को लेकर लगातार 20 दिनों से प्रतिज्ञा यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के दौरान पांच मुख्य वादों पर फोकस किया है। प्रतिज्ञा यात्रा का समापन शिवाजी मैदान में मंगलवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग यह प्रश्न पूछते हैं कि मेरे द्वारा किए गए मुख्य वादों को अमल में कैसे लाया जाएगा। मैं यह बता दूं कि इसके लिए सरकार का बजट डेढ़ से दोगुना अधिक बढ़ाया जा सकता है। 10 वर्षों में बजट का बहुत कम हिस्सा पलामू को मिल पाया है। कुछ जिलों में पैसे ज्यादा आवंटित होते हैं। पलामू जैसे जिलों को कम हिस्सा मिलना दुर्भाग्य है। भाजपा के जनप्रतिनिधि सरकार के समक्ष जनता की बातों को मजबूती से नहीं रख पाते। उनके कार्यकाल में दो नए प्रखंड रामगढ़ और बड़गड़ बनाया गया था, लेकिन वहां का विकास दो कदम भी आगे नहीं बढ़ा। प्रतिज्ञा यात्रा के दौरान में चैनपुर के 151 गांव दौरा किया गया।

### लक्ष्मी तिवारी ने जनसंपर्क यात्रा के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



**मेदिनीनगर।** कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने रविवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। जनसंपर्क यात्रा के दूसरे चरण के 17वां दिन क्षेत्र के लोगों से उनकी समस्याएं पूछने और उनके निदान के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा देने में गुजरा। यात्रा की शुरूआत सदर प्रखंड के ग्राम रजवाडीह, बड़कागांव, यमुने, पोखराहा, एवं बहलोलवा से हुई। इस जनसंपर्क यात्रा में लक्ष्मी नारायण तिवारी के साथ मुकेश प्रजापति, संतोष दुबे, राजा गुप्ता, बिनोद त्रिपाठी, अवधेश पासवान, प्रमोद साव, हजारी प्रसाद गुप्ता, परमानंद जी, इन्दु राम, अरविन्द मेहता, अनील राम, प्रयाग चन्द्र बंशी, सुजीत सिंह, श्रवण चौहान एवं धनंजय मेहता शामिल रहे। पूरे यात्रा के दौरान जिनसे भी संपर्क हुआ, सभी लोग बदलाव के लिए उत्साहित दिखाई दिए।

### युवा कवि मनीष साहित्यिक सम्मेलन में सम्मानित

**मेदिनीनगर।** मां निर्दोष सेवा केन्द्र, टिकारी, गया के तत्वावधान में स्थानीय एसएन सिन्हा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच के द्वारा युवा कवि मनीष मिश्र नन्दन को अंग वस्त्र, रामधारी सिंह दिनकर की तस्वीर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कवि मनीष मिश्र नन्दन ने भी अपने हाथों काव्य प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में सफल छात्रझछात्राओं को सम्मानित किया। मनीष मिश्र नन्दन को सम्मान मिलने की खुशी में पलामू के साहित्यकार सहित रेलवे कर्मचारी भी गौरवान्वित महसूस कर बधाई वआशीर्वाद दिए हैं। बधाई देने वालों में एम. जे. अजहर, संतोष सागर, परशुराम तिवारी, अनुज कुमार पाठक, प्रवीण चंद्र मिश्र, प्रभात सुमन मिश्र, डॉ विजय प्रकाश, सिकंदर राम, जय प्रकाश, कवि अंजनी दुबे, आनंद गुप्ता, नीतीश कुमार, सुमित मिश्रा, अमीन रहबर, फूल बाबू, आदित्य कुमार, शंकर पासवान, घनश्याम कुमार, मोहम्मद इस्तेखार, विद्या भूषण भारद्वाज सहित अन्य कई नाम शामिल हैं।

### गढ़वा जिला कमेटी ने गठबंधन का किया विरोध, झामुमो के विरोध में की नारेबाजी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल गढ़वा जिला कमेटी ने प्रमंडलीय सम्मेलन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गढ़वा में गठबंधन नहीं करने की बात कह रहे थे। सम्मेलन के बाद सभी वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी बाहर निकल रहे थे। तभी अचानक गढ़वा जिला कमेटी के लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ गठबंधन का विरोध करते हुए नारेबाजी करना प्रारंभ कर दिया। गढ़वा जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि गठबंधन के नाम झामुमो राजद के साथ छलावा कर रही है। प्रायः राजद कार्यकर्ताओं ने जेएमएम का दामन थामने की खबरें आती है। इसलिए इस बार राजद की जिला गढ़वा कमेटी गठबंधन के पक्ष में नहीं है। अगर इस बार गढ़वा में गठबंधन किया गया तो पूरी कमेटी केंद्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव के समक्ष जाकर अपना इस्तीफा सौंपेगी।

### डालटनगंज विस के विकास के रूचिर तिवारी को चुने : कृष्ण मुरारी दुबे

**मेदिनीनगर।** आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा के बदलाव यात्रा के आठवें दिन पूर्वडीहा, चेड़ाबार ,कोलहुआ,तलैया -बभंडी में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र यहां के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के कारण विकसित नहीं हुआ। अभी तक एक भी उद्योग धंधा यहां नहीं लगा। वहीं आज भी खेती के लिए लोग भगवान भरोसे ही आश्रित है। जनप्रतिनिधियों ने अपनी संपत्ति को 10 गुना बढ़ाया लेकिन आम जनता का विकास कैसे हो इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सत्येंद्र नाथ दुबे ,अर्जुन दुबे, विमलेश दुबे, सुभाष दुबे ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर कृष्ण मुरारी दुबे ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक के उम्मीदवार रुचिर तिवारी के पक्ष मे आम जनता गोलबंद होकर काम करें तभी डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी का विकास का कार्य हो पाएगा। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता ईमानदार होते हैं उनको अपना संपत्ति बढ़ाने की चिंता नहीं रहती है रुचिर कुमार तिवारी भी आम जनता की उम्मीद पर खरा उतरेंगें। मौके पर अरविंद दुबे, प्रेमचंद तिवारी, अलख दुबे, कांता प्रसाद दुबे, सुभाष दुबे, रविंद्र पासवान, सुदेश्वर दुबे, सहित लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### ओबीसी एकता अधिकार मंच का महासम्मेलन 30 सितंबर को

**गढ़वा।** रविवार को ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि गढ़वा टाउन हॉल में ओबीसी एकता अधिकार मंच का विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन 30 सितंबर को होगा। जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी पिछड़ा वर्ग के लोग इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। केंद्रीय सचिव रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि कल गढ़वा टाउन हॉल से उठी पिछड़ों की गूंज दिल्ली तक सुनाई देगी। महासम्मेलन से राजनीतिक भूचाल आने वाला है अब पिछड़ों की अनदेखी करना राजनीतिक दलों के लिए घातक साबित होगा। डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि अब पिछड़ा समाज जग चुका है इस समाज की अनदेखी करने वालों की इट से ईट बजा देंगे। चंपा देवी ने कहा कि कल के महासम्मेलन से इस गूंगी बहरी सरकार की नींद खुलेगी।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के रंका मोड़ के समीप अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को गढ़वा पुलिस ने जप्त किया है। जानकारी के अनुसार उक्त चारों ट्रैक्टर से कोयल नदी से अवैध बालू का उठाव किया जा रहा था। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने अवैध बालू उठाव के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। उसे दौरान रंका मोड़ के समीप अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को जप्त किया। उस दौरान वाहन चालकों को भी हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि अवैध बालू लाद कर ट्रैक्टर से जा रहा था। उसी बीच पुलिस के द्वारा जप्त करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए खनन विभाग को लिखा गया है।

**विधायक ने किया 12 करोड़ की लागत से तीन सड़क व उपस्वास्थ्य केंद्र की रखी आधारशिला**

# भाजपा की सरकार बनने पर सेल की दोनों खदानों को चालू किया जायेगा: भानू

**पहले भी इस सड़क का निर्माण कराया था और अब इसे पुनः निर्माण का वचन पूरा कर रहे हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि यदि दो माह बाद राज्य में भाजपा सरकार बनती है, तो भवनाथपुर में बंद पड़ी सेल की दोनों खदानों को पुनः चालू करने और अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का कार्य आरंभ किया जायेगा। वह रविवार को प्रखंड के तीन पंचायतों में लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र और तीन सड़क निर्माण परियोजनाओं की आधारशीला रखते हुए यह बात कही। विधायक भानू प्रताप शाही ने अरसली उत्तरी पंचायत में नारियल फोड़कर और भूमि पूजन कर इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया।



यहां से अमीरगंज, लामी टोला होते हुए केवरवा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य, कैलान से मंगरदह टोला तक, और दुर्गा मंदिर से दुबे टोला होते हुए खोह टोला तक की सड़कें शामिल हैं। साथ ही एक उपस्वास्थ्य केंद्र का भी शिलान्यास किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस सड़क का निर्माण कराया था और अब इसे पुनः निर्माण का वचन पूरा कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को हमेशा प्राथमिकता दी है और बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास किया है। शाही ने कोलकाता-अमृतसर कॉरिडोर की परियोजना को रुकवाने के लिए राज्य सरकार और गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की सरकार बनती है, तो दो वर्ष के भीतर तुलसीदामर डोलोमाइट खदान और घाघरा चुना पत्थर खदान पुनः खोली जाएंगी और भवनाथपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होने वाले कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि बबलू पटवा, अनिल चौबे, लक्ष्मण राम, मूंगा साह, ललु ठाकुर, विमलेश यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बारिश से खपरैल मकान क्षतिग्रस्त, पीड़िता ने लगाई गुहार



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** तीन दिनों से हो रहे लगातार झमाझम बारिश से थाना क्षेत्र के बिलैती खैर गांव निवासी बिंदु कुंवर पति स्वर्गीय जितेंद्र पाल का खपरैल घर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया है । जिससे पीड़िता व उनके तीन बच्चे इस घटना में बाल बाल बचे। सभी ने समय रहते घर से बाहर निकाल अपने परिवार के घर शरण लिए। घटना के संबंध में पीड़िता बिंदु कुंवर ने बताया कि तीन दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश से उसका घर क्षतिग्रस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि घर ध्वस्त हो जाने से अब हम लोग बेघर हो गए। अब इन बरसात के दिनों में बाल बच्चों को रहने के लिए कहीं दूसरा जगह भी नहीं है कि उन्हें लेकर कहीं रह सके। पीड़िता ने प्रशासन से मुवावजे की मांग की है। पूछे जाने पर अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़िता फोटो के साथ आवेदन अंचल कार्यालय में जमा करें, सरकारी प्रावधान के तहत निश्चित रूप से मुआवजा की राशि दी जाएगी।

## जियो टैग के महीनों बाद भी लाभुक को नहीं मिली राशि

नवीन मेल संवाददाता

**डंडाई ।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले महीनों से अबुआ आवास निर्माण कार्य को लेकर जिओ टैग का कार्य हो रहा है, लेकिन अभी तक प्रखंड के एक भी लाभुकों को उसका राशि नसीब नहीं हो पाया है। जिओ टैग कराए लाभुक राशि को लेकर प्रत्येक दिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन न तो बीडीओ से उनकी मुलाकात हो पा रही है, न ही आवास प्रखंड समन्वयक अभिषेक कुमार से। मजबूरन उन्हें प्रत्येक दिन अपना घर लौटना पड़ जा रहा है। तत्पश्चात वे सभी अपने अपने जनप्रतिनिधियों के पास भी पहुंच समस्या को रख रहे हैं। बावजूद उनके द्वारा भी उनकी समस्या को सीधे तौर पर पदाधिकारियों के ऊपर फेंक दिया जा रहा है। लाभुक यश कुमार, राजेश साहू, संतोष कुमार,कयुम अंसारी आदि ने बताया कि अबुआ आवास योजना को लेकर हम सभी का जियो टैग हुए महीनों से भी अधिक का समय बीत गया, लेकिन अभी तक उसकी राशि के बारे में हम लोगों को कुछ भी पता नहीं चल पाया है। जबकि जिले के अन्य प्रखंडों में उक्त योजना मद की राशि लाभुकों के खाते में बहुत पहले ही हस्तांतरित हो गया है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों की निष्क्रियता के कारण हम लोग राशि पाने से वंचित हो जा रहे हैं। वर्तमान समय में उपयोग होने वाला छड़, सीमेंट, छरी इत्यादि सामग्रियों के रेट में काफी गिरावट आ गई है। इस संबंध में बीडीओ से कई बार मोबाइल से संपर्क किया गया, लेकिन उनके द्वारा एक बार भी कॉल रिसीव नहीं किया गया।



### पावर प्लांट, सीमेंट फैक्ट्री के नाम पर ठगा गया: शिव पारस

**केतार।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के शिवपारस बियार ने रविवार को मुकुन्दपुर और केतार गांव का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर शिवपारस बियार मुकुन्दपुर में सभा सम्बोधित करते हुए कहा की वर्तमान और पुर्व विधायक ने भवनाथपुर की जनता को पिछले 20 वर्षों से ठगने का काम किया है। इस क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में बाहरी राज्यों में पलायन करते हैं।

## विश्व हृदय दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** एसडी मेमोरियल एकेडमी स्कूल में रविवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वर्क, हृदय का महत्व पर भाषण में,वर्ग 6 एवं 7 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मानव शरीर में हार्ट का महत्व,हार्ट कैसे काम करता है, हार्ट को कैसे सुरक्षित रखा जाए तथा हार्ट अटैक क्यों होता है। इस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के समक्ष अपनी जानकारियों को साझा किया। अंतर्राष्ट्रीय हृदय दिवस को देखते हुए एक दिन पूर्व शनिवार को प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के प्राचार्य तथा विज्ञान शिक्षक अरुण कुमार द्वारा सामूहिक रूप से विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय हृदय दिवस मनाए जाने की जानकारी भी दी गई थी। जानकारी मिलने के बाद उक्त विषय पर प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि शरीर के महत्वपूर्ण अंग के विषय में पुस्तक में तो पढ़ना है लेकिन प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में विशेष जानकारी उपलब्ध कराई गई ताकि व्यवहारिक जीवन में वे स्वयं भी जागरूक रहे तथा परिवार के सदस्यों का ख्याल रख सके। प्रोजेक्ट बनाओ तथा भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में वर्ग 6 के दीपिका कुमारी, काजल कुमारी, सचिन कुमार ,सूर्यकांत गुप्ता, गुलाम गौस, नूरी मुस्सरत, वर्ग सात के शिवम कुमार शशि शेखर, अजमेरुल हक, अलिजा प्रवीण, आरती खातून, शबनम प्रवीण, सुहाना नाज, पीहू कुमारी, आयुष चौबे इत्यादि शामिल थे।

### चाकू के हमले में एक घायल

**भवनाथपुर।** रविवार को बीच बाजार में चाकू के हमले से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक थाना क्षेत्र के बनखेता गांव निवासी सुशील यादव है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि सुशील यादव अपने गांव से ही ऑटो में सवारी बैठकर एक मरीज को भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र ला रहा था। इस दौरान एक दुकान के सामने टेंपो खड़ा कर कुछ करने लगा। तभी दुकानदार अनुज सोनी एवं उसका पुत्र गोलू सोनी से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद होने पर अमित सोनी ने चाकू से हमला कर दिया। उक्त घटना में सुशील यादव को गंभीर चोट लगी है। इसके बाद परिजनों उसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## राजी में भगत सिंह की 117वी जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड के राजी पंचायत भवन में शनिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस आयोजन का नेतृत्व समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई।संतोष कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह ने अपनी युवावस्था में ही देश की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, और उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने भगत सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता और देशभक्ति को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगत सिंह के आदर्शों का पालन करें और देशहित के कार्यों में अपना योगदान दें।इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और भगत सिंह के संघर्षों और उनकी क्रांतिकारी सोच पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी भावनात्मक हो गया। अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया।मौके पर शशि पासवान, अशोक पटेल,अमरेश चौधरी, अमरेश पटेल, लल्लू मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विहंगम योग संस्थान का जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित टंडवा धर्मशाला में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान का जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थागत प्रदेश के अन्न मंत्री उपेन्द्र नाथ मिश्रा ने अखंड दीप प्रज्वलित कर और सदगुरु देव के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूआत किया। वहीं गुरु भाई बहनों ने सामूहिक रूप से स्वागत गान, मंगल गान व प्रार्थना प्रस्तुत किया। मौके पर 13 सितंबर को टाऊन हॉल भवन में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। वहीं छह व सात दिसंबर को वाराणसी स्थित उमरहा स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रांगण होने वाली 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर संस्थागत प्रदेश के स्वर्वेद मंत्री विवेक प्रसाद गुप्ता, जिले के परामर्शक सरयू प्रसाद अग्रवाल, परामर्शक अधिवक्ता ललीत पांडेय, प्रधान संयोजक प्रो वीरेंद्र पांडेय गुरु भाई बहन उपस्थित थीं।

## भाजपा नेताओं को जनता की भलाई से कोई सरोकार नहीं: अनंत

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरे के दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को ग्रामीणों के सामने रखा, जिससे उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने खासतौर पर ह्यमइयां योजनाह्न का जिक्र किया, जिसके तहत राज्य की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को बेहतर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अनंत प्रताप देव ने अपने संबोधन में भाजपा और खासकर स्थानीय भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही पर तीखा हमला किया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब हेमंत सरकार महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं लागू करती है, तो भाजपा और भानू प्रताप शाही को इसका विरोध करने में ही रुचि होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं को जनता की भलाई से कोई सरोकार नहीं है, और वे केवल अपनी राजनीति करने में लगे रहते हैं।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकारों ने हमेशा गरीबों और ग्रामीणों की उपेक्षा की है, जबकि हेमंत सोरेन सरकार ने किसानों, मजदूरों और महिलाओं के हितों को प्राथमिकता दी है। मंईयां योजना के अलावा, उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, युवाओं के लिए रोजगार सृजन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी चर्चा की। अनंत प्रताप देव के इस दौरे को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है, जिससे उनके पक्ष में माहौल बनता दिख रहा है। उन्होंने लोगों से

**बैठक**

**शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय**

# बाजारों में मुर्गा, शराब बिक्री पर आज से पूर्णत रहेगी बंद

**किसी भी तरह की समस्या महसूस होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे**

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर रविवार को चिनियां थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने की। बैठक में चिनिया प्रखंड के सभी साथ पंचायत के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल व पूजा कमेटी के सैकड़ों लोग सहित सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा-रक्षा के लिए ही है। पुलिस अपने स्तर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 घंटे तत्पर है। प्रभारी ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या महसूस होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे। इस दौरान पूजा पंडालों में महिला पुरुष के दर्शन के लिए अलग-अलग जगह बनाने की बात कही गई। डीजे पर प्रतिबंध के साथ-साथ सभी पूजा कमेटी के लोग बैठक कर विशेष रूप से वालंटियर चयन कर पूजा पंडाल मे सुरक्षा व्यवस्था मे तैनाती करने की बात कही। साथ ही नवरात्रि में हो रहे सभी पूजा पंडाल के समीप कार्यक्रम के 500 मीटर की दूरी तक विशेष रूप से लाइटिंग की व्यवस्था पूजा कमेटी के सदस्यों को करनी होगी। थाना प्रभारी ने बताया कि आज यानी कि अभी से लेकर विजयादशमी तक बाजारों में बिक रहे मुर्गा व शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। लोग अगर बाजारों में शराब बेचते हुए व मुर्गा काटकर बेचते पकड़े गए उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति अपने मोबाइल से आपत्तिजनक पोस्ट ना करें अफवाह से बच्चे किसी तरह का अप्रिय घटना की सूचना हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें । मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा, कृष्ण कुमार साहू,बबन टुडू, राधेश्याम राम ,मौके पर मोहम्मद फरीद,कपिल प्रसाद, बदरुद्दीन मंसूरी, मोहम्मद ताहिर, अर्जुन सोनी, मुखिया गोपाल यादव, रामेश्वर सिंह, उदय भुइया, उमेश सिंह, कैलाश यादव,राम लखन यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार, मुखलाल यादव, रंजीत यादव,रिंकू सिंह सहित काफी संख्या में सभी समुदाय के लोग शामिल थे।




### सात दिवसीय रासलीला का उद्घाटन

**श्री बंशीधर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत अंतर्गत गंगटी ग्राम में न्यू स्टार क्लब के तत्वावधान में सात दिवसीय रासलीला का आयोजन किया गया। रासलीला का उदघाटन मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद यादव,संजय मेहता,क्लब के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि रासलीला में उपस्थित लोग अगर भगवान श्रीकृष्ण के रास्ते पर चलेंगे तो समाज की बुराई स्वतः समाप्त हो जायेगा उन्होंने कहा कि बुराई का रास्ता छोड़कर अच्छाई पर चले तभी समाज का भला होगा मौके पर क्लब के अध्यक्ष रमेश गुप्ता,सचिव कामेश्वर गुप्ता,कोषाध्यक्ष गिरवर गुप्ता,अनुज गुप्ता,सत्येंद्र गुप्ता,नंदकिशोर गुप्ता,सहदेव शाह,मनीष कुमार,नान्हू पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के जूटी गांव निवासी अविनाश कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में अविनाश कुमार ने बताया कि कल्याणपुर गांव में खाता नंबर 165 प्लॉट नंबर 1997 में 7:30 डिसमिल भूमि क्रय किया था। दाखिल खारिज के बाद रसीद भी काटने लगा। उसके बाद भी जाटा गांव के शरद कुमार सौरभ कुमार कमलेश विश्वकर्मा मुकुंद विश्वकर्मा बीरबल विश्वकर्मा गिरवर विश्वकर्मा राजू विश्वकर्मा, मोहम्मद दिन अंसारी, जाकिर अंसारी इरशाद अंसारी गुलाब अंसारी के द्वारा उक्त जमीन को जबरदस्ती लूटने का प्रयास किया जा रहा है। अपनी खरीदी हुई जमीन पर चार दिवारी देने के लिए जा रहे हैं तो उक्त लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी भी दिया जा रहा है। उक्त मामले को देखते हुए पूर्व में अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में आवेदन देकर चौहान दिवाली निर्माण में पुलिस बल प्रदान करने की आग्रह किया था। उसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा 6 सितंबर को अंचलाधिकारी गढ़वा और थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया था कि चारद्वारी निर्माण के क्रम में स्थल पर संयुक्त रूप से विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था. उक्त आदेश के आलोक में को गढ़वा एवं थाना प्रभारी गढ़वा के द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। साथ ही कार्यालय में जाने पर कार्यालय से भाग जाने की बात कही जाती है। उसने कहा कि दूसरे पक्ष के द्वारा उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी लगातार दिया जा रहा है। साथ ही अपने खरीदी हुई जमीन पर जाने पर लाठी डंडे से जमीन से भगा दिया जा रहा है। उसने कहा कि उक्त मामले में न्याय नहीं मिला तो आगे हम लोग पूरे परिवार के साथ आमरण अनशन के लिए विवश हो जाएंगे।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के चलाया गया स्वच्छता अभियान

**श्री बंशीधर नगर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर द्वारा जन भागीदारी के माध्यम से विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात नगर पंचायत कार्यालय से हुई वही पंचमुखी शिव मंदिर,श्री बंशीधर मंदिर परिसर,अंबेडकर क्लब,शारदा मंदिर पुरैनी, राजा पहाड़ी मंदिर तथा छठ घाटों की भी साफ सफाई की गई।सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हुए लोगों को साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें सभी लोगों ने स्वच्छ रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी लोगों को खुले में शौच न करने, हमेशा शौचालय का उपयोग करने, स्कूलों,पंचायत, धार्मिक स्थलों,बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई रखने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील की गई। नगर प्रबंधक ने कहा की चल रहे स्वच्छता अभियान को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि श्री बंशीधर नगर पंचायत में बहुत जल्द सरकार के तमाम स्वच्छता का उद्देश्य पूर करके एक स्वच्छ नगर पंचायत के रूप में सामने आएगा। मौके पर नगर प्रबंधक प्रमेय मंदीलवार, रवि कुमार, सफाई सुपरवाइजर आशीष कुमार, बब्लू, गोलू, मनीष, हरिओम, राजेंद्र राम तथा नगर पंचायत के कर्मी आदि मौजूद थे।

### पूजा में अश्लील गाने बजाने पर रोक: थाना प्रभारी

**केतार।** केतार थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न गांवों के पूजा कमेटियों के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा (दशहरा)का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों के लोग बाधा उत्पन्न नहीं करें। पूजा कमेटी के लोग विशेष ध्यान दें। दुर्गा पूजा के दौरान कोई गलत तरीके से अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। ताकि समय पर कार्यवाही हो सकें। उन्होंने कहा डीजे बजाने पर पुर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। सोशल मीडिया पर भड़काउ मैसेज और अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पुलिस नजर रखेगी। पूजा स्थल और मूर्ती विसर्जन के दौरान अश्लील गाने नहीं बजायें। कमेटी के लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौके पर पूजा कमिटी के सदस्यों ने गांव में सड़क पर बह रहे नाली का पानी रोकने और गावों में महुआ शराब बंदी कराने का आग्रह किया। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक,मुखिया प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, कलेंदर पासवान,मुंगा साह, राम बिचार साहू, अजय वर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह,कुंडल सिंह,अनील पासवान, अजय कुमार,अली हुसैन अंसारी,अल्ताफ अंसारी, दिन दयाल गुप्ता,गौरव सिंह, चौधरी कोषाध्यक्ष , संदीप कुमार पासवान मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर जिला सचिव सुरेश प्रसाद, जय प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भगत सिंह का सपना आज भी अधूरा: आलम

**श्री बंशीधर नगर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के जिला कमेटी के तत्वावधान में रविवार को मध्य विद्यालय परिसर में शहीद ए आजम भगतसिंह के 117 वीं जन्म दिवस सप्ताह के अवसर पर शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ छात्र कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कन्वेंशन में एआईडीएसओ के अखिल भारतीय सचिव मंडल के सदस्य समशुल आलम ने कहा कि आज देश मे दो तरह की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। एक तरफ सरकारी विद्यालय तो दूसरी तरफ प्राइवेट विद्यालय, जिसके पास जितना अधिक पैसा है वह उतना अधिक शिक्षा हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह ने जो सपना देखा था कि आजाद भारत में सबको समान शिक्षा,वैज्ञानिक शिक्षा, धर्म निरपेक्ष व जनवादी शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज भी समाज मे अशिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी,बच्चियों पर अत्याचार बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि भगतसिंह एवं सभी आजादी आंदोलन के क्रांतिकारियों के जीवन संघर्ष से सीख लेकर उक्त समस्याओं के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। मौके पर प्रदेश सचिव सोहन महतो, वैभव रानी पांडेय,अनुराधा कुमारी, शिव कुमार सिंह,राजेश कुमार,अजय कुमार,अभय कुमार,विशांत कुमार,उत्कर्ष कुमार,हर्ष कुमार,प्रशांत कुमार,प्रियांशु कुमार,ज्योति कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी जूलियस फुचिक ने किया।

### डीजे साउंड पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा: थाना प्रभारी

**डंडाई।** दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी राजकुमार प्रजापति और हिंदू, मुस्लिम समाज के लोगों के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान दुर्गा पूजा के शुभारंभ से लेकर अंतिम तक होने तक होने वाले समारोहों को लेकर थाना प्रभारी ने पंचायत वार लोगों से जानकारी हासिल किया। मौके पर सभी लोगों ने अपने-अपने पंचायत व गांव में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने की बात कही। पूजा के शुभारंभ से लेकर अंत तक मीट, मांस, मुर्गा, शराब की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की थाना प्रभारी से मांग किया। इसके अलावा अप्रिय घटनाओं की जानकारी मिलते ही उस पर त्वरित पहल करने का भी मांग उनके द्वारा थाना प्रभारी से किया गया। बैठक में भाग लिए कई पूजा कमेटी के सदस्य व पदाधिकारियों को पूजा कार्यक्रम में डीजे साउंड नहीं बजाने की थाना प्रभारी के द्वारा सख्त चेतावनी दी गई । थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व है। सभी लोग इस पर्व को आपसी भाईचारगी और हर्षोल्लास के साथ बनाएं । उन्होंने कहा की पूजा के शुभारंभ से अंत तक थाना क्षेत्र के सभी जगह पर मीट मांस और मुर्गा की दुकानों पर प्रतिबंध रहेगा । कोई भी दुकानदार सार्वजनिक स्थल पर खुले तौर पर मीट, मांस, मुर्गा की बिक्री नहीं कर सकता है। थाना प्रभारी ने कहा कि सरकार के निर्देश के तहत अब किसी भी तरह के कार्यक्रम में डीजे साउंड पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है । मौके पर थाना के जेएस आई शेखर सिंह, एएसआई सत्येंद्र राय, राजेश मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक आज

**चंदवा।** दुर्गा पूजा (दशहरा) को लेकर सोमवार को अपराह्न 5 बजे स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में त्योहार को परस्पर और आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार ने सभी राजनीतिक दलों, पंचायतीराज प्रतिनिधि,समाजसेवी व प्रबुद्धजनो से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### एक ही रात 25 सोलर प्लेट चोरी

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसु पंचायत अंतर्गत ग्राम हिसरी ग्राम स्थित छठ घाट के पास सिचाई के लिए बोरिंग में लगाए गए 20 सोलर प्लेट व मोटर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। हिसरी मांडर के पास पेयजल के लिए लगाए गए सोलर जलमीनार में 5 सोलर प्लेट को भी चोरी कर फरार हो गए। आसपास के ग्रामीण जब तालाब की ओर गए तो देखा की मोटर में लगा सोलर प्लेट और मोटर गायब है। हिसरी मांडर में 6 सोलर प्लेट लगी थी, जिसमें 5 सोलर पलेट को गायब कर दिया गया। उक्त घटना की जानकारी बारियातू थाना में ग्रामीणों ने दी है।

### रसोईया को मिला स्वच्छता व सुरक्षा का प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के पीएमश्री मध्य विद्यालय में रविवार को रसोईया का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल रसोईया व सहायिका को हेल्प एक कोशिश संस्थान द्वारा स्वच्छता एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को प्रशिक्षक प्रियदर्शी कुमार एवं विवेक कुमार द्वारा दी गई।बताया गया कि मध्यान्ह भोजन बनाने समय कई सुरक्षा मानकों का ख्याल रखा जाना आवश्यक है। रसोईया व सहायिका को किसी भी स्थिति में मध्यान भोजन बनाते समय ड्रेस कोड के साथ रहना आवश्यक है।साथ ही साथ रसोई घर में अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य है। जबकि रसोई घर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की भी आवश्यकता है। रसोई घर ने बनाने किसी के प्रवेश निषेध है।प्रशिक्षण के पश्चात रसोइया के बीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें चयनित रसोईया को सम्मानित किया गया।

### फरार अफीम तस्कर को हजारीबाग पुलिस ने पकड़ा

**गिद्धौर (चतरा)।** हजारीबाग सदर पुलिस ने गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के दो फरार चल रहे अफीम तस्करों को शनिवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सत्येंद्र दांगी एवं रविंद्र कुमार का नाम शामिल है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों रिश्ते में भाई हैं।

# रैगिंग से तंग आकर छात्र ने पी फिनाइल, अस्पताल में भर्ती




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के एक आवासीय विद्यालय में रैगिंग का गंभीर मामला सामने आया है। रविवार को कक्षा सात के एक छात्र ने सीनियर छात्रों की रैगिंग और मारपीट से तंग आकर फिनाइल पी लिया। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने तुरंत छात्र को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पीड़ित छात्र ने बताया कि कक्षा आठ के दो छात्र उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे, और उसने इस बारे में आश्रम प्रभारी से शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को जब फिर से मारपीट हुई, तो छात्र ने सुबह छह बजे बाथरूम में रखी फिनाइल पी ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया।

छात्र ने यह भी खुलासा किया कि सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग की समस्या स्कूल में आम है, जिसके कारण उसकी कक्षा के कुछ अन्य छात्र भी स्कूल छोड़ चुके हैं। शिकायतों के बावजूद विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सदर अस्पताल में छात्र का इलाज कर रहीं डॉक्टर रुचिरा वर्मा ने बताया कि फिनाइल पीने के कारण कुछ इंफेक्शन हुआ है, लेकिन स्थिति खतरे से बाहर है। उचित इलाज के बाद छात्र को जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

### पुलिस ने प्रतिबंधित मांस विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की

**महुआडांड़।** पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबोआटोली गांव से रविवार को प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंबोआटोली ग्राम में प्रतिबंधित मांस का कारोबार किया जा रहा है। जिसपर कार्रवाई करते हुए अनवारूल अंसारी, रोशन खाखा और मो. जिलानी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मांस बेचना अपराध है और पुलिस इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखेगी, इसके बावजूद लोग इस तरह का घटना का अंजाम दे रहे हैं।

### शौण्डिक-जायसवाल समाज की बैठक में 20 संरक्षक व 21 कार्यसमिति सदस्य बनाये गए

**चंदवा।** शहर के बुध बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को शौण्डिक जायसवाल समाज की बैठक प्रमोद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के विकास, उत्थान एवं कार्यसमिति विस्तार पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए व कार्य समिति का विस्तार करते हुए 20 संरक्षक एवं 21 कार्यसमिति सदस्य बनाये गए। जिसमें सर्वसम्मति से प्रेम शंकर भगत, रामनाथ गुप्ता,सत्येंद्र प्रसाद साहू, नरेश प्रसाद साहू, अमरदीप साहू, मुरली प्रसाद साहू, रामकरण साहू, प्रसाद गुप्ता, राम कुमार जायसवाल, चंद्र मोहन साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, आलोक प्रसाद गुप्ता, रंजीत गुप्ता, रामटहल साहू, अरुण साहू, प्रदीप साहू, रविंद्र प्रसाद साहू, अनीता देवी, नीलम देवी, श्याम करण साहू को संरक्षक बनाया गया। जबकि कार्यसमिति में अध्यक्ष प्रमोद साहू, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू, प्रमोद जायसवाल, दिनेश साहू, सचिव रमेश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू, धनेश प्रसाद साहू, राजेश साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, राजकुमार साहू भोला, मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद, दीपक भगत, कार्यकारिणी सदस्य में राजकुमार साहू, प्रशांत कुमार, सुधीर प्रसाद, अमित गुप्ता, गोपाल जायसवाल, दिलीप प्रसाद, अजय साहू, सतीश प्रसाद, अंकित गुप्ता, आदर्श रविराज को शामिल किया गया है। मौके पर शौडिंक जयसवाल समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड कार्यलय सभाकक्ष में रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप सिविल जज मिलन कुमार उपस्थित थे। स्वागत प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार व सीओ शंभू राम ने पौधा देकर किया। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं और विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जा रही मुफ्त सेवा का लाभ उठाएं। सिविल जज मिलन कुमार ने कहा कि जब लोग जागरूक होंगे, तभी वे विधिक सेवा प्राधिकार में आकर अपनी समस्या को रखेंगे और उसके बाद उनकी समस्या का त्वरित समाधान हो पाएगा। इस शिविर के माध्यम से, लोगों को बाल मजदूरी व बाल विवाह रोकथाम,महिला सशक्तिकरण,सड़क दुर्घटना में इंश्योरेंस की महत्व,समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई,साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।वही आयोजित शिविर में पेंशन स्वीकृति पत्र,अबूवा आवास स्वीकृति पत्र,जॉब कार्ड ,धोती साड़ी समेत कई परिसंपत्तियों का वितरण मुख्य अतिथि सिविल जज मिलन कुमार के हाथों किया गया। आयोजित शिविर में राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार, मुखिया मनोज साहू,भरत यादव,मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, अखलेश यादव, पंचायत सेवक रामजी साव, मुकेश कुमार, राजूरंजन कुमार, मनरेगा ब्लॉक ऑपरेटर मुकेश कुमार,आवास ऑपरेटर अभिषेक कुमार पेंशन ऑपरेटर मुकेश कुमार,वार्ड सदस्य, महिला समूह, पीएलभी संजय चौधरी,मुन्ना दास,अजित कुमार, अमलेश यादव, प्रवीण पासवान, मिथलेश यादव, किरण देवी समेत सैकड़ों आमजन उपस्थित थे।

## जिला के दोनों विधानसभा सीट से प्रत्याशी देने का राजद कार्यकर्ताओं ने की मांग, मिला आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** राजद कार्यकर्ताओं ने जिला के दोनों विधानसभा सीट से टिकट की मांग की है। दरअसल चतरा से पार्टी के कार्यक्रम से लौट रहे झारखंड प्रदेश प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश सिंह यादव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश युवा अध्यक्ष बिहार से आए नेता भोला यादव सहित कई प्रदेश के नेताओं का बालूमाथ में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेश राम के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान राजद के भावी प्रत्याशी सुरेश राम के बालूमाथ स्थित आवास पर प्रदेश प्रभारी सहित कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में मनोज यादव सहित कई कार्यकर्ताओं ने लातेहार जिला के दोनों विधानसभा सीट से टिकट की प्रबल मांग की। कार्यकर्ताओं ने गठबंधन में हो रहे शोषण को बताते हुए कहा कि इस बार अगर आरजेडी अपनी टिकट से चुनाव नहीं लड़ती है तो आरजेडी का गढ़ माने जाने वाला लातेहार से आरजेडी विलुप्त हो जाएगी। प्रदेश प्रभारी एवं बिहार से आए नेता भोला यादव द्वारा आश्वासन दिया गया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे प्रदेश के साथ-साथ लातेहार जिला एवं बालूमाथ प्रखंड से सैकड़ो राजद नेता मौजूद रहे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मारंगलोइया पंचायत के अंतर्गत हेबना ग्राम में 10 वर्षीय निखिल गंझू पिता कैलाश गंझू की तलाब में डूबने से मौत हो गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निखिल तलाब के तरफ घूमने गया था। उसी बीच उसका पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया। जब आसपास के लोगों को पता चला तब ग्रामीणों ने युवक को पानी से बाहर निकाला तब तक युवक की मृत्यु हो गयी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद् सदस्य प्रियंका कुमारी बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव और स्थानीय थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रसर कार्रवाई में जुट गई। वहीं जिप सदस्य ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार जनों को ढाढस बंधाया। उन्होंनें कहा कि मारंगलोईहिया पंचायत में पानी में डूब कर मरने की घटना बार-बार हो रही है। कहीं ना कहीं हमें और भी सजग रहने की आवश्यकता है। वहीं इस घटना के बाद से पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार अत्यंत गरीब हैं। प्रखंड एवं जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता के साथ-साथ सरकारी लाभ देने की मांग की है। मौके पर बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, मुखिया सोनमणि समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य : विधायक

**मनिका।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार दिन को ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से मनिका प्रखंड अंतर्गत सोनी पहाड़ से कमारू भैया कुई साढ़े छः किलोमीटर तक सड़क निर्माण की आधारशिला वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर किया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य के संवेदक राजू राय, दिलीप चौधरी व कार्तिक तिवारी के द्वारा विधायक को बुके व माला पहना कर स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों ने भी परंपरागत आदिवासी नृत्य व ढोल नगाड़ो के साथ विधायक का स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात कुई गांव में ग्रामीणों के द्वारा रखे गये कार्यक्रम में लगभग पांच सौ लोगों को विधायक रामचंद्र सिंह ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर कांग्रेस पार्टी का पट्टा व माला पहना कर स्वागत किया। उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर यादव, कांग्रेस जिला सचिव सुरेंद्र भारती चेरो, संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, वृंदबिहारी यादव, लातेहार विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, इस्तीखार अहमद, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, विशाल पासवान, तस्लीम अंसारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक संगठन की आगामी योजनाओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/टंडवा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में रविवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सोनू भुईयां व संचालन प्रखंड मंत्री अरुण महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडेय और जिला सह संयोजक जीत गुप्ता उपस्थित थे। इस दौरान जिला मंत्री सुधीर कुमार ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की गतिविधियां राष्ट्रवादी विचारधारा और समाज सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगामी महीनों में बजरंग दल द्वारा शस्त्र पूजन (विजया दशमी) 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक, हुतात्मा दिवस 11 नवंबर से 17 नवंबर तक, संस्कार सप्ताह 23 नवंबर से 30 नवंबर तक, गीता जयंती (शौर्य दिवस) 11 दिसंबर से 18 दिसंबर तक, और त्रिशूल दीक्षा 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक आयोजित होंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य संगठन के सदस्यों में राष्ट्रवाद, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है। जिला संयोजक अंकित पांडेय ने संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न खेल और सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सभी प्रखंडों में किया जाएगा और प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों के बीच जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। विजेता टीम प्रांत स्तर तक पहुंचेगी। इसके अलावा, संगठन नशा मुक्ति अभियान और रन फॉर हेल्थ जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। बैठक में प्रखंड समिति के सदस्यों की नियुक्ति करते हुए बजरंग दल प्रखंड संयोजक हिंदूवादी राकेश कुमार, उपाध्यक्ष अनुज रजक, सह मंत्री राजू चौरसिया और रितेश गुप्ता को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति विभाग मंत्री अनूप यादव द्वारा टेलीफोनिक माध्यम से की गई।

## न्यूज बॉक्स

### चार अपराधी बाइक लूट कर फरार

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर पवार सब स्टेशन के समीप धड़धड़ी नदी के पूल पर शनिवार की रात लगभग 9:30 बजे 4 अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार के बल पर बरवाडीह मेन रोड निवासी जयनाथ सिंह के पुत्र रंजीत कुमार सिंह का बाइक को छीन कर फरार हो गया। वहीं इस संबंध में रंजीत कुमार सिंह ने बताया की रात को मंगरा से किसी का जन्मदिन की पार्टी से वापस बरवाडीह घर आ रहे थे, तभी घर के पास ही पुल के पास शौच के लिए रुके। जहां पुल पर पहले से 4 लोग बैठे हुए थे। जब हम शौच से वापस अपने बाइक के पास पहुंचे तो वो लोग मेरे पास आए और मुझे मारने-पीटने लगे। इस दौरान उनमें से एक लड़का तेज धारदार अधियार से मेरे उपर हमला कर दिया। जिससे मेरा दाहिना हाथ का दो उंगली कट गई। उसके बाद वे लोग मेरा बाइक लेकर वहां से कुटमू की ओर फरार हो होए। घटना की जानकारी बरवाडीह थाना को दी गई। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि छापामारी अभियान शुरू कर दिया गया है। फिरहाल 4 अज्ञात अपराधी पर प्राथमिक दर्ज की गई है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### सशक्तिकरण शिविर में प्रमाण पत्र के साथ परिसंपत्तियों का वितरण

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमरेश कुमार विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट, विनय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, रीना साहु सीडीपीओ, उप प्रमुख, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक भवेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार सुलभ, निःशुल्क और त्वरित न्याय के लिए तत्पर है। उपस्थित लोगों को नारी उत्पीड़न, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह पर विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया की प्रखंड प्रशासन द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं को सफलता पूर्वक संचान किया जा रहा है। मौके पर 16 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन पत्र, महिला समूहों के बीच 92 लाख रुपए का ऋण, 26 लोगों के बीच जाति-आवासीय, 13 बच्चों के बीच साइकिल, सीसीएल द्वारा 42 लोगों के बीच पौधा एवं बीज का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों का इलाज किया गया। मौके पर थाना प्रभारी मानव मयंक, विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, सीता देवी, कुशल कुमार, संदीप उरांव एवं मोहम्मद अख्तर आदि मौजूद थे।

### चंदवा में भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**चंदवा।** भाजपा मंडल क्षेत्र के सभी पंचायत एवं बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बारी पंचायत अध्यक्ष यमुना चौधरी की अध्यक्षता में बारी पंचायत के सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति में मन की बात सुनी गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार होता है। साथ ही उक्त कार्यक्रम से कई लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव भी देखने को मिला है। मौके पर मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा, मन कि बात के मंडल प्रभारी नागमणि कुमार रजक, लातेहार विधानसभा के विस्तारक कमलेश पासवान समेत बारी पंचायत के सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष, बूथ कमेटी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव में राजद रचेगा इतिहास : रघुपाल

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव मे राजद अपनी सीट की दावेदारी को लेकर रविवार को मनिका से सैकड़ों राजद कार्यकर्ता रघुपाल सिंह के नेतृत्व में राजद के पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं में पुरा जोश देखा गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पलामू जा रहे राजद नेता व पार्टी से मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रबल व संभावित उम्मीदवार रघुपाल सिंह ने इस दौरान कहा कि पलामू में राजद का कार्यकर्त्ता सम्मेलन है। जहां मनिका विधानसभा क्षेत्र से हजारो की संख्या में राजद कार्यकर्ता भाग लेने जा रहे हैं। उक्त राजद कार्यकर्ता सम्मेलन में राजद नेता जयप्रकाश नारायण यादव राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव, भोला प्रसाद यादव, राजद प्रदेश के युवा नेता रंजन यादव सहित कई वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। मौके पर राजद के जिला उपाध्यक्ष दामोदर यादव प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव रूपेश यादव सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**लातेहार।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस ने वीडिओ कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अंतर्गत आगामी 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा के आयोजन से संबंधित बैठक किया गया। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम पधाधिकारी राहुल कुमार, सभी प्रखंड के पंचायती राज पधाधिकारी, प्रखंड समन्वयक और पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि जुड़े थे। जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा 2 अक्टूबर के विशेष ग्राम सभा में होने वाले कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से पूरी तैयारी करते हुए विशेष ग्राम सभा को सफल बनाना सुनिश्चित करें।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर में लाभुको के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक दंडाधिकारी सोनाली सिंह उपस्थित थे। शिविर का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर उद्घाटन के पहले न्यायिक दंडाधिकारी को गर्म जोशी के साथ प्रखंड राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। शिविर में न्यायिक दंडाधिकारी सोनाली सिंह के द्वारा विभिन्न कानून की विस्तृत जानकारी लोगों को दिया गया। वहीं प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास एवं सर्वजन पेंशन कई लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र के साथ साथ परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी ने शिविर में विभिन्न कानून की भी जानकारी दिया। उन्होंने किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर प्रखंड में कार्यरत पीएलवी से संपर्क करने की जानकारी दिया गया। शिविर में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,मुखिया निर्मला देवी,चितरंजन शर्मा,महावीर दांगी, पीएलवी कुमारी शारदा भारती,शंभू राणा सहित थे।

### आसामाजिक तत्वों पर कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की रविवार को मासिक बैठक जिला मुख्यालय के थाना चौक स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभिन्न कार्यक्रम एवं लातेहार में बजरंग दल को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर विशेष चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बजरंग दल के जिला सह संयोजक नीतीश यादव ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का आगामी बहुत सारे कार्यक्रम है। इसके तहत शस्त्र पूजन, गीता जयंती आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम होना है। उसके लिए हमें पूर्व में ही तैयारी करना है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारे जिले में जितने भी पंचायतें हैं, उस पंचायतों में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल का संगठन विस्तार करना है।

## एकजुटता को तोड़ने की बाहरी लोगों की साजिश : कामेश्वर

**बालूमाथ।** उप प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में मगध कोलियरी के विस्थापित, प्रभावित, ट्रक मालिक, लिफ्टर की बैठक चमातु स्थित पहाड़ी मंदिर के मैदान में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में फॉर्मेट के नाम पर अवैध वसूली किये जाने के आरोप पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर व लिफ्टरों ने इस प्रकार की बात को निराधार, भ्रामक एवं सत्य से परे बताते हुए इस प्रकार के किसी भी गतिविधि से साफ इनकार किया है। साथ ही अपने हक व अधिकार के लिए एकजुट रहने का संकल्प भी लिया। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम ने विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एवं लिफ्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर बदनाम करने व बाहरी ताकत हावी होने की नीयत से इस तरह के हथकंडे अपना कर हमारे बीच की एकता को खंडित करना चाहते हैं। उप प्रमुख ने चुनौती देते हुए कहा कि जो निराधार आरोप लगाए गए हैं। एक भी आरोप अगर कोई साबित कर दे तो मैं सारे आरोप को अपने ऊपर लेने के लिए तैयार हूं। मौके पर लिफ्टर नारायण कुमार, विजय कुमार, बजरंगी कुमार, प्रकाश कुमार, रोहित कुमार ने फॉर्मेट के नाम पर वसूली के आरोप को सत्य से कोसों दूर बताया। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक से विस्थापित प्रभावित ट्रक औनर, लिफ्टर का प्रतिनिधिमंडल भेंट कर वस्तु स्थिति से अवगत कराएगा। मौके पर त्रिवेणी प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, मदन साव, सीतामन राम, राजेंद्र राम, प्रदीप साव, राजेश राम, विकास कुमार, पप्पू साव, श्रवण कुमार साव, खुशियाल साव, रोहित कुमार, विनोद कुमार, प्रेम कुमार, केश्वरी साव, मोहन गंझु समेत आरा, चमातु, कुण्डी, देवल्गड्डा समेत अन्य गाँव के विस्थापित प्रभावित ट्रक औनर, लिफ्टर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अंडा या फल देने की जिम्मेदारी सेविकाओं की : अलका

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार भोजन के अधिकार कानून के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बेहतर पोषण के लिए रोजाना अंडा वितरण की योजना शुरू की गई है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अंडा खरीदने के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आपूर्तिकर्ताओं के इंतजार में बच्चों को अंडे से वंचित न होना पड़े।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रम ने बताया कि बच्चों को पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा वितरण के साथ-साथ, जो बच्चे अंडा नहीं खाते उन्हें फल देने का निर्देश भी दिया गया है। विशेष अवसरों जैसे नवरात्रि या अन्य पूजा के दिनों में अंडे की जगह फल देने का प्रावधान किया गया है। अलका हेमब्रम ने जोर देकर कहा कि सेविकाओं की जिम्मेदारी है कि वे अंडा या फल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, योजना की नियमित निगरानी ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है, ताकि हर बच्चे को उचित पोषण मिल सके।

### दुर्गा पूजा समिति का गठन, अजय सिंह बने अध्यक्ष

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा दुर्गा मन्दिर प्रांगण में ऋषि सिंह की अध्यक्षता में सफल संचालन करने को लेकर बैठक की गई।बैठक मे दुर्गा पूजा समिति के पांच गांव मकरा, भाटचतरा बेसरा, कुशमाहा, झिरमतकोमा के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस बैठक मे पांचों गांव के ग्रामीणों के बीच विस्तार रूप सें चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात हर्षोउल्लास के साथ हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ दुर्गा पूजा मनाने की निर्णय लिया गया। जिसमे दुर्गा पूजा सफल संचालन करने को लेकर सर्वसमिति से अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डब्लू सिंह, सचिव जय प्रकाश सिंह, उप सचिव रिंकू यादव को चयनित किया गया। सदस्य के रूप में संजय यादव, रवि कुमार साव, खैटा तुरी, कौलेश्वर यादव, अरविन्द यादव, तालकेश्वर साव रवि यादव, प्रभु यादव, जीतन यादव, विष्णु देव गंझू, प्रमोद ठाकुर, जीतन गंझू, अशोक सिंह को चुना गया।

## लोहरदगा की सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे

# संभलकर नहीं चले, तो हो जाएगी दुर्घटना

■ **शहरी क्षेत्र के मिशन चौक से महावीर चौक तक सड़कों में हो गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे**

राहुल कौशल

**लोहरदगा** । लोहरदगा शहरी क्षेत्र के विभिन्न सड़को की हालत खस्ताहाल है। नगर परिषद क्षेत्र के सघन आबादी वाले इलाके की सडको की हालत बहुत ही खराब हो गई है। सड़को के बीच गड्ढे बन गए हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। जर्जर हो रहे सड़को के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहती है।लेकिन नगर परिषद प्रशासन इसपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गंभीर पहलू है कि शहर के मिशन चौक से महावीर चौक तक की सड़कों पर प्रतिदिन सैकड़ो छोटी गाड़ियों का परिचालन होता है और यह मुख्य बाजार की सड़क है। मिशन चौक से महावीर चौक के बीच राणा चौक आता है जहाँ पर प्रतिदिन गांव देहात से लोग सैकड़ो की तादाद में पहुचते है। इन रास्तों के किनारे बड़े बड़े प्रसिद्ध दुकानें, धर्मशाला, बैंक, फाइनांस कंपनी, गाड़ियों के शोरूम, कपड़ा दुकान, हार्डवेयर दुकान, मेडिकल शॉप, कृषि उपकरण की दुकान आदि सभी तरह की दुकान है जिसके कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोग यहाँ खरीदारी करने आते हैं। जिसके कारण यहाँ यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है।

इन सड़कों पर हर जगह गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण हादसे होते रहते हैं। कभी बाइक हादसा हो जाता है तो कभी साइकिल सवार गिर जाता है। जब कभी बारिश हो जाती है तो इस सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। सड़को के बीच व किनारे पर गड्ढे बन जाने के कारण सड़क पर आवागमन में काफी परेशानी होती है। पैदल राहगिर तो किसी तरह चल पाते हैं लेकिन साइकिल, दोपहिया, चार पहिया वाहनों की हालत खराब हो जाती है। सड़क के बीचोबीच बने गड्ढों से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही सड़क के अपनी साइड में गड्ढों के कारण नहीं चलने से बराबर दुर्घटनाएं होती है, लेकिन मजबूरन छोटे वाहन चालक अपनी गाड़ी को बचाने के चक्कर में किनारा लेते है । इससे आम राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है । गड्ढो में चार पहिया वाहनों का चैंबर टच न हो, इसके लिए चालकों द्वारा सड़क किनारे वाहन ले जाया जाता है । आये दिन गाड़ियों के पंचर होने की शिकायत आती रहती है।सड़को पर गड्ढे होने से छोटे वाहनों व दो पहिया चालकों को बराबर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । बताया गया कि दो साल पहले इस सड़क पर पीसीसी के बाद कालीकरण किया गया था इसके बाद कुछ दिनों तक सड़क अच्छी रही। वही पहली बारिश के बाद से ही सड़क खराब होना शुरू हो गई थी। मरम्मत के अभाव मे यह सड़क बहुत ही जर्जर हो गया।

जानकर लोगो ने बताया कि सड़क बनने के बाद से ही जर्जर होना शुरू हो गया था। दो सालों के भीतर ही सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गयी । कारण निर्माण शर्तो के अनुपालन में अनियमितता बरतना और घटिया किस्म की सामग्री से सड़कों का निर्माण करना है। इस सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीरों ने बताया कि हमलोग दूर दराज से आते हैं यहाँ लेकिन सड़क खराब होने से हमारी साइकिल बाइक पंचर हो जाती है। वही बारिश में गड्ढों में जमा पानी के कारण चालकों को सड़क का अंदाजा नहीं लग पाता है जिसके कारण बड़ी दुर्घटना हो सकता है। अगर शीघ्र इसका निदान नही किया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है और जान-माल की क्षति हो सकती है ।



### घटिया निर्माण के कारण उखड़ रही सड़क

**लोहरदगा।** नगर परिषद प्रशासन ने शहर के पीसीसी सड़कों पर कालीकरण करने संबंधी निविदा हड़बड़ी में निकाला था। संवेदक द्वारा कथित तौर पर निर्माण शर्तों के विरुद्ध कालीकरण किया गया। सभी कालीकरण सड़क वर्षा ऋतु की पानी में बह गए। इससे जगह-जगह सड़क पर गड्ढा होना स्वाभाविक है। इसकी शिकायत नागरिकों द्वारा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से किया था। बावजूद, इस ओर अनदेखी कर पीसीसी सड़कों पर कालीकरण योजना जैसे तैसे पूरी कर दी गई।

# बक्शीडीपा के पीछे मैदान में लगेगा दशहरा मेला, रावण दहन भी होगा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

विजयादशमी के अवसर पर लोहरदगा में लगने वाले मेला सह रावण दहन कार्यक्रम पिछले वर्ष की तरह (बक्शीडीपा के पीछे) उसी मैदान पर इस वर्ष भी संपन्न होगी। जिसे लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमीन का सीमांकन कराया। ग्रामीणों के बीच अंचल अधिकारी सेन्हा राकेश कुमार अंचल अमीन कुदरत अंसारी, अजमुदीन अंसारी, एवं नगर परिषद के अमीन धर्मेंद्र भगत की उपस्थिति में उदासीन मठ का जमीन का नापी कर सीमांकन किया गया। जिसकी नापी के पश्चात जमीन मालिकों एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच नापी संपन्न हुई। इस वर्ष भी रावण दहन का कार्यक्रम इसी स्थल पर धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही



एकादशी (विजयादशमी के दूसरे दिन) के दिन बदला गांव में लगने वाला मेला भी इसी स्थल पर लगेगी। मौके पर अध्यक्ष संतोष लकड़ा, महासचिव मिथुन तमेड़ा, संरक्षक डा.अजय शाहदेव,प्रवीण सिंह, मोहन दुबे, राजकिशोर महतो,सूरज अग्रवाल, प्रेम किशोर प्रजापति, विनोद सिंह,मनोज गुप्ता उर्फ मनना,विमल कांत सिंह, कमल केसरी,उदय दता एवं बदला के मुखिया दिलीप उरांव,उप मुखिया दीपक उरांव,मैदान से सटे हुए जमीन मालिक करमचंद उरांव,राजू पहान के साथ बदला गांव के रंजीत महतो,संजय रवानी, बबलू, अशोक पांडे, बेचू मुंडा, चंदन पांडे, प्रेम श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

### आज राज्यपाल का घेराव करेंगे ठगी पीड़ित

**लोहरदगा।** 30 सितंबर को ठगी पीड़ित राज्यपाल का घेराव करेंगे। संघ द्वारा जानकारी दी गई है कि सोमवार को प्रातः 10 बजे रांची कचहरी के समीप राज्यपाल का घेराव करेंगे। संगठन ने बताया कि संसद ने वर्ष 2019 में देश के ठगी पीड़ितो को उनकी डूबी हुई जमाराशि के भुगतान की गारंटी देते हुए अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम बड्स एक्ट 2019 सर्वसम्मति से बनाया था जिसमे केंद्र सरकार और सांसद ने ठगी पीड़ित आवेदकों को 180 दिन में उनकी जमाराशि का दो से तीन गुणा भुगतान करने का वचन दिया था लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तथा उपायुक्त को लगातार 01 सितंबर 2024 से आज तक ज्ञापन देते आ रहे हैं, लेकिन इनके कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। लोक हित अधिकार पार्टी के बैनर तले ठगी पीड़ितो का हक अधिकार को लेकर राज्यपाल का घेराव कर अपनी भुगतान सुनिश्चित संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।



### चौकीदारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में आहूत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार लोहरदगा जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 1/2024 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 30.09.2024 को निर्धारित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। उक्त जानकारी प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

#### कुडू जिंगी में गांधी जयंती पर होगा कार्यक्रम

## पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के स्मारक स्थल पर लगेगा भव्य मेला



नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत के पैतृक गांव जिंगी में दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी लालू टाना भगत की प्रतिमा में फूल माला अर्पण के साथ शुरूआत की जाएगी। प्रतिमा की स्थापना लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत के द्वारा स्थापित किया गया था। तब से दो अक्टूबर के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता आ रहा है। मेले को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए आयोजन कमेटी का गठन किया गया।जिसमे निर्णय लिया गया है कि, मुख्य अतिथि नीरू शांति भगत होंगी। आसपास से सभी खोढ़हा को निमंत्रण दिया जा रहा है। मेले को भव्य रूप देने के लिया तैयारियां जोरों पर है।मेले के लिए संयोजक कमिटी बनाया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक जिंगी पंचायत के मुखिया दिलिप उरांव को बनाया गया। अध्यक्ष लालदेव ताना भगत, सचिव चंद्रेश भगत को बनाया गया।इस मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव जिला,जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष कंचन राम, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय उराँव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, रेश्मा तोप्पो, बंधू भगत, पीताम्बर साहू, मुमताज असारी, रामा भगत, उज्जवल शहदेव, सरफराज अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर



**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर कृषि फार्म के समीप एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है की युवक तीव्र गति से कुडू से लोहरदगा की ओर जा रहा था तभी सामने से आने वाले वाहन के चकमे से अनियांत्रिक होकर सड़क पर गिर गया। मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। चला रहे युवक चीरी निवासी विनीत उरांव पिता बालचंद्र उरांव को गंभीर रूप से चोट लगी एवं बाइक में पीछे बैठा लवागाई निवासी शिवलाल भगत के पुत्र प्रवीण उरांव को भी हल्की चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए विनीत उरांव को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## आफत की बारिश — गरीब बेसहारा युवती का गिरा मकान

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

प्रखंड में पिछले दिनों हुए लगातार बारिश गरीबों के आशियाने के लिए आफत बन गई है। पिछले दिनों कई ग्रामीणों के घर गिर चुका है. रविवार की अहले सुबह प्रखंड के भीठा पंचायत के मकुन्दा गाँव की गरीब बेसहारा युवती रानी कुमारी पिता गंदु उरांव का कच्चा आशियाना उजड़ गया । साथ ही घर गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। अब उनके सामने रहने और खाने का संकट खड़ा हो गया। बता दें कि प्रखंड में पिछले दिनों से ही लगातार बारिश हो रही थी जिससे गरीब युवती रानी कुमारी का कच्चा मिट्टी का घर की दिवार सीलन से कमजोर हो गया था। रविवार की सुबह रानी का मकान ढह गया।



टूटे-फूटे घर में रहने को विवश

जिस घटना मे रानी के वृद्ध पिता गंदु उरांव बाल बाल बच गये. मकान व गृहस्थी का सामान बर्बाद होने से रानी व उसके वृद्ध पिता गंदु काफी चिंतित है। वहीं मिट्टी के घर गिरने से घर में रखें खाद्य सामग्री सहित हजारों रुपए का भारी नुकसान का क्षति पहुंचा है। घटना के बाद पीड़ित भुक्तभोगी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बता दे की उक्त कच्चे मकान में रानी अपने पिता के साथ रहती थी. फिलहाल पास के ही टूटे फूटे घर मे रहने को विवश है।

### फास्ट फूड स्टॉल उद्यम प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लोहरदगा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा के द्वारा 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी पर आधारित प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान आरसेटी के राज्य निदेशक शशि भूषण मिश्रा और निदेशक सुरेश भगत ने सभी प्रशिक्षु को प्रमाण पत्र दिया।आरसेटी के राज्य निदेशक लोहरदगा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण के विषय में जानकारियां ली। प्रशिक्षण से उनके अंदर आए सकारात्मक बदलावों के विषय में पूछा। स्वरोजगार के लाभों के विषय में बताया। साथ ही उद्यमशील दक्षता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं ने जल्द से जल्द अपना रोजगार शुरू करने का वादा किया।

## भगत सिंह हमारे दिलों में बसते हैं : सदानंद



नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

शहर के बौली बगीचा दुर्गा मंदिर प्रांगण में महान क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जहां भगत सिंह को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागवत कथा वाचक सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज को आमंत्रित किया गया। जहां उन्होंने कहा कि 28 सितंबर 1907 में भारत ने एक शेर को जन्मा था किंतु आज भारत देश का दुर्भाग्य है कि देश के ऐसे सपूतों को भूल चुके हैं। जिन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में अपने घर द्वार को त्याग कर अपना सर्वस्व राष्ट्र पर न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को यदि भगत सिंह के ऊपर दस लाईन निबंध लिखने को दे दिया जाए तो वे असमंजस में पड़ जाएंगे। किंतु इसका कारण विद्यालय प्रबंधन के साथ स्वयं उनके माता पिता इस पड़ोस और कहीं न कहीं सरकार भी है। महाराज जी ने जनता की ओर इशारा करते हुए कहा कि ऐसे पावन राष्ट्रीय मौके पर भी लोगों को जबरदस्ती फोन करके बुलाया जाता है तब भी लोग कार्यक्रम मे आने से बहाना कर जाते हैं, इससे बड़ा दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। वही मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार मिश्रा एवं कमलेश कुशवाहा नेवी भगत सिंह को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जयंती समारोह को सफल बनाने में लोकहितं संस्थान के प्रबंधक शिवम खत्री, अंकित मित्तल, भानुमति देवी, राजेंद्र पाठक, रानी पाठक एवं राधिका पाठक ने भरपूर सहयोग किया।

### दुर्गाबाड़ी में अमावस्या पूजा कल से



**लोहरदगा।** आगामी 01 अक्टूबर को दुर्गा बाड़ी मां झारखंडेश्वरी काली मंदिर में अमावस्या पूजा का आयोजन किया गया कि इसकी जानकारी मंदिर समिति के तापस राय ने दी, उन्होंने बताया कि मंगलवार रात्रि 09 बजे दुर्गा बाड़ी में अमावस्या पूजा का आयोजन किया गया है जो देर रात 12 बजे तक चलेगी। वहीं दूसरे दिन 02 अक्टूबर बुधवार को संध्या 07 बजे भंडारे का भोग वितरित किया जाएगा। उन्होंने श्रधालुओं से भंडारे में शामिल होने की बात कही है।

#### आजीविका महिला संकुल स्तरीय सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा

## महिलाओं को सरकार बना रही स्वावलंबी : रीना कुमारी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

ग्रामीण विकास विभाग , झारखण्ड सरकार के अंतर्गत पलास जेएसएलपीएस ( झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ),लोहरदगा सदर प्रखंड के हरमू आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा कुटमू गांव में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रिना कुमारी एवं प्रखंड प्रमुख सुनिता कच्छप ने संयुक्त रूप से किया । संकुल के पदाधिकारियों ने अपने वार्षिक लाभ-हानि प्रस्तुत किये, परिसम्पतियों की जानकारी, वार्षिक कार्य योजना, कैडर दीदी के कार्य बताए गए। सक्सेस स्टोरी के माध्यम से आजीविका बढ़ाने के अवसरों का कार्य,कृषि- पशुपालन कार्य, छोटे- छोटे व्यवसाय का शुरूआत कर आजीविका बढ़ाने का कार्य,कौशल विकास योजना, लखपति दीदी योजना, पशु धन विकास योजना, सखी मण्डल का नियमित संचालन, समूह ऋण - बैंक ऋण का समुचित उपयोग, ब्याज का समय पर वापसी के बारे जानकारी दिये। जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से स्वरोजगार के नये अवसरों को आजीविका बढ़ाने के लिए कार्य करें। महिला उत्पीडन,अंधविश्वास से बाहर निकलने का प्रयास करें पलास मार्ट जैसे नए- नए व्यवसाय शुरू करने के जागरूक करने का संदेश दिये` जे.एस.एल.पी.एस के सुनिल रजक ने महिला उत्पादक कंपनी का संचालन के अंश पूंजी बढ़ाने, सरकार के सभी योजनाओं का लाभ समूह सदस्यों तक पहुंच बनाने का सर्वे करने के बारे बताए` कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुनिता टोप्पो ने महिलाओं के प्रेरणा स्वरूप आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिए, इस कार्यक्रम में संकुल के पदाधिकारी एवं अतिथियों के माध्यम उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न कैडर- ग्राम संगठन को पुरस्कृत किया गया` इसमें सभी कैडर,अजीत,रेशमा, रश्मि, अन्नपूर्णा, रिता,संकुल के सभी महिला सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।






### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : सत्यम

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के प्रयास से तरुण पांडे के द्वारा एक यूनिट रक्तदान किया गया। जानकारी के अनुसार बरवा टोली निवासी कारतूस मांझी को रक्त की आवश्यकता थी। रक्तदाता तरुण पांडे ने कहा कि रक्तदान करने से बहुतों का जीवन बचता है। रक्तदान महादान है आपका एक दान से किसी का जीवन की रक्षा कर सकते हैं। संकल्प पत्र अभियान नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान के बराबर है इसमें सभी कोई को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि आने वाले समय में किसी को रक्त के लिए किसी प्रकार का कोई परेशानी ना हो।

### 37 बूथों पर सुना गया पीएम का मन की बात कार्यक्रम

**कैरो/लोहरदगा।** रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात को मण्डल क्षेत्र के सभी 37 बूथों में रेडियो टेलीविजन मोबाइल के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओ व आम लोगों द्वारा सुना गया। मौके पर जिला मंत्री कैलाश महतो ने कहा कि देश के विकास पुरुष प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के माध्यम से सीधे जनता से जुड़ने का काम करते हैं वे आम लोगो से बात भी करते हैं देश के प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश चहुमुखी विकास कर रही है। आने वाले विधान सभा चुनाव में प्रदेश में भी भा ज पा गठबंधन की सरकार का बनना तय है। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो,मनोज साहू,विवेक परजपत्ति,विशेश्वर प्रसाद दीन,सुरजमोहन साहू,लखन उरांव,बजरंग उरांव,गोविंद महतो,राधे साहू,मोहन साहू आदि ने भी मन की बात सुनी।

## स्वच्छता मिनी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन आज

**लोहरदगा।** स्वच्छता ही सेवा-2024 अंतर्गत दिनांक 30.09.2024 को स्वच्छता मिनी-मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह दौड़ प्रातः 6.30 बजे समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी मोड़, साइडिंग, पावरगंज चौक, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, भठ्ठी चौक, नगर परिषद कार्यालय रोड, अलका सिनेमा (न्यू रोड), पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए समाहरणालय मैदान में संपन्न होगी। इस स्वच्छता मिनी मैराथन प्रतियोगिता में जिले के कोई भी नागरिक/छात्र/छात्राएं/कर्मी एवं अन्य भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी स्वच्छ भारत अभियान के समन्वयक परवेज आलम ने दी।

## दफादार चौकीदार पंचायत ने मंत्री व सांसद को लिखा पत्र



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार व लोहरदगा सांसद को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है। पत्र में चौकीदारों ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर राजभवन रांची के सामने अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर पिछले छह दिनो से बैठे हैं। हमारे राज्याध्यक्ष कृष्णदयाल सिंह व पांच साथी अनशन पर है। इन सभी का हालत खराब हो गया है। कोई ट्रीटमेंट नहीं मिल रहा है। सरकार के तरफ से कोई व्यवस्था नहीं मिल रहा है। अगर इन्हें जांच इलाज नहीं किया गया तो कुछ भी हो सकता है। आप जनप्रतिनिधि है, अपने स्तर से सरकार से पहल करते हुए आमरण अनशन तुड़वाने का कष्ट करें और हम लोगों को न्याय दिलाने का काम करें। उक्त जानकारी लोहरदगा जिलाध्यक्ष समशुल अंसारी ने दी।

# ट्रेन चढ़ने के क्रम में एक महिला का कटा पैर, मेडिका रांची रेफर

### जय श्री राम समिति ने इलाज में सक्रिय भूमिका निभाई, आर्थिक मदद भी की

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सदर प्रखंड के ईदगांव स्टेशन में ईटा निवासी गिरधारी उरांव की पत्नी प्यारी देवी की सुबह ट्रेन हादसे में पैर कट गया। जय श्रीराम समिति के प्रयास से कटा हुआ पैर के साथ एंबुलेंस में सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया। जहां डॉ आरपी साहू के द्वारा उचित ट्रीटमेंट किया गया ' साथ ही डॉक्टर के सलाह के अनुसार मेडिका हॉस्पिटल रांची रेफर किया गया। डॉक्टर ने कहा समय रहते पैर को बचाया जा सकता है इसलिए जल्द से जल्द इसकी उचित इलाज जरूरी है। जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने तत्काल एंबुलेंस से मरीज को रांची रेफर किया। साथ ही कुछ तत्काल आर्थिक मदद करने के साथ-साथ आगे भी सहयोग करने की बात कही ' जानकारी के अनुसार बरही ईटा गांव निवासी धन कुमार की पत्नी प्यारी देवी रांची जाने के लिए इरगाँव स्टेशन पहुंची थी। जहां सुबह के पहली ट्रेन चढ़ने के क्रम में ट्रेन चढ़ने के क्रम में पैर फिसल गया। जिससे दाहिना पैर कट गई। इधर रेल हादसे में हुई घटना को लेकर जय श्रीराम समिति ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि रेलवे की ओर से किसी प्रकार का सहयोग नहीं हुआ। इस घटना को लेकर जल्द ही अधिकारियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग करेंगे ' ओम ओम महतो ने बताया की अस्पताल में मरीज के आने के बाद आधे घंटे तक अस्पताल के इर्द-गिर्द चिकित्सक के चैंबर और ओपीडी में घूमते रहे लेकिन कोई भी एक डॉक्टर अस्पताल के अंदर उपस्थित नहीं मिले जिससे मरीज को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कही जाकर डॉ आरपी साहू आये और प्राथमिक इलाज किया। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला महामंत्री प्रदीप साहू,हेमंत वर्मा,ओम महतो,अनुज कुमार,जीवन महतो,सुबोध प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।





## भैसमुदो में सुना गया पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम




नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

रविवार को भाजपा जिला प्रकोष्ठ के बालकृष्णा सिंह ने मन की बात विशुनपुर विधानसभा के भंडरा प्रखंड के भैसमुदो गांव में बूथ संख्या 82 में भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठकर सुनी।उन्होंने कहा की पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं बालकृष्णा सिंह ने कहा की पीएम मोदी ने जनता को ईश्वर का रूप दिया है। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान पर विशेष बल दिया और कई उदाहरण रखें कि किस प्रकार से झांसी में एक नदी को कई महिलाओं ने जल सहेली बनकर बचाया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने जल शक्ति उत्पन्न की और देश के अन्य हिस्सों में भी महिलाएं जल संरक्षण पर काम कर रही हैं।पीएम मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि हजारों वर्ष पुरानी धरोहरों को वापस लाया गया लगभग 300 कलाकृतियां अमेरिका ने उन्हें सौंपी, साथ ही पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी बेहद सफल बताया,उन्होंने कहा की पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवाओं को नई ऊर्जा देता है और युवाओं को पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित अभियान में जुड़ जाना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुथ अध्यक्ष सूरज यादव ,रामप्रसाद महतो ,जिला उपाध्यक्ष भाजपा बाल कृष्णा सिंह, विवेक सिंह ,अभिषेक सिंह ,आनंद सिंह ,कांति देवी ,बुद्धमानी देवी, गीता देवी, जूली देवी ,निर्मला देवी ,संध्या कुमारी, घनश्याम महली, मनबोध ठाकुर, मंटू साहू सहित बुथ कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा विधानसभा क्षेत्र में विकास को और गति देनी है

**खूंटी।** नीलू फैंस क्लब के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय कचहरी मैदान में खिलाड़ी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नीलू फैंस क्लब के संरक्षक सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। इस अवसर विधायक ने कहा कि खूंटी खिलाड़ियों के लिए नर्सरी है। यहां से कई खिलाड़ी देशा-विदेश में अपना परचम लहरा चुके हैं। नीलू फैंस क्लब केवल हॉकी, फुटबॉल और कबड्डी खेलने का क्लब नहीं है। इसका उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना है। क्षेत्र के विकास को गति देना और खूंटी विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र से वे पांचवी बार विधायक बने हैं। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव तक सड़क, पुल बनवाये, गांव-गांव तक बिजली पहुंचाई. हजारों तालाब खुदवाये. खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लगातार विकास के लिए नीलू फैंस क्लब के जो उम्मीदवार होगा।

## एक नजर

### गोपनीय रिपोर्ट नहीं बनी तो कोल इंडिया कर्मियों की लटकेगी पदोन्नति

**धनबाद।** कोल इंडिया के स्थापना दिवस एक नवंबर को होने वाली कर्मचारियों की पदोन्नति इस बार फंस सकती है. क्योंकि कोल इंडिया के एक लाख से अधिक कर्मियों की अब तक वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है. यदि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में रिपोर्ट तैयार नहीं हुई तो पदोन्नति में परेशानी हो सकती है. कोल इंडिया की ओर से बीसीसीएल, ईसीएल समेत कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों को कोल इंडिया मुख्यालय से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि लगभग 218000 कर्मियों में से मात्र 111000 कर्मियों की रिपोर्ट मिली है. अभी एक लाख कर्मियों की रिपोर्ट नहीं पहुंची है.कोल इंडिया के महाप्रबंधक कार्मिक व औद्योगिक संबंध गौतम बनर्जी ने बताया कि सितंबर में मिली रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुईं शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सदर विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक एवं पार्टी के गतिविधियों में काफी सक्रिय है। रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावां में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुई। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश प्रति संबोधन को सुना। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर अपने मासिक कार्यक्रम ह्यमन की बात के 114 वे एपिसोड रहा। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने 02 अक्टूबर को गांधी मैदान में भाजपा का परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का लोगों को आमंत्रित किया एवं



सदर विधानसभा क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि ह्यमन की बात की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है। वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके बारे में जानकर मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शिता सोच के कारण देश विश्व पटल पर अपना एक नया स्तंभ स्थापित कर रहा है। हर वर्ग का सम्मान एवं हर वर्ग का विकास हो रहा है। केंद्र सरकार के संचालित योजनाओं से हर जरूरतमंद लाभांवित होकर अपनी जीवन शैली को स्वर्णिम बना रहे हैं। मौके पर राजु गुप्ता, पियुष गुप्ता, जयपाल सिंह, सुबोध वर्मा, अनील वर्मा, अजय साव, नवीन मिश्रा, रवि मिश्रा, रवि गुप्ता, राजकुमार साहू, कविता देवी, मुनीया देवी, टिंकी देवी, विनोद निषाद, बबलू मिश्रा, संतोष कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### स्कूल में मोटिवेशनल स्पीकर ने आजीवन खुश रहने का मंत्र बताया

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार (एनआरएसपी) टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज (ह्यआजीवन खुश रहने का मंत्रह्य) कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने लगभग ढाई घंटे तक प्रशंसा, प्रेरणा व प्रोत्साहन से पाएं सुख, शांति, समृद्धि से संबंधित सकारात्मकता से भरे अपने विचार विस्तार से कई प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किये. उन्होंने आगे कहा कि हर व्यक्ति के जुबान पर मां सरस्वती विराजमान है. विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही बेहतर जीवन का निर्माण करती है. आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे. हर्ट न हों क्योंकि हर्ट सबसे निम्नतर ऊर्जा है जो आपके जीवन में आते हुए सुख, शांति, समृद्धि को रोकती है।

# सीजीएल परीक्षा धांधली के खिलाफ हजारीबाग से रांची तक पदयात्रा पर निकले सैकड़ों युवा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बीते 21 एवं 22 सितंबर को पूरे झारखंड में जे.एस.एस.सी के द्वारा सीजीएल की परीक्षा ली गई थी इस परीक्षा को लेकर पूरे झारखंड में नेट बंद भी किया गया था। इसके बाद भी परीक्षा में धांधली तथा प्रश्न पत्र पहले ही लीक हो चुका था जिसको लेकर छात्रों के द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है, इसी को लेकर रविवार को सैकड़ो छात्रों के द्वारा हजारीबाग से रांची तक पद यात्रा करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए रवाना हुए है। उनके समर्थन में युवा नेता हर्ष अजमेरा ने छात्रों के हित में एक सशक्त कदम उठाते हुए सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली के विरोध मे पदयात्रा में भाग लिया, हाथों में तिरंगा झंडा लेकर छात्रों के साथ कदम से कम चल रहे थे। हजारीबाग से रांची तक यह पदयात्रा, जो छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के खिलाफ एक प्रतिरोध का प्रतीक है, हर्ष अजमेरा के समर्थन के साथ और भी सशक्त हो गई है। पदयात्रा में युवाओं की भारी भागीदारी और उत्साह इस मुद्दे पर उनके गहरे आक्रोश और न्याय की मांग




का प्रतीक है। हर्ष अजमेरा के इस समर्थन ने पदयात्रा को और भी मजबूत और प्रेरणादायक बना दिया है.पदयात्रा के दौरान हर्ष अजमेरा ने छात्रों को खान-पान की बेहतर व्यवस्था करवाई. सीजीएल परीक्षा,जो सरकारी नौकरियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, हर्ष अजमेरा ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए छात्रों के साथ खड़े होने का संकल्प लिया है। उनका कहना है, छात्रों के साथ हो रहे इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह केवल उनकी मेहनत और सपनों का सवाल नहीं है, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा का भी सवाल है। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा, छात्र हमारे देश के भविष्य हैं, और उनके साथ अन्याय किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके अधिकारों के लिए लड़ें और यह सुनिश्चित करें कि उनकी मेहनत और समर्पण के साथ कोई खिलवाड़ न हो। साथ ही श्री अजमेरा ने छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए कहा यह केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक संघर्ष है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता।

### मैथन में मुखिया ने 650 जरूरतमंदों के बीच बांटे कपड़े

**धनबाद।** दुगार्पूजा के मद्देनजर मैथन कालीपहाड़ी उत्तर पंचायत के मुखिया बबलू चौधरी की ओर से रविवार को डीवीसी कर्मचारी संघ मैदान में 650 जरूरतमंदों के बीच नए वस्त्र का वितरण किया गया. 300 महिलाओं को साड़ी, 200 बच्चों व 150 लड़कियों को नए कपड़े दिए गए. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी की पत्नी आनंदित चटर्जी ने सभी महिलाओं व बच्चों को नए कपड़ा अपने हाथों से दिए. मुखिया बबलू चौधरी ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में आम लोगों के बीच साड़ी, शर्ट, फ्रॉक इत्यादि का वितरण किया गया है. गरीब एवं असहाय लोगों के चेहरे पर खुशी लाना पुण्य का काम है. पूजा-त्योहार पर गरीब लोगों को नए कपड़े मिलें, यह मेरा प्रयास रहता है।

### आदित्यपुर में झामुमो का नगर सम्मेलन

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में झामुमो पार्टी का नगर सम्मेलन ऑटो क्लस्टर सभागार में रविवार को सम्पन्न हुआ. नगर सम्मेलन की खास बात यह रही कि इसमें पार्टी से 20 वर्ष से दरकिनार किए गए पार्टी के नेता और पुराने कार्यकर्ता जोशोखरोश से शामिल हुए. सम्मेलन में महिलाओं और पुरुष कार्यकताओं में गजब का जोश और उत्साह दिख रहा था. सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ कर जाने से कोई फर्क पड़ेगा, पार्टी के कार्यकर्ता और कैडर आज भी झामुमो के साथ है. चूंकि हमलोगों ने बलिदान और आंदोलन से झारखंड को स्थापित किया है. इस सम्मेलन में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, पार्टी के महासचिव और चुनाव पर्यवेक्षक राजू गिरी, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, वीरेन्द्र प्रधान, गुरुचरण मुखी, अमृत महतो, जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, उपाध्यक्ष भुंडा बेसरा, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भुगलू सोरेन, कृष्णा बास्के आदि मौजूद रहे।

# घाघरा के प्रखंड कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम में डॉ आशा लकड़ा हुईं शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)**

घाघरा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा मुख्य रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किसकु प्रखंड प्रमुख सविता देवी वीडियो दिनेश कुमार सीओ आशीष कुमार मंडल संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।वही अशा लकड़ा ने जन संवाद के द्वारा घाघरा प्रखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों से उनकी समस्या को लेकर सीधा संवाद स्थापित किया गया।जिसपर ग्रामीणों के द्वारा आवास योजना, सड़क, बिजली, राशन कार्ड, पानी



जमीन संबंधित डीलरों के द्वारा राशन नहीं देने का मामला मुख्य रूप से सामने आई साथ ही संजू भगत विमला पंचायत के हिसिरगांव में रोड पानी एवं खराब जल मीनार की बात रखी। वही संतोष उरांव बेलागड़ा पंचायत के हालमाटी गाँव के गेंदा फूल महिला मंडल के द्वारा राशन नहीं देने का आरोप लगाया। वही कुच्छ ग्रामीणों ने खतियान में नाम व जाति में गड़बड़ी हुई है। इसका मामला सामने आया है इसको गंभीरता से देखते हुए प्रखंड अंचलाधिकारी को मामले को देखने के लिए बोला गया है। क्योंकि 1932 के खतियान में सर्वे के टाइम यह गलती हुई है।

इसे सुधार करने के लिए मैं आगे भी बात रखुगी। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने लिखित आवेदन देते हुए टाना भगत डिग्री कॉलेज में बने नए छात्रावास की मरम्मत करने और रन्हे स्टेडियम का सुंदरीकरण कराने की मांग की वही रुकी से विमरला तक सड़क इटकीरी से भैंस बेथान तक सड़क बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन दिया गया जिस पर आशा लकड़ा के द्वारा कहा गया की इटकीरी से भैंस बथान तक का रोड आयोग के राज्य स्तरीय बैठक में उक्त सड़क की बात रखी गई है और उसका प्रकलण जल्द बनाकर सड़क का निर्माण होगा वहीं रुकी से विमरला तक के लिए स्टेट में आवेदन आयोग की तरफ से दी जाएगी ताकि जल्द सड़क का निर्माण कराया जा सके इसके साथ ही निधियां टोली के ग्रामीणों ने डीलर विष्णु उरांव से राशन नहीं दिए जाने की शिकायत भी किया जिस पर आशा लड़का ने जिला आपूर्ति पदाअधिकारी से युक्त राशन डीलर पर जांच कर कार्रवाई की बात की वही बीमारला गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंचने की बात ग्रामीणों द्वारा कही गई जिस पर वीडियो दिनेश कुमार को 7 दिनों के अंदर बिजली से संबंधित कार्य करने को लेकर निर्देश दिया।

# जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने तालाब जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय / गिरिडीह**

जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने रविवार को गांडेय प्रखंड के गजकुंडा पंचायत अंतर्गत टरमुंडा में तालाब जिर्णोद्धार को लेकर जिप अध्यक्षया मुनिया देवी ने अठारह लाख रुपए कि लागत से जिर्णोद्धार तालाब का विधिवत शिलान्यास किया गया। बता दे कि 15 वें वित्त आयोग अनुदान मद से अठारह लाख एकतींस हजार छः रुपए कि लागत से बनने वाली टरमुंडा में तालाब जिर्णोद्धार का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास में मुख्य रूप से उपस्थित जिप अध्यक्षया मुनिया देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी इस गांव में एक तालाब है जिसका जिर्णोद्धार होने पर उक्त गांव के लोगों को सिंचाई करने में, नहाने धोने में, जानवरों को पानी पीने में इसके साथ साथ लोगों को वाहन साफ सफाई करने में सहुलियत होगी। मौके पर गांडेय जिप सदस्य सालेहा खातुन,मो मकसुद, एन्थोनी स्वामी, मुफ्ती सईद आलम, भरतलाल शर्मा, मनीष कुमार, सुरेन्द्र लोहानी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## रक्तदान करना पुण्य का काम : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

दुर्गा पूजा समिति चाँदनी चौक घाघरा द्वारा रविवार को पंडाल परिषर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के 35 महिला पुरुष सदस्यों ने रक्तदान किया। जिसमें हेमंत झा, मनोज महापात्रा, अमित सिंह, रूपेश साहू, नीरज जायसवाल, ज्योति पांडेय, सीता झा, नीमा देवी, नीलम जायसवाल, अंशु कुमारी सहित अन्य लोग रक्तदाताओं में शामिल है। इसके पूर्व रक्तदान शिविर का उद्घाटन थाना प्रभारी तरुण कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि रक्तदान से बड़ा पुण्य का कार्य कोई भी नहीं है, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर रक्त लेने वालों को या उनके परिजनों को रक्त देने पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उद्घाटन अवसर पर सदय प्रताप जायसवाल, अध्यक्ष अमित नाग, सचिव संजय सिन्हा, राजेश कुमार, अरुण पांडेय, मुरली सिंह, भूपेंद्र नाथ राम, बिजय साहू सहित गुमला रक्त संग्रह की टीम में राकेश कुमार, संगीता कुमारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी भगाने का दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर थाना क्षेत्र के हुटार,बुकमा एवं जारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट टीम के द्वारा लोगों को जंगली हाथियों को अपने गांव व खेतों से दूर भगाने का प्रशिक्षण दिया गया मौके पर ट्रेनर डा रूद्रादित्य ने उपस्थित लोगों को बताया कि जब जंगली हाथियों का झुंड गांव में आता है तो उसे पत्थर तीर आदि से न मारें उन्हें गांव से खदेड़ने के लिए मशाल आदि का प्रयोग करें वहीं हाथी मिर्च के गंध से दूर भागते हैं इसलिए आप अपने खेतों में बोरा में मिर्च लपेटकर डंडा के सहारे उसे खेत में गाड़ दें और उसमें आग लगा दे जिससे मिर्च का गंध पूरे खेत में फैल जाए जिससे हाथी जंगल की ओर भाग जाए वहीं हाथियों को भगाने के समय उनके नजदीक न जाए रात में हमेशा टार्च और मशाल की मदद से उन्हें भगाने की कोशिश करें भगाने के दौरान उनपर पत्थर इत्यादि न चलाएं उससे वे उग्र होकर हमला कर सकते हैं वहीं हाथियों के द्वारा किसी का घर या



फसल बरबाद हुआ है तो उसका आवेदन बनाकर वन विभाग को दें ताकि समय से आपको मुआवजा मिल सके इस मौके पर चैनपुर वनरक्षी टीम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### चैनपुर बस स्टैंड पर चलाया गया सफाई अभियान

**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर, गुमला के एनएसएस स्वयंसेवकों ने 2024 के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बस स्टैंड चैनपुर पर सफाई अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने कचरा साफ किया, यात्रियों व दुकानदारों को सफाई के महत्व की जानकारी दी, और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर जोर दिया। इस अभियान से न केवल बस स्टैंड साफ हुआ, बल्कि स्थानीय लोगों में स्वच्छता की भावना भी बढ़ी। मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर अमित कुमार ने सभी दुकानदारों से अनुरोध किया कि अपने दुकान के सामने एक कूड़ेदान जरूर रखें और प्लास्टिक का उपयोग न करें, और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखें।



### तालाब में डूबने से हुई एक की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के चुंदरी गांव में जितिया करमा पर्व पर मेहमान आए 39 वर्षीय युवक साजिद अंसारी का शनिवार को चुन्दरी स्थित जतरा टोंगरी स्थित तालाब में नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गया । घटना की मिली जानकारी के अनुसार मृतक साजिद अंसारी ग्राम सिलदिरी, थाना ओरमांझी जिला रांची का रहने वाला है । वह जितिया करमा पर्व पर अपने दोस्त के लिए शनिवार लगभग 10:00 बजे चुन्दरी गाँव आया हुआ था । जिसके बाद खाना पीना खाकर जितिया मेला देखने जाने के लिए शनिवार को लगभग 2:00 बजे दो अन्य लोगों के साथ नहाने तालाब गया था । वहीं मृतक के साथ गए एक व्यक्ति कपड़ा धो रहा था एवं दूसरा अपने बच्चों को नहला रहा था । इस दौरान साजिद अंसारी साबुन लगाकर तालाब में डुबकी लगाया लेकिन बाहर नहीं निकल पाया जिसके तुरंत बाद मृतक के साथ गए लोगों ने अगल-बगल नहा रहे अन्य लोगों की मदद से तालाब में उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया ।

### रक्तदान शिविर में 144 यूनिट रक्त संग्रह

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास में रविवार को लद्दू उरांव कल्याण समिति व दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, लद्दू उरांव कल्याण समिति के सचिव नवमी उरांव तथा दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शिविर में कुल 144 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. इस मौके पर चाईबासा ब्लड बैंक और सूर्या नर्सिंग होम के स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे. मौके पर भुवनेश्वर महतो ने कहा कि चाईबासा ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए विधायक सुखराम उरांव द्वारा यह शिविर आयोजन किया गया।
यह काफी सराहनीय कार्य है।

**बितरी जाने वाले रास्ते में बने पुल से दुर्घटना की आशंका**

# घंटों परेशान होने के बाद बस को गढ्ढे से बाहर निकाला




**नवीन मेल संवाददाता। जारी**

चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड से बितरी जाने वाले रास्ते में बने पुल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है।आज दोपहर के समय बीतरी से रांची तक चलने वाली सवारी से भरी बिट्टू नामक बस दुर्घटना होते होते बच गयी।घंटो परेशानी होने के बाद बस को गढ्ढे से बाहर निकाला गया।बताते चलें कि पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। और इस रास्ते से दो चक्का व चार चक्का वाहनों का आवागमन होता है। पुल क्षतिग्रस्त होने से चालक जान जोखिम में डाल कर पार करते हैं।पुल का निचला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त है।ग्रामीण नीलम वेक,निहिमियस कुजूर, पॉल लकड़ा,तिंतीयुस तिर्की ने बताया कि पुल लगभग 20 से 30 वर्ष पहले बना था।अब वह जर्जर हो गया है।प्रशासन इस पुल पर ध्यान नहीं दिया, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।ग्रामीणों को चैनपुर,गुमला व रांची जाना होता है,तो बितरी गांव से निकल कर जारी गांव आकर बस चढ़ने के लिए मजबूर हैं।ग्रामीणों ने कहा कि इस पुल पर प्रशासन ध्यान दे और यहां पर एक नया पुल बनायें, ताकि ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो।अगर प्रशासन ध्यान नहीं देगा। तो हमलोग मिल कर आंदोलन करेंगे।

**भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

# विस चुनाव के बाद होगा क्षेत्र का समुचित विकास : सोनू एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। पालकोट**

पालकोट प्रखंड अंतर्गत कुल्लू खेड़ा पंचायत स्थित दामकारा मुरई टोली गांव के चर्च में रविवार को भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने परिवर्तन पदयात्रा के दौरान चलाया जनसंपर्क अभियान।इस अवसर पर क्रिश्चियन समाज के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।जनसंपर्क अभियान के निमित्त सोनू एक्का ने दामकारा मुरई टोली के क्रिश्चियन समाज के लोगों से उनकी और उनके गांव की सारी समस्याओं से अवगत हुये।इस अवसर पर लोगों ने सोनू एक्का को बताया। की गांव में सिंचाई की व्यवस्था नहीं है।जिसके कारण लोगों को खेती-बड़ी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।गांव तक जाने के लिये सड़क की उचित व्यवस्था नहीं है।लोग वर्षों से इसकी परेशानी झेल रहे हैं।गांव



में एक स्कूल है।जो मरम्मती के अभाव में बादहाल है।मौजूद ग्रामीणों की सारी समस्याओं से अवगत होने के बाद भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव के दौरान आप सभी सिमडेगा विधानसभा से सभी ग्रामीण भरपूर तरीके से भाजपा का सहयोग करें।और एक निष्पक्ष एवं ईमानदार विधायक का चयन करें। ताकी पालकोट प्रखंड क्षेत्र का बेहतर तरीके से विकास हो सके। लोगों को रोजगार मिले।जिससे गांव का बेरोजगारी दूर हो सके। और लोग खुशहालियों का जीवन व्यतीत कर सकें। सोनू एक्का ने कहा कि आप सभी की जितनी सारी समस्याएं हैं।विधानसभा चुनाव के बाद सारी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करुंगा।इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 114 वां कडी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्देशित सभी कार्यों को सशक्त रुप से करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर इब्राहिम खाखा,बालमकुंद महतो,सुबोध लकड़ा,विनोद किस्पोट्टा, संतोषी किस्पोट्टा, गुलाब लता किस्पोट्टा,सलोनी लकड़ा, रोशनी लकड़ा, जयमंती मिंज, अनोरबा मिंज, अनामिका किस्पोट्टा, सन्नी एक्का,अवधेश साईं सहित सैकड़ो की संख्या में क्रिश्चियन समुदाय के लोग उपस्थित थे।

**चेरवा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, कहा**

# पुल नहीं, तो वोट नहीं




**गावां / गिरिडीह।** गावां प्रखंड के कई इलाका आज भी विकास से अछूता है। जिसका नतीजा है कि अब लोग अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने पर उतर आए हैं। रविवार को गावां प्रखंड के चेरवा के ग्रामीणों ने पुल और सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। दरअसल सेरुआ पंचायत में एक चेरवा गांव बसा है। यहां गांव जाने के लिए सकरी नदी से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे बरसात के समय में लोगों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ता है। हालांकि गांव जाने के लिए एक और रास्ता है। लेकिन वह 5-6 किमी दूर पड़ता है। इस कारण लोग इसी नदी से होकर आवाजाही करते हैं। यह नदी आधा दर्जन से अधिक गांवों के साथ तिसरी प्रखंड को भी जोड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि यहां पुल और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद-विधायक के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के पास गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई पहल नहीं हुआ और अब चुनाव आ गया है। इस कारण हमलोग वोट बहिष्कार करने की घोषणा कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने पुल नहीं तो वोट नहीं के साथ नारेबाजी की।

## संपादकीय

# विकास को धराशायी करती जनसंख्या

सरकार कोई भी हो बड़े से बड़े अर्थशास्त्री का गणित भारत की अंधाधुंध बढ़ती जनसंख्या ध्वस्त कर रही है। हम जनसंख्या में चीन से आगे निकल चुके हैं और चीन तकनीक में आगे बढ़ता जा रहा है। समय की मांग है कि हम अपनी नीतियों और क्षुद्र राजनीति की समीक्षा करें। सिर्फ सरकार बनाना और समस्याओं को टालते जाना अच्छा प्रचलन नहीं है। अनेक राज्य सरकारें विकास के लिए आक्रामक होने के बजाय वोट के लिए बचाव की मुद्रा में हैं जो शुभ संकेत नहीं है। बेतहाशा बढ़ती हुई जनसंख्या आज दुनिया की सबसे बड़ी परेशानियों में से एक बन चुकी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण दुनिया के कई देशों में संसाधनों का बंटवारा ठीक तरह से नहीं हो पाता है। वहीं, कई देशों में वहां की बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं। जाहिर है कि यदि किसी भी देश की जनसंख्या लगातार तीव्र गति से बढ़ेगी तो उसी अनुपात में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ेगा। इसे भारत के संदर्भ में देखा जाए तो 13 सितंबर 2024 को भारत की जनसंख्या लगभग 1,453,567,738 थी, जो विश्व की कुल जनसंख्या (लगभग 8,176,283,486) का करीब 18 प्रतिशत है। गौरतलब है कि विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू-भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है। जरा सोचिए कि ऐसे में क्या देश में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इसी वर्ष अप्रैल के अंत में जारी संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' के अनुसार आज दुनिया भर के कुल 59 देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने के लिए मजबूर हैं। रपट के अनुसार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण 2022 में 2.4 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सामग्री के अभाव में भूखे रहना पड़ा था।यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता। गौरतलब है कि यूक्रेन और सूडान से कई देशों को गेहूं समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति की जाती है, तब उन आयातक देशों के निवासियों का पेट भरता है। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र की रपट इस बात की ओर भी साफ संकेत करती है कि जैसे-जैसे विश्व भर में जनसंख्या बढ़ती गई वैसे-वैसे ही भूखे लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि होती गई। बता दें कि भोजन के अभाव को लेकर रपट जारी करने की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र ने 2016 में की थी और 2016 की पहली रपट की तुलना में हालिया रपट में विश्व भर में भूखे लोगों की संख्या में चार गुणा की वृद्धि हो चुकी है। जाहिर है कि यदि जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया गया, तो दुनिया में भुखमरी की समस्या एक विकराल रूप ले सकती है और इससे निपटना अत्यंत कठिन हो जाएगा।

> विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू-भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है। जरा सोचिए कि ऐसे में क्या देश में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा।

# उथले जलभृतों का पुनर्भरण : भारत के शहरी जल संकट के समाधान का भाग

**एस. विश्वनाथ और इशलीन कौर**

> **भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है। विशेषकर, शहरी क्षेत्र अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर उत्तरोत्तर रूप से निर्भर होते जा रहे हैं।**

भारत में, भूजल शहरों में जल की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपेक्षाकृत कम गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत सदियों से जल के महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं। ऐसे समय में जब लंबी दूरी तक पानी पहुंचाना कल्पना से परे था, तब समुदायों ने अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उथले जलभृतों का रुख किया। सुगम्य गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत बढ़ती आबादी को किफायती और भरोसेमंद जल आपूर्ति प्रदान किया करते हैं। आज भी मौजूद ये कुएं और बावड़ियां, उस दौर की याद की दिलाते हैं, जब उथले जलभृतों का पुनर्भरण करने के लिए वर्षा जल का उपयोग करके पानी की किल्लत दूर की जाती थी। यद्यपि जैसे-जैसे आधुनिक शहरों का विकास होता गया, वैसे-वैसे इस परिदृश्य में सर्वत्र मौजूद रहने वाले ये साधारण से कुएं गायब होने लगे। अब इन कुओं की जगह काफी हद तक गहरे बोरवेल ले चुके हैं, जो खतरनाक गहराई पर भूजल भंडार का दोहन करते हैं। भारत, दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है। विशेष रूप से, शहरी क्षेत्रों में, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर निर्भरता निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसके कारण उथले जलभृतों में काफी कमी आई है, और बहुत लंबे समय तक, शहरी नियोजन में भूजल प्रबंधन को दरकिनार किया जाता रहा है। यद्यपि हाल ही में अप्रत्याशित वर्षा, अचानक बाढ़ और शहरी जल संकट- जैसी जलवायु चुनौतियों ने भूजल प्रबंधन के प्रति फिर से दिलचस्पी उत्पन्न की है। समाधान के तौर पर, वर्षा जल संचयन और शहरी जल निकायों के पुनर्भरण की परियोजनाएं उत्तरोत्तर रूप से इन प्राकृतिक भूमिगत जलाशयों का रुख कर रही हैं। अब अतिरिक्त वर्षा जल को संग्रहित करने और बाढ़ में कमी लाने की क्षमता के लिए जलभृतों का अध्ययन किया जा रहा है। वर्ष 2021 में अमृत 2.0 की शुरूआत ने जल प्रबंधन में आमूल-चूल बदलाव किया, जिसमें आखिरकार भूजल को 'शहरी' स्तर पर प्राथमिकता दी गई। मिशन ने न केवल भूजल पर निर्भर रहने बल्कि सक्रिय रूप से इसका प्रबंधन और संरक्षण करने की शहरों की आवश्यकता को पहचाना। इस मिशन के अंतर्गत, वर्ष 2022 में 10 शहरों में उथला जलभृत प्रबंधन (एसएएम) प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई थी। इस कदम का उद्देश्य शहर के अधिकारियों और समुदायों के बीच उथले जलभृतों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और भूजल की कमी, प्रदूषण और शहरी बाढ़ जैसी महत्वपूर्ण समस्?याओं से निपटने के लिए प्रभावी पुनर्भरण संरचनाओं को प्रदर्शित करना था। इसके तहत एक ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया, जहां शहर उथले जलभृत प्रबंधन को व्यापक जल रणनीतियों में एकीकृत कर सकें। इसका उद्देश्य सरल और वैज्ञानिक रूप से सही पुनर्भरण विधियों पर जोर देकर, उन तरीकों को पुनर्जीवित करना था जिनकी आधुनिक बुनियादी ढांचे की जद्दोजहद में अनदेखी की जाती रही थी। इस परियोजना ने प्रभावी उथले जलभृत प्रबंधन के संबंध में शहरों को महत्वपूर्ण समझ प्रदान की है। इस पहल ने स्थानीय जलभृत स्थितियों के अनुरूप पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 12 विशिष्ट दृष्टिकोणों और डिजाइनों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इनमें धनबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु में मौजूदा कुओं और बावड़ियों के पुनर्भरण से लेकर पुणे में उच्च पुनर्भरण क्षमता वाले क्षेत्रों का जलग्रहण उपचार तक शामिल है। ग्वालियर और राजकोट जैसे शहरों ने जलभृत प्रणालियों और भूजल गहराई का विस्तृत मानचित्रण किया है और शहर के स्तर पर पुनर्भरण संरचनाओं की एक सूची तैयार की है, जिससे भूजल प्रबंधन के लिए सुविचारित निर्णय लेने सुगम होता है। इस परियोजना ने स्थानीय समुदायों की जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इन पुनर्भरण संरचनाओं के सतत उपयोग को प्रदर्शित करने की दिशा में भी आशाजनक परिणाम दर्शाए हैं। बेंगलुरु के कांतीरवा नगर में, परियोजना के तहत बनाया गया पुनःसंयोजित किया गया एक कुआं अब लगभग 500 घरों को पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिसमें से गैर-पेय उपयोग के लिए प्रतिदिन एक लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है। इसी तरह, ठाणे के येऊर गांव में जनजातीय समुदाय के लोग गाद निकाले गए और पुनःसंयोजित किए गए कुओं से प्राप्त पानी से लाभान्वित हो रहे हैं। धनबाद और राजकोट में, जहां के शहरी क्षेत्र उथले कुओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वहां इस पहल ने अपने पायलट चरण से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। राजकोट नगर निगम ने एसएएम मैपिंग के आधार पर पूरे शहर में 100 से अधिक अतिरिक्त पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण पर काम शुरू किया है, जो उथले जलभृत प्रबंधन को बढ़ाने की दिशा में नए सिरे से जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह परियोजना जलवायु अनुकूलन और जल सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख विचारों का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम रही है। बेंगलुरु की जलवायु कार्य योजना में अब बेंगलुरु को जलवायु अनुकूल बनाने के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में भूजल प्रबंधन को शामिल किया गया है। पुणे ने शहर की भविष्य की जल योजनाओं में उथले जलभृत प्रबंधन को प्राथमिकता बनाए रखने के लिए नगर निगम में एक समर्पित भूजल प्रकोष्ठ भी स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2024-2025 में, पुणे नगर निगम ने जलभृत पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 1 करोड़ रुपये का एक समर्पित बजट आवंटित किया है, जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है। एसएएम परियोजना के माध्यम से हासिल प्रगति के बावजूद, बहुत काम अभी भी बाकी है। शहरों को यह स्वीकार करना होगा कि गहरे जलभृतों में सदियों से पानी के विशाल भंडार जमा हैं और उन्हें आम तौर पर सूखे जैसी आपात स्थितियों के लिए आरक्षित रखा जाना चाहिए। इसके विपरीत, उथले जलभृतों में पहली रक्षा पंक्ति के रूप में दैनिक जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपार संभावनाएं हैं, जो उन्हें शहरी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बनाती हैं। हालांकि, जैसे-जैसे शहर बढ़ रहे हैं, इन जलभृतों का पुनर्भरण करने वाली प्राकृतिक प्रक्रियाएं बाधित होती जा रही हैं। वर्तमान स्थिति में, जहां शहरी विकास सतह के अभेद्य होने, वर्षा जल का रिसाव बाधित होने और प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित होने के रूप में अभिलक्षित हो रही है, ऐसे में शहरों को झीलों, आर्द्रभूमियों और नदी के बाढ़ के मैदानों के पुनर्जीवन सहित उथले जलभृतों के कृत्रिम पुनर्भरण की दिशा में सतर्क हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। भारत का भूजल संकट जटिल है, लेकिन इसका समाधान हमारे बेहद निकट हो सकता है। शहर उथले जलभृतों का प्रबंधन करके अधिक लचीले और टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा दे सकते हैं। एसएएम परियोजना इस दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रदान करती है, लेकिन इसके सबक को बड़े पैमाने पर लागू करना होगा और पूरे देश में लागू करना होगा। भारत शहरी विकास और पानी की कमी की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में अब समय आ चुका है कि हम अपने पूर्वजों के ज्ञान को अपनाएं और जल-भूविज्ञान या हाइड्रोजियोलॉजी के साथ जुड़ें। उथले जलभृतों का पुनर्भरण करके और इसे एकीकृत शहरी जल प्रबंधन इकोसिस्?टम का हिस्सा बनाकर, शहर इस अमूल्य संसाधन को भावी पीढ़ियों के लिए पानी का भरोसेमंद स्रोत बना रहने देना सुनिश्चित कर सकते हैं। कबीर के शब्दों में: कुआं एक है, और पानी एक ही है। हमें याद रखना चाहिए कि आज हम जो पानी निकालते हैं, वह हमें कल भी जीवित रखेगा।

*1. सह-संस्थापक बायोम एनवायरमेंट सॉल्यूशन्स, बेंगलुरु।*

*2. वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ, राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, दिल्ली।*

## दुनिया की बात

# इजरायल का लक्ष्य ईरान को युद्ध में लपेटना है


ललित मोहन बंसल

वैश्विक तनाव, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास, सूडान गृहयुद्ध, दो अरब की भुखमरी और पर्यावरण असंतुलन की मार से संयुक्त राष्ट्रसंघ इन दिनों कैमरे में बंद है, इसके संरक्षक, मुखिया और चाहने वाले हाल-बेहाल हैं। 'यूक्रेन-रूस' युद्ध पर पश्चिमी तंज पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतने क्रुद्ध हैं कि उनके राजनयिक प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में धमकी दे डाली कि इस परम्परागत युद्ध में एक ने भी लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र का प्रयोग किया तो उसके परिणाम घातक होंगे। इधर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु ने संयुक्त राष्ट्र में कड़े तेवर अपनाते हुए युद्ध विराम को नकारा और अपने कमांडरों का आह्वान किया कि युद्ध की गति को बढ़ा दें। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों ने दो तिहाई देशों के साथ मिलकर इजरायल पर दबाव बनाने की पहल की थी। इसका त्वरित असर यह हुआ कि इजरायली वायुसेना ने चंद घंटों बाद लेबनान के दक्षिण में ईरान के 'छद्म फ्रंट' हेज्बुल्लाह ठिकानों को निशाना बना कर पांच सौ से अधिक फ्रंट समर्थकों को ढेर कर दिया और हजारों को घायल कर दिया। इसके चंद दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र में 'युद्ध नहीं, शांति' और विश्व बंधुत्व के संदेश की अनसुनी कर डाली। इजरायल और फिलिस्तीन के दशकों से चले आ रहे खूनी संघर्ष में भारत 'दो राष्ट्र सिद्धांत' को प्रश्रय देता आया है। इसके बावजूद अमेरिकी कंधे पर सवार इजरायल के कमांडो ने घने अंधेरे में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हुए शुक्रवार को सीरिया के उत्तर पश्चिम में आधुनिकतम प्रेक्षापास्त्र शोध केंद्र को ध्वस्त किया है, एक चौंकाने वाली घटना है। यही नहीं, शनिवार रात इजरायल ने हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की है। हेज्बुल्लाह के बड़े कमांडरों में अब गिनती के कमांडर रह गये हैं। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स की माने तो इजरायल और ईरान असल में बराबरी की टक्कर में हैं। ईरान 14वें नंबर पर है तो इजरायल 17वें पायदान पर है। ईरान के पास 551 तो इजरायल के पास 612 विमान हैं। ईरान के पास 186 लड़ाकू विमान हैं तो इजरायल के पास 241 लड़ाकू विमान हैं। टैंकों की स्थिति में ईरान आगे है। इजरायल का लक्ष्य ईरान क्यों है? न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लाह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजरायल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल की लत का असर


दिलीप कुमार पाठक

इन्टरनेट, सोशल मीडिया युग परिवर्तन का सबसे मुफीद उदाहरण हैं। जब कोई बहुत बड़ा परिवर्तन होता है तो समाज में भी तरह-तरह के परिवर्तन आते हैं। सोशल मीडिया के आगमन के साथ अन्य सुविधाओं आईं, उनका प्रत्यक्ष फायदा भी दिख रहा है, लेकिन उसके साथ ही इन्टरनेट, सोशल मीडिया की लत पीढ़ियां खराब कर रही है। बच्चे, बुजुर्ग, जवान सभी के सभी मोबाइल फोन में ऐसे चिपक गए हैं कि सभी की आभासी दुनिया तो बहुत विशाल हो गई है लेकिन वास्तविक दुनिया सिकुड़ गई है। हालाँकि सबसे ज्यादा बच्चों की हालत गंभीर है। हम आस-पास अपने घरों में देखते हैं तो हमारे छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल में डूबे हुए हैं। बच्चे जिद करते हैं, जब तक उन्हें भरपूर मोबाइल न देखने दिया जाए तब तक बच्चे खाना नहीं खाते। जब बच्चे स्कूल से आने के बाद खेलते थे, ये बात बीते दौर की हो चुकी हैं, अब बच्चे सिर्फ और सिर्फ मोबाइल देखते हैं। आंकड़ों से पता चलता है सोशल साइट्स पर घंटों सक्रिय रहने की लत एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिससे दुनिया भर के देश परेशान हैं। विभिन्न शोध बताते हैं कि भारत में करीब 22 फीसदी बच्चे और किशोर एक दिन में छह घंटे तक इंटरनेट पर बिता देते हैं। एक सर्वे के अनुसार महाराष्ट्र में 9 से 17 आयु वर्ग के औसतन 10 में से 6 बच्चे रोजाना तीन से छह घंटे सोशल मीडिया पर वक्त बिता रहे हैं। अमेरिका में करीब 40 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया या गेंमग की लत की गिरफ्त में कैद हो चुके हैं। सोशल मीडिया की लत बच्चों में अवसाद और अकेलेपन की समस्या को बढ़ा रही है, जिसे कोरोना काल में हुई ऑनलाइन पढ़ाई ने और ज्यादा बढ़ा दिया। हालांकि, उस समय ऑनलाइन पढ़ाई हालात की मांग थी लेकिन इससे बच्चों में स्क्रीन टाइम अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। अब हालात यह हैं कि कम उम्र में ही सिर दर्द, पीठ दर्द या गर्दन में दर्द सहित आक्रामक व्यवहार जैसे बदलाव बच्चों में देखने को मिल रहे हैं। बहुतेरे बच्चे न ढंग से सोते हैं, और न ही खाना खाते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर मिलने वाले लाइक और कमेंट हमारे दिमाग पर बहुत गहरा असर डालते हैं। इस प्रकार की प्रतिक्रियाएं ज़्यादा प्रभावित करती हैं। दूसरे हमें कितना पसंद और स्वीकार करते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जीवन के क्षण-भंगुर स्वप्नों के साथ मोह न रखें। ईश्वर और मात्र ईश्वर के लिए ही जीयें। इस संसार में मुक्ति और सुरक्षा का केवल यही मार्ग है, ईश्वर से परे कोई और सुरक्षा नहीं है।

# अपने भीतर से सर्वश्रेष्ठ को व्यक्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

हम वही हैं जो हम सोचते हैं कि हम हैं। हमारे विचारों की अभ्यस्त प्रवृत्ति हमारी प्रतिभाओं और योग्यताओं तथा हमारे व्यक्तित्व को निर्धारित करती है। इस प्रकार, कुछ लोग सोचते हैं कि वे लेखक या कलाकार, परिश्रमी या आलसी हैं, इत्यादि। यदि आप अपने वर्तमान में जो सोचते हैं कि आप हैं, उस व्यक्तित्व से भिन्न बनना चाहते हैं तो क्या करें? आप तर्क दे सकते हैं कि दूसरे लोग उस विशेष प्रतिभा के साथ जन्मे हैं जिसकी आपमें कमी है परन्तु आप उसे प्राप्त करना चाहते हैं। यह सत्य है। परन्तु उनको उस योग्यता की आदत का किसी समय यदि इस जन्म में नहीं, तो पिछले किसी जन्म में, विकास करना पड़ा था। इसलिए आप जो कुछ भी बनना चाहते हैं, अभी से उसके प्रतिरूप का विकास करना आरम्भ कर दें। आप अपनी चेतना में किसी भी प्रवृत्ति को अभी से स्थापित कर सकते हैं, यदि आप एक शक्तिशाली विचार को अपने मन में डाल दें, तो आपके कार्य और आपका पूरा अस्तित्व उस विचार का पालन करेगा। व्यक्ति को श्रेष्ठतर बनने की अभिलाषा को कभी नहीं त्यागना चाहिए। कोई व्यक्ति तभी बूढ़ा होता है जब वह परिवर्तन करने का प्रयास करने से मना कर देता है। मैं केवल उस निष्क्रिय अवस्था को ही 'बुढ़ापे' के रूप में मान्यता देता हूँ। जब कोई व्यक्ति बार-बार कहता है, मैं नहीं बदल सकता; मैं ऐसा ही हूँ, तब मुझे कहना पड़ता है, ?ठीक है, ऐसे ही रहो, क्योंकि आपने ऐसा ही रहने के लिए पक्का निश्चय कर लिया है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Harendra Sinha**
5h ·

हिमंत विस्वा सरमा ने असम में घुसपैठी बांग्लादेशियों को राज्य/देश से निकालने का जो कमाल का मॉडल प्रस्तुत किया है, पूरे देश में यही मॉडल लागू होना चाहिए। क्योंकि बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को विपक्ष, यानी ईडी अलायंस, ने अपना दामाद बनाकर देश भर में फैलाकर बसा दिया है। जड़ मूल सहित इनका नाश किया जाना ज़रूरी है।




1 · 1 comment
Like · Comment · Send · Share

## X से

**Kalpana Murmu Soren** @JMMK... · 18h

हेमन्त सोरेन ने झारखण्डियत का मान बढ़ाया

हेमन्त सोरेन ने मंईयां सम्मान दिया

हेमन्त सोरेन ने 200 यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त किया

हेमन्त सोरेन ने बिजली बिल बकाया माफ किया

हेमन्त सोरेन ने किसानों का कृषि लोन माफ किया

हेमन्त सोरेन ने अबुआ आवास दिया

हेमन्त सोरेन ने किशोरी समृद्धि Show more




120 · 125 · 700 · 13K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। **-संपादक**

## आज का दोहा

**नफरत के बाजार में, खुली एक दुकान।**
**जहां मुहब्बत बिक रही, राजनीति के दाम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# आदिवासी अधिकार वाले पेसा कानून पर गरमाई राजनीति


कुमार कृष्णान

लंबे जन संघर्ष के बाद 1996 में देश में पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा के नाम से जाना जाता है, लागू हुआ। मध्य प्रदेश के झाबुआ से सांसद रहे दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसकी अनुशंसा पर ही यह मॉडल कानून बना था। इस कानून के अनुसार, पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को आदिवासी समुदायों के गांव, समाज, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति के अनुरूप लागू किया जाना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों का वर्चस्व है। ये क्षेत्र 73वें संविधान संशोधन या पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते थे। पेसा अधिनियम का उद्देश्य भारतीय संविधान के भाग कके प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करना है। यह पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है।पांचवीं अनुसूची आदिवासियों की स्वशासन प्रणाली के संरक्षण और उनके सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास के लिए संवैधानिक ढांचा देती है। पेसा स्पष्ट रूप से कहता है कि आदिवासी समुदाय की समझ एवं परंपरा के अनुसार 'गांव' को परिभाषित किया जाना है। गांव की ग्राम सभा, जिसमें गांव के सभी मतदाता सदस्य होंगे, ही सामुदायिक संपत्तियों जैसे जल, जंगल, जमीन आदि की मालिक होगी। गांव में किसी प्रकार का भी विकास का कार्य ग्राम सभा की अनुमति से ही किया जाएगा। ग्राम सभा का निर्णय और राय सर्वोच्च माने जाएंगे। यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधन प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं। जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में बंधुआ मजदूरी की प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रवासी मजदूरों का रिकॉर्ड भी रखने का भी अधिकार देता है। देश के सात आदिवासी बहुल राज्यों ने इसे लागू कर दिया है। इसमें ग्राम सभा को अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आदिवासियों के अधिकार को लेकर पेसा एक्ट, 1996 यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया का मामला गरमाने लगा है। कई जगह नारा गुंजने लगा है- पहले पेसा कानून फिर वोट, नहीं पेसा कानून तो नहीं वोट। राज्यपाल संतोष गंगवार भी कह चुके हैं कि राज्य में पेसा कानून लागू करने की जरूरत है। वहीं झारखंड दौरे पर आयी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करें। झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है। झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। गांव के गांव खाली हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, लेकिन झारखंड में नहीं। हालांकि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच पी-पेसा एक्ट के तहत नियमावली की बात कर रहा है। यहां पी– पेसा में पी का मतलब उन 23 प्रावधान से है, जो अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष अधिकार देता है। यह मामला इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि 29 जुलाई 2024 को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। यह मियाद कुछ दिन में पूरी होने वाली है। लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक नियमावली को लेकर तस्वीर साफ नहीं की गई है। बहुत जल्द झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है। इसलिए आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवी संगठनों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

राष्ट्रीय नवीन मेल






# बिहार में बाढ़ से हाहाकार, एयरपोर्ट और हैलीपैड में घुसा पानी

- नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण रविवार सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जल छोड़ा गया।
- डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है।

**एजेंसी। पटना**

बिहार में वाल्मीकिनगर बराज, पश्चिम चंपारण और कोसी बराज, वीरपुर सुपौल जिले से लगातार पानी आने के कारण 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित हो गई है। नेपाल की सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले में स्थित एक मात्र टाइगर रिजर्व वाल्मिकीनगर के हवाईअड्डा के रनवे और हेलीपैड दोनों डूब गए हैं। यह सामरीक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण हवाईअड्डा है। क्योंकि, नेपाल सीमा पर यह स्थित है। इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा अतिविशिष्ट लोगों के इस्तेमाल के लिए किया जाता है। बिहार में भारी बारिश से सभी नदियां उफान पर हैं। नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण रविवार सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जल छोड़ा गया, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात तत्पर हैं। हालांकि, दोपहर में कोसी बराज में पानी का प्रवाह कम हो गया है। अररिया जिले के पलासी प्रखंड में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध ककोड़वा और डेहटी मीरभाग के समीप कुछ हिस्से में देर रात टूट गया। डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है। इसके कारण दक्षिण डेहटी और भिखा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी आने से दक्षिण डेहटी पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिले में बकरा, नूना, परमान और कनकई नदी में पानी घटने की रफ्तार बहुत सुस्त है।

## कठुआ में मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में एक स्थानीय पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। इसके अलावा दो अधिकारी घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एडीजीपी (जम्मू) आनंद जैन ने रविवार को बताया है कि शनिवार को कठुआ जिले के बिलावर इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल शहीद हुआ। वहीं, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा, आतंकवादियों की तलाश की जा रही है। जंगलों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद कठुआ जिले के बिलावर के खोग इलाके में एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने कहा, मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल (बशीर अहमद) की मौत हो गई, जबकि एक एएसआई और एक डीएसपी घायल हैं जिनकी हालत अब स्थिर है। एडीजीपी ने बताया है कि यहां पर तीन से चार आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना है। जानकारी मिली है कि वे विदेशी आतंकवादी हैं।

## महाराष्ट्र को 11,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का तोहफा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में 11,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो सेक्शन का उद्घाटन किया। बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया और सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। भिडेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के बालिका विद्यालय के स्मारक की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा, आज महाराष्ट्र को नए संकल्पों के साथ बड़े लक्ष्यों की जरूरत है। उन्होंने पुणे जैसे शहरों को प्रगति और शहरी विकास का केंद्र बनाने की जरूरत पर बल दिया। मोदी ने महाराष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने में विकास-संचालित शासन के महत्व को रेखांकित किया।

## दिल्ली के चुने हुए लोगों को उपराज्यपाल बहुत छोटा मानते हैं : सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच एक और विवाद सामने आया है। दिल्ली सरकार के मुताबिक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के कैबिनेट के मंत्रियों को न्योता नहीं मिला। आम आदमी पार्टी के मुताबिक इससे पहले अभी तक ऐसे कार्यक्रमों में हर बार दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्रियों को बुलाया जाता था। लेकिन, इस बार राजभवन से इस बार सिर्फ मुख्यमंत्री को शपथ में आने का न्योता मिला था। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल बड़े आदमी हैं, वे उन्हें बुलाएं या ना बुलाएं, यह उन पर है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल दिल्ली के चुने हुए लोगों को तो बहुत छोटा मानते हैं।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो युवाओं का नहीं दामाद का विकास होगा

## हिमाचल, कर्नाटक व तेलंगाना में राहुल का कोई वादा पूरा नहीं हुआ

**एजेंसी। चंडीगढ़**



- कि शक्ति का अपमान करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस को हरियाणा की जनता जवाब देगी।
- अगर हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आई तो वह हरियाणा के युवाओं का विकास की नहीं करेगी, बल्कि दिल्ली के दामाद का कल्याण करना ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में जितने वादे किए, उनमें से आजतक एक भी पूरा नहीं हुआ है। यही झूठ बोलने का काम वह हरियाणा में कर रहे हैं। अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर, नांगल चौधरी एवं इंद्री विधानसभा हलकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शक्ति का अपमान करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस को हरियाणा की जनता जवाब देगी। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आने पर वादों की झड़ी लगाने वाले राहुल बाबा की सभी गारंटियां फुस्स हो गई हैं। अगर हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आई तो वह हरियाणा के युवाओं का विकास की नहीं करेगी, बल्कि दिल्ली के दामाद का कल्याण करना ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य है। हरियाणा में एक ओर कांग्रेस के परिवार व दामाद के कल्याण के दस साल हैं, तो दूसरी ओर भाजपा के सुशासन के 10 साल हैं। भाजपा ने कभी भी जनहितों के साथ समझौता नहीं किया।

अमित शाह ने कठोह लहजे में कहा कि अग्निवीरों पर झूठ बोलने वाले राहुल गांधी सुन लें, हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को हरियाणा की भाजपा सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी। दस साल तक हरियाणा में रहकर राज करने वाली हुड्डा सरकार ने डीलरों और दामाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस ने दिल्ली के दामाद को धनवान बनाने के लिए किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन भेंट कर दी। गृहमंत्री ने कहा कि वह हरियाणा में कई हलकों में दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में कमल खिल रहा है और भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने वाली है।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण में अंधी हो चुकी है, इनके मंचों पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं और इनके नेता चुप रहते हैं।

## आरजी कर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सोमवार को

**नई दिल्ली।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या से जुड़े उस मामले पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें उसने स्वतः संज्ञान लिया है। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ 30 सितंबर को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई फिर से शुरू करेगी। पिछले सप्ताह पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर 27 सितंबर को निर्धारित सुनवाई को स्थगित कर दिया था। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार के उस आदेश की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने पर चिंता जताई थी।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने तिरुमला मंदिर में की पूजा-अर्चना



**एजेंसी। तिरुपति**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना दास और परिवार के अन्य सदस्यों ने वैकुंठ कतार परिसर से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। यह देवस्थानम बालाजी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकूला मंडपम में भारत के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार को वेदसर्वचनम अर्पित किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने सीजेआई को श्रीवारी की लेमिनेशन तस्वीर और तीर्थ प्रसादम भेंट की। इससे पहले, टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने बैकुंठ कतार परिसर में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का स्वागत किया।

## जमैका के प्रधानमंत्री आधिकारिक यात्रा पर कल आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर जमैका के प्रधानमंत्री डॉ. एंड्रयू होलनेस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यह उनकी और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री डॉ. होलनेस बहुपक्षीय बैठकों के दौरान कई बार मिल चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री डॉ. होलनेस प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

## आपत्तिजनक बयान पर सपा सांसद अफजाल के खिलाफ एफआईआर



**गाजीपुर।** हिन्दू धर्म के खिलाफ गलत बयानबाजी करने पर सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने रविवार को बताया कि अफजाल अंसारी के आपत्तिजनक बयान का पुलिस ने संज्ञान लिया है। चौकी प्रभारी राजकुमार शुक्ला की तहरीर उनके खिलाफ 353 (3) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि गांजा को वैध कर देना चाहिए। लाखों-करोड़ों लोग खुलेआम गांजा पीते हैं। उसे भगवान का प्रसाद और भगवान की बूटी कहकर पीते हैं। भगवान की बूटी है, तो अवैध क्यों? अपने योगी बाबा से कहिए गांजा को कानून में मान्यता दिलाएं। अगर गांजा कानूनन अवैध है, तो पीने की छूट क्यों है। ये दोहरी नीति नहीं चलेगी। कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा। साधु, सन्त, महात्मा और समाज के बहुत लोग गां जा बड़े शौक से पीते हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा था कि यकीन नहीं हो तो मेरे साथ गाजीपुर के मठों में चलकर देखिए। लखनऊ में भी पी रहे हैं। मेरी मांग है कि इसे कानून का दर्जा दे दीजिए।

## असम में आठ घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं रही बंद

**गुवाहाटी।** असम में रविवार को सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आठ घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस कारण राज्य के लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। यह कदम इसलिए उठाया गया है कि राज्य में सीधी भर्ती परीक्षा में कोई गड़बड़ी न हो। परीक्षा राज्य भर के 800 से अधिक केंद्रों पर रविवार सुबह 9 बजे से शुरू हो गई है। राज्य के 27 जिलों में सात लाख से ज्यादा अभ्यर्थी लिखित परीक्षा देंगे। इंटरनेट सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बंद रहेगा। हालांकि, वॉयस कॉल और फिक्स्ड टेलीफोन लाइनों पर आधारित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी चालू रहेगी। आज दो शिफ्टों में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा में 7 लाख 34 हजार 80 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। बैचलर डिग्री लेवल के क्लास-3 पदों के लिए पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी और एचएसएलसी (ड्राइवर) पदों के लिए दूसरी शिफ्ट दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी। पूरे असम में 822 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा होगी। परीक्षा से पहले जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया था, कुछ परीक्षा केंद्रों में धोखाधड़ी और अन्य गड़बड़ियों का पुराना इतिहास रहा है।

## बदलापुर दुष्कर्म एनकांटर : आरोपित के शव को भारी सुरक्षा के बीच दफनाया गया

**मुंबई।** बदलापुर दुष्कर्म मामले के मृतक संदिग्ध आरोपित अक्षय शिंदे का शव रविवार शाम को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच उल्हासनगर के शांतिनगर श्मशान भूमि में दफना दिया गया। अक्षय शिंदे के शव को दफनाने का पूरजोर विरोध किया गया था। इस मौके पर मृतक अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे सहित सभी रिश्तेदार भी उपस्थित थे। रविवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच अक्षय शिंदे का शव कलवा स्थित शिवाजी अस्पताल से लाया गया। इसके बाद अक्षय शिंदे का शव उनके रिश्तेदारों को सौंपा गया। शव को दफनाने के लिए उल्हास नगर शांतिनगर श्मशान भूमि पर गड्ढा खोदा गया था, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। इस पर श्मशान भूमि पर खोदे गए खड्डे को बंद कर दिया। बाद में पुलिस ने विरोध करने वालों से सख्ती से निपटा और जेसीबी से फिर गड्ढा खोदकर शाम को अक्षय शिंदे के शव को दफन करा दिया।

## टोल प्लाजा पर देर हुई तो नहीं देना होगा टैक्स, जानें क्या है नियम

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े सड़क नेटवर्क की बात होती है तो इस लिस्ट में भारत का नाम भी आता है। सड़कों की मरम्मत हो या इसका रखरखाव, इसे संभालना भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए धन जुटाने के लिए स्टेट और नेशनल हाइवे पर कुछ किलोमीटर की दूरी पर टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। हालांकि, हर एक्सप्रेसवे या हाइवे का टोल शुल्क एक जैसा नहीं होता है। लेकिन आपको टोल प्लाजा के उन नियमों के बारे में बताते हैं, जिसकी वजह से टोल टैक्स पूरी तरह फ्री हो सकता है। देश के स्टेट, नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस वे से रोजाना करोड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। इस दौरान वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देना पड़ता है। हालांकि, कई बार टोल प्लाजा पर लंबी लाइन होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना तो करना पड़ता ही है, साथ ही उन्हें टोल भी चुकाना पड़ता है। मगर कुछ साल पहले एक नियम लाया गया था, जो न सिर्फ लोगों के लिए राहत देने वाला था।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## मायावती ने कांग्रेस को बताया आरक्षण विरोधी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताते हुए हरियाणा विधानसभा उपचुनाव में दलित समाज के लोगों से भाजपा-कांग्रेस को वोट न देने की अपील की है। मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हरियाणा में हो रहे उपुचनाव के दौरान कांग्रेस लगातार दलितों की उपेक्षा व तिरस्कार कर रही है। इससे ये साबित होता है कि पार्टी में अभी सब कुछ ठीक नहीं है।

## इलेक्टोरल बांड मामले में सीतारमण के खिलाफ एफआईआर में कांग्रेस की भूमिका नहीं : जयराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस पार्टी का कहना है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर में पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। बेंगलुरु की विशेष अदालत ने इलेक्टोरल बांड के जरिए उगाही की शिकायत पर एफआईआर का आदेश दिया था। हालांकि, कांग्रेस पार्टी पहले ही इस मुद्दे को उठाती रही है। इलेक्टोरल बांड मामले में एक विशेष अदालत के आदेश पर बेंगलुरु में दायर एफआईआर पर आज डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और जयराम रमेश ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के तहत सभी पार्टियों को चंदा प्राप्त हुआ है लेकिन केवल भारतीय जनता पार्टी ने इसे गलत तरीके से प्राप्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स का इस्तेमाल कर जबरन वसूली की है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एफआईआर को दर्ज करने की एक प्रक्रिया है। इसमें एक फिल्टर होता है और जांच होती है और जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। कुल आंकड़ा 8000 करोड़ है। उन्हें नहीं लगता कि वित्त मंत्री ने अकेले यह फैसला लिया है। यह फैसला शीर्ष अधिकारियों द्वारा लिया गया होगा।

# तमिलनाडु में सेन्थिलबालाजी सहित चार ने ली मंत्री पद की शपथ

### दया नीधि स्टालिन उपमुख्यमंत्री बने मंत्रिमंडल में राजेंद्रन, गोवी चेझियान और एसएम नासर को भी मिली जगह

**एजेंसी। चेन्नई**



तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने रविवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में चार लोगों को कैबिनेट मंत्री पद व गोपयनीयता की शपथ दिलाई। इन चार लोगों में वी सेंथिलबालाजी, आर राजेंद्रन, गोवी चेझियान और एस एम नासर शामिल है। रविवार दोपहर बाद चेन्नई के राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल आर एन रवि ने वी सेंथिलबालाजी, आर राजेंद्रन, गोवी चेझियान और एस एम नासर को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत किए गए उदयनिधि स्टालिन मौजूद थे। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद राजभवन से अधिसूचना जारी कर मंत्रियों के विभागों का भी बंटवार कर दिया गया। लगभग सात महीने बाद राज्य के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सेंथिलबालाजी को पूर्व की भांति बिजली और निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभागों को बरकरार रखा है। सेंथिलबालाजी ने पिछले वर्ष 14 जून को प्रवर्तन निदेशालय के धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी के बाद इस वर्ष फरवरी में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अधिसूचना के अनुसार मंत्रिमंडल में शामिल गोवी चेझियान को उच्च शिक्षा विभाग आवंटित किया गया है। इसके अलावा मंत्री राजेंद्रन को पर्यटन विभाग और एसएम नासर को अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्रालय सौंपा गया है। नए मंत्रियों और कैबिनेट के मौजूदा सदस्यों के साथ एक फोटोकॉल में उदयनिधि को राज्यपाल रवि के बाईं ओर बैठे देखा गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि को शनिवार को अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया था।

### चुनाव हार रही पीडीपी

## आखिरी दिन हमास के नाम पर ली छुट्टी : जी किशन रेड्डी



**एजेंसी। जम्मू**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को हिजबुल्ला के चीफ नसरल्ला की हत्या पर पीडीपी द्वारा शोक प्रकट करने और चुनावी कैंपेन रद्द करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। महबूबा मुफ्ती के चुनावी दौरा खत्म करने को लेकर जी किशन रेड्डी ने कहा कि उनका कोई कैंपेन नहीं था, इससे पहले भी वो कोई बड़ा चुनावी कैंपेन नहीं करती थीं। अब आखिरी चरण की वोटिंग से पहले उन्होंने हार मान ली है और हमास के नाम पर छुट्टी ले लिया है। कश्मीर के अंदर नसरल्ला की मौत को लेकर हो रहे विरोध पर भाजपा नेता ने कहा कि सबका अपना व्यक्तिगत विषय है। हमास और इजरायल से हमारा कोई संबंध नहीं है, यह एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है। जम्मू-कश्मीर आज शांत है, इस शांति को बरकरार रखने के लिए और यहां के लोगों के भविष्य के लिए सभी लोगों को संयम से रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता ने कहा कि दुनिया में एक ही प्रधानमंत्री हैं, जो हर महीने बिना राजनीतिक मंशा से भारत की संस्कृति और विकास के बारे में बताते हैं। पिछले 10 वर्ष से हर महीने मन की बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं देता हूं। दरअसल, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्ला नेता नसरल्ला को शहीद बताया था और उन्होंने विरोध में चुनाव प्रचार करने से भी इनकार करने का फैसला किया। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने नसरल्ला की मौत पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा था, लेबनान और गाजा के शहीदों, खासतौर से हसन नसरल्ला के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों को किया जाएगा लाभान्वित : शिवराज सिंह



**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को इछावर में आयोजित कार्यक्रम में आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनेक परिवारों के पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। जो पात्र लोग इस योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं, उनको इस योजना से लाभान्वित करने के लिए नया सर्वे शुरू किया जाएगा और वंचित लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदेगी।

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से हराया, 2-0 से जीती सीरीज




**गाले (श्रीलंका)।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को पारी और 154 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। पिछले 15 वर्षों में यह पहला मौका है, जब श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती है। मैच में कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली पारी में नाबाद 182 रन बनाए थे। स्पिनर प्रभाथ जयसूर्या 18 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। श्रीलंका ने पहली पारी 5 विकेट पर 602 रन बनाकर घोषित की थी। इसके बाद न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ढेर हो गई थी। इस तरह न्यूजीलैंड को फॉलोआन का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा पाए। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 360 रन सिमट गई और उसे पारी और 154 रनों से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने पहला टेस्ट 63 रन से जीता था। दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पथुम निसंका पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद श्रीलंका ने डिमुथ करुणारत्ने के 109 गेंदों पर 46 रन, दिनेश चांदीमल के 208 गेंदों पर 116 रन, एंजेलो मैथ्यूज के 88 रन, धनंजय डी सिल्वा के 44 रन और कामिंडू मेंडिस के 250 गेंदों पर नाबाद 182 और कुसल मेंडिस के नाबाद 106 रन की मदद से पांच विकेट पर 602 रन का विशाल स्कोर बनाया और पारी घोषित कर दी। न्यूजीलैंड की पहली पारी में श्रीलंका के स्पिनरों ने कहर बरपाया और मेहमान टीम को 88 रनों पर ढेर कर दिया। न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। मिचेल सैंटनर ने सबसे ज्यादा 29 रनों की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने 13 रन और रचिन रविंद्र 10 रन ही बना सके। बाकी सभी खिलाड़ी 10 रन तक भी नहीं पहुंच सके। प्रभाथ जयसूर्या ने 18 ओवर में दो 22 रन देकर 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। प्रभाथ के अलावा निशान पेइरिस ने तीन और असिथा फर्नांडो ने एक विकेट अपने नाम किया। न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ढेर होने के बाद श्रीलंका ने उसे फॉलोऑन दिया। दूसरी पारी में कीवी टीम के बल्लेबाजी ने कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन वह टीम को बड़ी हार से नहीं बचा पाए। टीम दूसरी पारी में 360 रनों पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन, मिचेल सैंटनर 67 रन, डेवोन कॉनवे 61 रन, कप्तान टॉम ब्लंडल ने 60 रन, केन विलियमसन ने 46 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका की ओर से निशान पेइरिस ने 6 विकेट, प्रभाथ जयसूर्या ने 3 विकेट, धनंजय डी सिल्वा ने एक विकेट लिया।



## भारत बनाम बांग्लादेश: तीसरे दिन का खेल भी बारिश के कारण रद्द

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल रविवार को मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है। हालांकि, तीसरे दिन सुबह से ही बारिश नहीं हुई लेकिन मैदान के कई हिस्से गीले होने के कारण अंपायरों ने खेल रद्द करने का फैसला लिया। मैदानी अंपायरों ने सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे और तीन बजे मैदान का निरीक्षण किया। लेकिन अंत में दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। उम्मीद की जा रही है कि चौथे दिन सोमवार को खेल समय पर शुरू हो पाएगा। बांग्लादेश ने पहले दिन तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद से बारिश के कहर के चलते खेल संभव नहीं पाया। तीसरे दिन सुबह बारिश की एक भी बूंद नहीं बरसी और 9:30 बजे तक मैदान से सारे कवर हटा दिए गए थे लेकिन मैदान पर दो गीले पैच परेशानी का सबब बने रहे। एक पैच गेंदबाजी रन-अप के पास था जबकि दूसरा बाहरी मैदान में था जिन्हें सुखाया नहीं जा सका। दिन का खेल रद्द होने से ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारी संख्या में पहुंचे दर्शकों को काफी निराशा हुई। मैच में अब बस दो दिन बचे हुए हैं और केवल 35 ओवर का खेल हो पाया है। इससे पूर्व पहले दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरुआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, लेकिन आकाश दीप ने दो विकेट लेकर भारत को राहत दिलाई। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया।

## अफगानिस्तान नवंबर में वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की है कि वह 6 से 11 नवंबर तक यूएई में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा, हालांकि वेन्यू अभी तय नहीं हुए हैं। ये मैच 6, 9 और 11 नवंबर को खेले जाएंगे। एसीबी ने कहा कि ये तीन वनडे, तीन टी20 और दो टेस्ट इस साल जुलाई-अगस्त के लिए निर्धारित अफगानिस्तान के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा थे। इसके अलावा, ऐसी खबरें भी आईं कि ग्रेटर नोएडा के शहीद पथिक सिंह स्टेडियम में जुलाई के अंत में वनडे मैचों की मेजबानी की जाएगी, यह वह समय है जब उत्तर भारत में मानसून शुरू होता है। लेकिन एसीबी ने यूएई और भारत में ज्यादा गर्मी का हवाला देते हुए सीरीज को स्थगित कर दिया, जहां वह आमतौर पर अपने घरेलू कार्यक्रम आयोजित करता है। एसीबी ने कहा, "एक बड़ी और अहम चर्चा के बाद, दोनों बोर्ड केवल वनडे फॉर्मेट के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं, जो अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगा।"

# ये आरोप मेरे नेतृत्व को बदनाम करने के लिए लगाए गए हैं : उषा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अंतरराष्ट्रीय संबंध निदेशक जेरोम पोइवे को संबोधित एक पत्र में आईओए कार्यकारी परिषद (ईसी) के 12 सदस्यों द्वारा लगाए गए झूठे और निराधार आरोपों पर पलटवार किया है। 12 ईसी सदस्यों, जिनमें गगन नारंग और योगेश्वर दत्त, जैसे ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं, ने वरिष्ठ आईओसी अधिकारी जेरोम पोइवे को एक पत्र लिखा है, जिसमें दिग्गज एथलीट पर संगठन को निरंकुश तरीके से चलाने का आरोप लगाया गया है। पीटी उषा ने एक पत्र में लिखा, ये आरोप केवल मेरे नेतृत्व और भारतीय खेलों की बेहतरी के लिए लगन से काम करने वालों के प्रयासों को बदनाम करने के लिए लगाए गए हैं।" पत्र में आगे लिखा गया है, "प्रतियोगिता के उच्चतम स्तरों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी के रूप में मेरे 45 साल के लंबे करियर में, मैंने कभी ऐसे लोगों को नहीं देखा जो हमारे एथलीटों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हों।

भारत में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी लक्ष्य का समर्थन करने के बजाय, ये लोग खेल प्रशासन में अपनी लंबी उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से स्वार्थी सत्ता के खेल और मौद्रिक लाभ पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। गुरुवार की आपातकालीन कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान, आईओए की बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई, जहां उषा ने रघुराम अय्यर को सीईओ के पद से हटाने की उनकी अपील को सिरे से खारिज कर दिया। इन कार्यकारी समिति सदस्यों द्वारा किए गए दावों को संबोधित करते हुए रघुराम अय्यर की आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर सवाल उठाया गया है। पीटी उषा ने स्पष्ट किया कि जनवरी 2024 में की गई उनकी नियुक्ति,आईओए संविधान के सख्त अनुपालन में की गई थी।

आईओए संविधान के प्रावधानों को बनाए रखने के लिए, कार्यकारी समिति के बहुमत के अनुचित प्रतिरोध के बावजूद, नामांकन समिति ने अनुच्छेद 15.3.1 में परिकल्पित चयन की प्रक्रिया अपनाई। जवाबदेही और पारदर्शिता के उद्देश्य से, नामांकन समिति द्वारा की गई पूरी प्रक्रिया का विवरण तैयार किया गया और जनवरी 2024 की बैठक के दौरान पूरी कार्यकारी समिति के साथ विधिवत साझा किया गया।'' उन्होंने पत्र में लिखा, अब प्रक्रिया या उन्हें किए गए कथित 'अत्यधिक' वेतन भुगतान पर सवाल उठाना पूरी तरह से गलत है।'' इसमें कहा गया है, जनवरी 2024 की बैठक में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि की गई थी। उक्त बैठक की न केवल वीडियोग्राफी की गई है, बल्कि उसका प्रतिलेखन और विवरण भी किया गया है, जो इस तथ्य का प्रमाण है कि कार्यकारी समिति के अधिकांश सदस्यों ने अय्यर की नियुक्ति को स्वीकार कर लिया और कार्यकारी समिति के हिस्से के रूप में मुझसे अनुरोध किया और मुझे नामित किया, ताकि मैं केवल वेतन घटक पर फिर से बातचीत करूं ।''



**मैंने कभी ऐसे लोगों को नहीं देखा जो हमारे एथलीटों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हों।**

पीटी उषा

## जूनियर विश्व चैंपियनशिप

## देरी से पहुंचने पर भारतीय निशानेबाज पर जुर्माना, गंवाया संभावित गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली।** भारत के एक निशानेबाज पर पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल के लिए अभ्यास क्षेत्र में देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया जिस कारण वह पदक हासिल करने से चूक गया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) ने शनिवार को 20 वर्षीय निशानेबाज उमेश चौधरी पर नियम 6.17.1.3 के उल्लंघन के लिए दो अंक का जुर्माना लगाया। इससे भारत के 60 सदस्यीय दल में शामिल कोच और सहायक स्टाफ की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। चौधरी को फाइनल में अपने पहले शॉट पर दो अंक कटने के बाद 7.4 अंक मिले। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह इस मसले पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। चौधरी क्वालिफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और अगर उन पर दो अंक का जुर्माना नहीं लगाया गया होता, तो वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में स्वर्ण पदक जीत सकते थे। जुर्माना लगाए जाने के कारण चौधरी पदक दौर में छठे स्थान पर रहे। भाटिया को जब याद दिलाया गया कि जुर्माने का विवरण आईएसएसएफ की वेबसाइट पर भी है, तो उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि वह समय पर अभ्यास क्षेत्र में नहीं पहुंचे होंगे। मैं नहीं जानता कि वह क्यों और किस कारण से समय पर नहीं पहुंचे। मुझे वहां (पेरू में) मौजूद अधिकारियों से पता करना होगा।

## फिटनेस सुधारो वर्ना अनुबंध होगा समाप्त होगा : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम बना रहेगा। पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उन्हें टीम के फिटनेस विशेषज्ञों द्वारा तय मानदंडों को पूरा करना होगा।'

## बीसीसीआई ने बेंगलुरू में नए एनसीए का किया उद्घाटन



**बेंगलुरु।** खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में बीसीसीआई ने एक और पहल की है। आज रविवार को बेंगलुरु में नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया गया । विश्व स्तरीय इस अकादमी को अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले यह 2000 में अपनी स्थापना के बाद से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में था। अब, बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास 40 एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कुल तीन विश्व स्तरीय मैदान और 86 पिच हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों क्षेत्र शामिल हैं। नई तकनीक से भरपूर यह मैदान खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग करने में मदद करेगा। ग्राउंड ए मुख्य मैदान है, और इसमें 85 गज की बाउंड्री है, जिसमें खेलने के लिए 13 लाल मीट्टी की पिच हैं जबकि अन्य ग्राउंड भी अलग-अलग मिट्टी से तैयार किये गए हैं।

## फीफा ने 2025 क्लब विश्व कप के लिए स्थानों का खुलासा किया




**न्यूयॉर्क।** विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा ने अमेरिका में 12 स्टेडियमों की घोषणा की है, जहां नए फीफा क्लब विश्व कप 2025 के 63 मैच खेले जाएंगे, जिसमें फाइनल न्यूयॉर्क न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 15 जून, 2025 को शुरू होगा। न्यू यॉर्क, न्यू जर्सी में मेटलाइफ स्टेडियम 13 जुलाई, 2025 को फाइनल का आयोजन करेगा, जो कि फीफा विश्व कप 26 के फाइनल से ठीक एक साल पहले होगा। फाइनल के लिए बहुउद्देशीय ओपन-एयर स्टेडियम, जिसे 2010 में 82,500 की क्षमता के साथ खोला गया था, 2016 कोपा अमेरिका सेंटेनारियो के फाइनल का स्थल था, जब चिली ने लियोनल मेसी के अर्जेंटीना को पेनल्टी पर हराया था। इस स्थल को पहले फीफा विश्व कप 26 फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया था, इसके अलावा दो और नॉकआउट मुकाबले और पांच ग्रुप-स्टेज मैच भी होने हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# कल से बदल जाएगी एनएसई और बीएसई की ट्रांजैक्शन फीस

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेश करने वालों को अगले महीने की शुरुआत से यानी 1 अक्टूबर से ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव देखने को मिलेगा। भारत के टॉप 2 बड़े एक्सचेंज यानी BSE और NSE ने एक अक्टूबर की तारीख से ट्रांजैक्शन चार्ज को रिवाइज किया है। यह रिवीजन सेबी के 1 जुलाई 2024 के सर्कुलर के तहत है। एक्सचेंजों की ट्रांजैक्शन फीस की बात की जाए तो यह NSE और BSE पर अलग-अलग हैं। NSE कैश और डेरिवेटिव सेगमेंट के लिए एक नया फी स्ट्रक्चर लेकर आया है। जबकि, BSE ने इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट के सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शन्स कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए बदलाव का ऐलान किया।

**सेबी के सर्कुलर के तहत हो रहा ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव**

1 जुलाई 2024 के मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) के सर्कुलर में मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (MII) को निर्देश दिया गया था कि वे ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर स्लैब-वाइज फी स्ट्रक्चर को बंद करें। उसकी जगह वे सभी मेंबर्स के लिए एक समान फी स्ट्रक्चर लागू करें। बता दें कि MIIs के तहत स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन और डिपॉजिटरीज आते हैं।




### क्या है बीएसई और एनएसई की ट्रांजैक्शन फीस

**NSE** ने अलग-अलग सेगमेंट के लिए नई ट्रांजैक्शन फीस पेश की है। कैश मार्केट में, हर 1 लाख लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 2.97 रुपये की फीस दोनों पक्षों (ब्रोकर और इन्वेस्टर) से ली जाएगी। इक्विटी फ्यूचर्स में हर एक लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 1.73 रुपये की फीस लगेगी। इक्विटी ऑप्शंस के लिए, प्रीमियम वैल्यू के हर एक लाख रुपये पर 35.03 रुपये की फीस दोनों पक्षों से ली जाएगी। NSE करेंसी फ्यूचर्स के लिए, हर एक लाख ट्रेड किए गए मूल्य पर 0.35 रुपये का ट्रांजैक्शन चार्ज दोनों पक्षों से लिया जाएगा। करेंसी ऑप्शंस और इंटरेस्ट रेट ऑप्शंस के लिए, प्रीमियम मूल्य के हर एक लाख पर 31.10 रुपये का चार्ज दोनों पक्षों के लिए लागू होगा।

**बॉम्बे** स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजैक्शन फीस को रिवाइज करके हर एक करोड़ रुपये के प्रीमियम टर्नओवर पर 3,250 रुपये कर दिया है। वहीं, इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के अन्य कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजैक्शन फीस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सेंसेक्स 50 ऑप्शंस और स्टॉक ऑप्शंस के लिए, BSE हर एक करोड़ प्रीमियम टर्नओवर पर 500 रुपये की ट्रांजैक्शन फीस लगाता है।

## एवीजीसी सेक्टर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से पैदा होंगे रोजगार के अवसर: केंद्र



एजेंसी। नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एनिमेशन फैन बेस है और आने वाले समय में पूरी दुनिया में एनिमेशन क्षेत्र में होने वाली वृद्धि का 60 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही आएगा। ऐसे में सरकार की ओर से एवजीसी-एक्स (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक और रियल्टी) सेक्टर को नया नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) दिया गया है। इस इंडस्ट्री से 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। सरकार की ओर से रविवार को यह बयान दिया गया।

सरकार के मुताबिक, भारत में एनिमेशन इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और प्रतिभावान युवाओं को एक अच्छा भविष्य प्रदान करने की क्षमता रखती है। फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2023 में एनिमेशन इंडस्ट्री की वृद्धि दर 25 प्रतिशत थी और इसकी अनुमानित वैल्यू 46 अरब रुपये थी। एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर आने वाले समय में मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का भविष्य होगा। इसे देखते हुए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर के लिए एनसीओई को मंजूरी दी गई है जो कि मुंबई में बनेगा। इसका उद्देश्य क्रिएटर इकोनॉमी को एडवांस करना है जिससे विकास और रोजगार के अवसर पैदा हो सकें। एनसीओई की स्थापना कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत की जाएगी। इसमें सरकार के साथ इंडस्ट्री बॉडी जैसे भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी साझेदार होंगी। एनसीओई, आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर बनाया जाएगा। इस एनसीओई में केंद्र सरकार विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टेक्नोलॉजी और विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

# एफपीआई सितंबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में 57,359 करोड़ रुपये डाले

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये डाले हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यानी 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और




संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन आर्य ने कहा, ''आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार पर दांव लगा रहे हैं।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 66,135 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जून से एफपीआई लगातार शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकाले थे। कुल मिलाकर इस साल जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध खरीदार रहे हैं।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक सात और नौ अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 7-9 अक्टूबर को होगी। बैठक के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 9 अक्टूबर को देंगे। इस बार भी नीतिगत ब्याज दरों रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं है। आर्थिक मामलों के जानकारों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आरबीआई की तीन दिवसीय द्विमासिक एमपीसी की समीक्षा बैठक 7-9 अक्टूबर तक चलेगी। इस बैठक में भी ब्याज दरों में बदलाव की संभावना नहीं है। इससे पिछली बैठक अगस्त में हुई थी, जिसमें एमपीसी ने लगातार 9वीं बार ब्याज दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया था।

## सितंबर में लिवाल की भूमिका में विदेशी निवेशक

**नई दिल्ली।** अमेरिका समेत कई देशों में ब्याज दरों में की गई कटौती और भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत फंडामेंटल्स के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का रुझान भारतीय बाजार की ओर काफी अधिक बढ़ गया है। सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अभी तक भारतीय बाजारों में 57 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करने के बाद से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश बढ़ा दिया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 57,359 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं।

### महुआ माजी ने हिंमता बिस्वा सरमा को दिया करारा जवाब, बोलीं

# रांची विधानसभा से लड़ने को हूं तैयार, निर्णय पार्टी करेगी

**कल्पना सोरेन के आने से पार्टी और भी मजबूत हुई है**

**रांची।** लोग चाहे किसी भी पोस्ट पर रहें, लेकिन झारखंड के निवासी हैं तो राजधानी रांची की विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जरूर रखते हैं। झामुमो से राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह को कड़ी टक्कर दी थीं। वे केवल 5904 वोटों से ही हारी थीं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में रांची सीट से चुनाव लड़ने के संबंध में **राष्ट्रीय नवीन मेल** के संवाददाता रजनीश ने राज्यसभा सदस्य महुआ माजी से बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश।



**प्रश्न : आप पिछले विधानसभा चुनाव में सीपी सिंह को कड़ी टक्कर दे चुकी हैं, क्या इस बार भी उम्मीदवार बनेंगी?**

**उत्तर (महुआ माजी) :** हम पार्टी के सिपाही हैं। पार्टी अगर निर्देश देगी, तो चुनाव लड़ूंगी। जो पार्टी बोलेगी, वहीं करूंगी।

**प्रश्न : शुभोजीत भी सक्रिय हैं, क्या उन्हें अगला विधायक समझा जाए?**

**उत्तर :** वे पार्षद चुनाव के लिए तैयारी कर रहे थे। डिप्टी मेयर के लिए, लेकिन चुनाव नहीं हुआ।

**प्रश्न : हिमंता बिस्वा सरमा ने आपके इस सवाल कि वे असम में यहां के आदिवासियों को रिजर्वेशन नहीं दिलवा पाए, का जवाब दिया है। उनका कहना है कि कल्पना सोरेन रिजर्व सीट से क्यों खड़ी नहीं होतीं?**

**उत्तर :** उनसे (हिमंता से) कोई पूछकर कोई काम करेगा क्या? उनसे पूछकर कल्पना सोरेन चुनाव लड़ेंगी? उनकी जहां से इच्छा होगी, वहां से चुनाव लड़ेंगी। कल्पना सोरेन के पार्टी में आने से पार्टी और भी मजबूत हुई है।

**प्रश्न : क्या मंईयां सम्मान जैसी योजनाओं को वोट में बदला जा सकता है? भाजपा कह रही है कि बिना फंड के योजना नहीं चलेगी?**

**उत्तर :** मुख्यमंत्री हेमंत का संकल्प है कि झारखंड को देश का सबसे विकसित राज्य बनाना है। भाजपा ने अपने कार्यकाल में इसे पिछड़े राज्य की श्रेणी में ही बनाए रखा था। भाजपा के कार्यकाल में महिला तस्करी जैसे अपराध चरम पर थे। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने, तब महिलाओं और युवाओं को सशक्त करके इस राज्य को विकसित और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया। सभी जानते हैं कि जो झारखंड का खजाना था, वह पूरी तरह से खाली करके रघुवर सरकार गई थी।

**प्रश्न : केंद्र के पास राज्य के एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का कौन सा बकाया है? और, नहीं देने से आपलोग क्या करेंगे?**

**उत्तर :** यह तो कोयले की रॉयल्टी का पैसा है। मैंने भी कई बार पार्लियामेंट में बोला है। केंद्र इसलिए आनाकानी कर रहा है, क्योंकि वह चाहता है कि जिस-जिस राज्य में भाजपा की सरकारें नहीं हैं, उन राज्यों का विकास नहीं हो। इसलिए जान-बूझ कर ऐसा करती है। मुख्यमंत्री योजना के तहत यहां 8 लाख मकानों को और भी पैसा देना है। उसका पैसा कहीं और शिफ्ट कर दिया गया। कई बार मुख्यमंत्री ने चिठ्ठी लिखी, लेकिन जब पैसा नहीं आया तो मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना लेकर आए।

**प्रश्न : आदिवासियों का धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दों पर पब्लिक को क्या बताया जाएगा?**

**उत्तर :** बांग्लादेशियों और घुसपैठियों को रोकने का काम केंद्र का है। राज्य पुलिस का नहीं है। केंद्र इसमें विफल है। यह तो उलटा चोर कोतवाल को डाटें वाला मामला हो गया।

**प्रश्न : भ्रष्टाचार झारखंड में मुद्दा बनेगा या नहीं, मंत्री अधिकारी जेल में हैं।**

**उत्तर :** ये जो जेल गए हैं, वे भाजापा के मंत्री लोग के कार्यकाल में काम करते थे। जांच होगी, तो सबके कार्यकाल की जांच होगी। वे केवल एक कार्यकाल की जांच करा रहे हैं। पूजा सिंघल को 2005 के मनरेगा घोटाले को ले कर गिरफ्तार किया गया था। इस तरह से दिखाया गया कि जैसे घोटाला इस सरकार में हुआ हो। पल्स हॉस्पिटल को दिखाया गया, लेकिन वह तो भाजपा के कार्यकाल में बना है।

**प्रश्न : आज कथित तौर पर प्रतिबंधित मांस मंदिर के सामने फेंके जाने को लेकर हंगामा हुआ, इस पर क्या कहती हैं।**

**उत्तर :** देश विभाजन के बाद एक किताब लिखी गई थी कि कैसे लड़ाया जाता है। अभी चुनाव आया है। जहां-जहां चुनाव है, हर जगह इस तरह की घटना होगी। यह भाजपा का जाना-पहचाना स्टंट है। कोई सरकार ऐसा कराएगी क्या? यहां इतनी शांति से लोग हर तरह का पर्व मनाते हैं। अचार संहिता लगने वाला है। इसलिए भाजपा ने यह सब स्टंट शुरू किया है।

## हिमंता बिस्वा आज टाटीसिलवे में करेंगे परिवर्तन सभा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज सोमवार को दोपहर 3:00 बजे से टाटी सिल्वे में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी दोपहर 12:00 बजे पश्चिम सिंहभूम जिले के अनुमंडल कार्यालय के समीप स्थित जगन्नाथपुर जमनी मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

## भाजपा के प्रदेश प्रभारी का कार्यक्रम एक अक्टूबर से

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई 1 अक्टूबर को बोकारो जिले के चंदनक्यारी में विस के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 11:00 बजे बैठक करेंगे। श्री वाजपेई बोकारो परिसदन में बोकारो विस के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर 1:00 बजे बैठक करेंगे। श्री वाजपेई शाम 3:00 बजे बेरमो के जैना मोड़ में बेरमो विस के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

# सफल रही परिवर्तन यात्रा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा आशा और उम्मीद से ज्यादा सफल रही। इसकी शुरूआत 20 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संताल परगना प्रमंडल और गिरिडीह के झारखंड धाम से की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 सितंबर को और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हजारीबाग प्रमंडल के इटखोरी और पलामू के भवनाथपुर स्थित वंशीधर मंदिर से प्रारंभ की थी। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी जिले के अमरेश्वर धाम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी शुरूआत 23 सितंबर को की थी। यह यात्रा अब तक राज्य के 24 जिलों, 74 विधानसभा, 202 प्रखंड की 4500 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश कार्यालय में रविवार को मीडिया से बात कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि अधिक बारिश के बावजूद भी जिस तादात में लोगों की भागीदारी इस यात्रा में रही, वह अपने आप में अद्भुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य की जनता को इंडी गठबंधन सरकार की झूठ और ठग के खिलाफ जागरुक करना था। भाजपा अपने उद्देश्य में सफल रही। अब तक 16 से 17 लाख लोग इस यात्रा में शामिल हुए।



### हेमंत सरकार ने जनता को ठगा

मरांडी ने हेमन्त सरकार के पांच साल के कार्यकाल पर प्रहार किया। कहा कि यह सरकार पांच वर्षों तक राज्य की भोली भाली जनता को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम की है। अब जब चुनाव सामने है, तब भी जनता को ठगने के लिए दाने डाल रही है। हालांकि, जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों ने कहा कि वे हेमन्त सोरेन के चाल और चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जो व्यक्ति अपने पिता की कसम खाकर भी अपने वादे पूरे नहीं करता है, उससे विकास की उम्मीद करना ही बेमानी है। उनपर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हेमन्त सरकार को बदलकर भाजपा की सरकार बनानी है।

### सीएनटी-एसपीटी का सबसे ज्यादा उल्लंघन

मरांडी ने कहा कि हेमन्त सोरेन की सरकार किसी भी काम को ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ नहीं करती है। सरकार ने पांच वर्षों तक राज्य की खनिज संपदा कोयला, बालू, पत्थर को दलाल और बिचौलियों के साथ मिलकर लूटने का काम की है। इस सरकार में सीएनटी और एसपीटी कानून का सबसे ज्यादा उल्लंघन हुआ है। आदिवासी जमीन का सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा हुआ है।

### 26 % शराब दुकानें मां-बहनों को दें

मरांडी ने कहा कि पहले भी मैंने शराब घोटाले के बारे में जो कहा था, वही हुआ। राज्य में फिर से शराब घोटाले की पटकथा लिखी जा रही है। टेंडर निकालकर उसे रद्द किया गया है। पसंदीदा ठेकेदार को टेंडर देने के लिए यह किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि राज्य की 26 प्रतिशत शराब दुकान सड़क किनारे हड़िया दारू बेचने वाली आदिवासी माता और बहनों को दिया जाए ताकि, वे अपनी गुजर बसर कर सके।

### बदलाव का आभास दे चुकी है यात्रा

मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में करेंगे। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के क्रम में इस बात का आभास हुआ है कि राज्य की जनता वर्तमान हेमन्त सोरेन सरकार के झूठ, ठग और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है। इसे बदलने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रधानमंत्री के दौरों से झामुमो को दौरा पड़ रहा : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलशाह देव ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि झामुमो का वास्तविक अर्थ झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी है। पांच वर्षों में इन पर 70,000 करोड़ के घपले-घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन विवाद में 5 महीने के लिए जेल घूम आए। झामुमो हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर क्लीन चिट दे रही है जबकि ट्रायल अभी तक शुरू भी नहीं हुआ। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन के दरबार के प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा जैसे नवरत्न अभी भी जेल में बंद हैं। प्रतुल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जब झारखंड आते हैं तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को बदहवासी में दौरा पड़ने लगता है। प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है और उन्होंने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरी देशव्यापी मुहिम चली है। जाहिर तौर पर इस मुहिम से झारखंड मुक्ति मोर्चा डरा हुआ है और यह डर अच्छा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं को अपनी बदहवासी वाली मानसिक स्थिति का इलाज किसी बढ़िया मनोचिकित्सक से कराना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि घुसपैठ के मामले में उच्च न्यायालय में सरकार के दबाव में उपायुक्तों ने झूठ बोला जो हाई कोर्ट में एक्सपोज हो गया। अब तो कमेटी इस बात की जांच भी करेगी।



### पेपर लीक मामले पर लीपापोती कर रही है राज्य सरकार : आजसू



**रांची।** राज्यभर के लाखों अभ्यर्थियों ने 21 और 22 सितंबर को हुए जेएसएससी सीजीएल के पेपर लीक का अंदेशा जताया है। अखिल झारखंड छात्र संघ अभ्यर्थियों की जायज मांग और कल होने वाले अनिश्चितकालीन धरने को नैतिक समर्थन देती है। सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की जगह एक कमिटी बन कर मामले की लीपापोती करने में लगी है। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कही। जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर आजसू ने अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा लेने के लिए दो दिनों तक इंटरनेट बंद किया था लेकिन फिर जेएसएससी कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल रही। इस दौरान मुख्य रूप प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेटा, प्रियांशु सिन्हा, पवन सिंह, सक्षम झा, करण पाठक, अंजू कुमारी, आनंद यादव, राजेश सिंह, सिंटू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### वकीलों को भी मिलेगी एयर एंबुलेंस की सुविधा

**● 15,000 अधिवक्ताओं को मिलेगा लाभ**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के महाधिवक्ता कार्यालय सभागार में हुई झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति की बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के जीपी (सरकारी वकील), एजीपी समेत जिला स्तरीय ट्रस्टी समिति के अधिकारियों की उपस्थिति में डेथ क्लेम से जुड़े दो करोड़ रुपए की राशि का चेक का वितरण किया गया जिसे जिलों के ट्रस्टी मेंबर के पदाधिकारियों ने प्राप्त किया । महाधिवक्ता राजीव रंजन जो झारखंड अधिवक्ता सह कल्याण निधि न्यासी समिति के अध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्टी एवं राज्य सरकार के संयुक्त मद से मिलने वाली बीमा में वकीलों के परिवार के सदस्य भी लाभान्वित होंगे, चाहे वे उनके माता-पिता हों, पति-पत्नी हों, 25 साल से कम उम्र के बच्चे हों या उनकी विधवा बहनें. सभी इस बीमा से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इस बीमा के तहत एयर एंबुलेंस की सुविधा भी अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी और पेंशन जो अब दोगुनी होकर 14,000 रुपए मिलेंगी , उसे ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग और रिटायर हो चुके अधिवक्ताओं तक पहुंचाना है। मौजूदा ट्रस्ट में शामिल 15,000 अधिवक्ताओं को इसका लाभ जल्द से जल्द मिलेगा ।



### भारत की महानता का गीत है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल

**रांची।** आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के सामने मन की बात कार्यक्रम के 114वें संस्करण को संबोधित किया। कार्यक्रम के 10वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया। आज पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर कार्यक्रम को सुना। रांची जिलांतर्गत गोंदा मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुनते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सचमुच में भारत की महानता, गौरव का गीत है। उन्होंने कहा कि मन की बात का इंतजार आम जनता और कार्यकर्ता एक महीने तक करते हैं। कहा कि जानकारियों से भरे इस कार्यक्रम में प्रकृति,संस्कृति के साथ विरासत और विकास भी समाहित रहते हैं। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल केलिए प्रधानमंत्री जी के आग्रह ने जनता को बार बार प्रेरित किया है।

# गांधी जयंती से राज्य में शुरू होगा कांग्रेस का चुनावी अभियान : केशव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस का चुनावी अभियान पूरे प्रदेश में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर दो अक्टूबर को औपचारिक रूप से शुरू होगी। यह घोषणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाददाता सम्मेलन में की। श्री कमलेश ने कहा कि एक माह में 24 जिलों में 25 'संवाद आपके साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समापन हो गया है। इस दौरान सभी जिलों में संगठन की संपूर्णता के संबंध में बातें सामने आई। चुनाव को लेकर समितियों की बैठक चल रही है। इसी कड़ी में पूरे झारखंड के डेलिगेट्स, प्रखंड अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं की वृहद बैठक 30 सितंबर को आहूत की गई है। इसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सप्तगिरि शंकर उलका, सिरीबेला प्रसाद, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। इसी दिन मेनिफेस्टो कमिटी के लोगों से भी वरीय नेता मिलेंगे। श्री कमलेश ने कहा कि सत्य, अहिंसा, शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी की जयंती को पूरे विश्व स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी जयंती पर चुनावी अभियान प्रारंभ करने के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी के जरिये चलाए गए विभिन्न आंदोलनों का स्मरण एवं विस्तृत चर्चा किया जाएगा। देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान देने वाले टाना भक्तों के विशाल कार्यक्रम बीजुपाड़ा में सोमा टाना भगत की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा। मौके पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि दो अक्टूबर से अभियान प्रारंभ होगा। राज्य के नेताओं की चार टीम बनाई गई हैं, जो पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलाएगी। जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे। सीट बंटवारे के पश्चात दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलेगा। विधानसभा स्तर पर संवाद यात्रा हर टोला, गांव तक जाएगी। 15 अक्टूबर से जिला स्तर के नेता पंचायत में अभियान चलाएंगे। इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियां को लोगों तक पहुंचाना है। चुनाव में जाने के लिए हमारे पास सरकार के किए हुए कार्य पूंजी के रूप में है। हमारे नीतियों में भविष्य के विकास की झलक है।



### सीजीएल व उत्पाद सिपाही की दौड़ पर रक्षा राज्य मंत्री ने सरकार को घेरा, कहा

# युवाओं को बरगलाने का काम बंद करें और उन्हें इंसाफ दें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा को लेकर रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। परीक्षा में हुई गड़बड़ी पर संजय सेठ ने कहा कि सरकार ने दो दिन तक इंटरनेट बंद करके सिर्फ राज्य के लोगों को परेशान करने का काम किया है। इस परीक्षा में जो कदाचार होना था, वह कदाचार हो चुका था। इंटरनेट बंदी के नाम पर जनता का आई वाश किया गया है। यह सरकार परीक्षा के नाम पर इलेक्शन से पूर्व कलेक्शन की तैयारी में लगी हुई है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा 5 वर्षों से इस बात का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें राज्य सरकार नौकरी देगी परंतु यह सरकार नौकरी नहीं दे रही है। नौकरी मांगने वाले युवाओं पर लाठियां चलवा रही हैं। उनका दमन कर रही है। जेएसएससी की परीक्षा में पूर्व में गड़बड़ी हो चुकी थी। सरकार ने इस बार जो परीक्षा लिया, उसमें भी व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। अभ्यर्थी इस पर सवाल उठा रहे हैं परंतु सरकार जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी दावा किया है कि पूर्व की परीक्षाओं से जुड़े कई सवाल इस परीक्षा में भी दोहराए गए थे, जो कहीं ना कहीं कदाचार का ही हिस्सा है। इंटरनेट बंद करके उस कदाचार को फैलने से रोकने का प्रयास किया गया है।



आज भी युवा सड़कों पर है। जेएसएससी के पास युवा न्याय मांगने नहीं जाए, इसके लिए तानाशाही करके निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रतिदिन दर्जनों युवाओं का फोन आता है कि इस तरह की गड़बड़ी हुई है। राज्य सरकार में यदि तनिक भी नैतिकता है तो इन युवाओं की बात सुन ले। मुख्यमंत्री खुद पहल करें और जो युवा गड़बड़ी की बात कह रहे हैं, उन युवाओं को बैठाएं और इस पर संज्ञान लें। इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। श्री सेठ ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में भी हुई गड़बड़ी और लापरवाही के कारण 17 युवाओं की मौत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार के लिए हो सकता है, यह युवाओं के जान की कीमत कुछ नहीं हो परंतु यह युवा अपने परिवार के भविष्य है। कई घरों के चिराग बुझ गए।

## पृष्ठ एक के शेष

**राजग से साथ नौ सीटों...**

दामन थामने वाले हैं। वहीं टुंडी सीट पर भी सुदेश महतो की बात नहीं बनती दिख रही है। वह खुद यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि जदयू को भी गठबंधन के तहत सीट देना है इसलिए टुंडी पर बात नहीं की जाएगी। बताया जा रहा है कि आजसू पाकुड़, सिल्ली, ईचागढ़ ,गोमिया, रामगढ़, डुमरी, लोहरदगा, बड़कागांव, जुगसलाई विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इससे पहले शनिवार को हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी अपने एनडीए सहयोगियों, आजसू और जदयू के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 8 अक्टूबर के बाद होने की उम्मीद है।

**करोड़ों श्रोता ही इसके...**

प्रतिभावान लोग हैं जिन्होंने निःस्वार्थ सेवाभाव के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**संथाली भाषा का डिजिटिलिकरण :** प्रधानमंत्री ने एक बार फिर देश की भाषाई विविधता को देश की धरोहर बताया और इस संदर्भ में संथाली भाषा को डिजिटल बनाये जाने के प्रयास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संथाली कई राज्यों में संथाल जनजाति समुदाय के लोग बोलते हैं। इसका बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में भी उपयोग होता है। ओडिशा के मयूरभंज में रहने वाले रामजीत टुडू ने एक अभियान चलाया जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ जहां संथाली भाषा से जुड़े साहित्य को पढ़ा जा सकता है और संथाली भाषा में लिखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपने कुछ साथियों के मदद से उन्होंने ह्यओल चुकी में टाइप करने की तकनीक विकसित कर ली। आज उनके प्रयासों से संथाली भाषा में लिखे लेख लाखों लोगों तक पहुंच रहे हैं।

**शीतकालीन सत्र में वन नेशन वन...**

राज्यों के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। इसी को लेकर विपक्ष इसका पुरजोर विरोध कर सकता है। प्रस्तावित दूसरे संविधान संशोधन विधेयक को कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं का समर्थन जरूरी होगा क्योंकि यह राज्य मामलों से संबंधित है। इस विधेयक के जरिए स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जिसके लिए चुनाव आयोग को राज्य चुनाव आयोगों के साथ विचार-विमर्श करना पड़ेगा। उसके बाद चुनाव आयोग इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार करेगा। जहां तक पावर की बात है तो संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग व राज्य चुनाव आयोग अलग-अलग निकाय हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्य सभा, राज्य विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराता है। जबकि राज्य चुनाव आयोग को नगर पालिकाओं व पंचायतों - स्थानीय निकायों के चुनाव कराता है। प्रस्तावित दूसरा संविधान संशोधन विधेयक में एक नया अनुच्छेद 324ए जोड़कर लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ नगर पालिकाओं व पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान किया जाएगा। रही बात तीसरे विधेयक की तो यह एक साधारण विधेयक होगा। जो विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों जैसे- पुडुचेरी, दिल्ली व जम्मू-कश्मीर से संबंधित होगा। जो तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करेगा। जिससे कि इन सदनों की शर्तों को अन्य विधानसभाओं व लोकसभा के साथ संरेखित किया जा सके। जिसे पहले संविधान संशोधन विधेयक में प्रस्तावित किया गया है। इसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम-1991, केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम-1963 व जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019, में संशोधन करने के प्रस्ताव हैं। प्रस्तावित विधेयक एक साधारण कानून होगा, जिसके लिए संविधान में बदलाव की आवश्यकता नहीं होगी, और राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की भी आवश्यकता नहीं होगी। उच्च स्तरीय समिति ने तीन अनुच्छेदों में संशोधन करने, मौजूदा अनुच्छेदों में 12 नए उप-खंडों को शामिल करने व विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित तीन कानूनों में फेरबदल करने का प्रस्ताव दिया था। इस 'एक देश एक चुनाव' के लिए संविधान में संशोधनों व नए सम्मिलनों की कुल संख्या 18 है। जहां तक विपक्ष का सवाल है , कई विपक्षी दल वन नेशन - वन इलेक्शन का विरोध कर रहे हैं। भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार 'एक देश-एक चुनाव' के पक्ष में जो भी तर्क दे रहे हैं, उसकी काट के लिए विपक्षी दल अनेक तर्क दे रहे हैं।

**थड़पखना और चड़री में...**

जांच चल रही है। रांची एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि प्रथम हष्टया प्रतिबंधित मांस प्रतीत होता है, लेकिन मेडिकल जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। प्रशासन की सक्रियता को देख सभी ने संयम और समझदारी का परिचय दिया। दिनभर राजधानी में कहीं कोई तनाव की स्थिति नहीं देखी गई। इस संबंध में रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रतिबंधित मांस की कटाई होटलों में बिक्री और गो हत्या बंद हो ।महानगर दुगापूर्जा के सहसंयोजक सह महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि नगर निगम के ट्रैक्टर में छेद होने से मांस गिरा होगा ।रविवार होने के कारण आस-पास की दुकानें बंद थी इसलिए सीसीटीवी फुटेज नहीं देखा जा सका। सीसीटीवी फुटेज और मेडिकल जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रशासन ग्यारह बजे सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करेगी जिसमें हम सभी को बुलाया गया है। फिलहाल लोग आक्रोशित तो हैं लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। चड़री और थड़पखना में पुलिस बल की सक्रियता बढ़ा दी गई है।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार : सुदेश महतो

**रांची।** सरकार ने चुनाव से पहले युवाओं से कई लोकलुभावन वादें किए थे। 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाली सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलने का काम किया है। युवा आज पेपर लीक, परीक्षा परिणाम और नियुक्ति पत्र जैसी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने युवा आजसू के मिलन समारोह में कही। इस दौरान आशीष कुमार चौरसिया उर्फ प्रधान जी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 46 के बड़ी संख्या में युवाओं ने युवा आजसू की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि युवा आजसू शुरूआत से ही युवाओं से जुड़े सभी प्रकार के मुद्दों को मुखरता से उठाती आई है। हक और अधिकार से वंचित राज्य के युवाओं की सशक्त आवाज बन चुका है युवा आजसू। युवाओं का बढ़ता विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दांत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## भारत में सोनिया तो इटली में एंटोनियो : हिमंता बिस्वा सरमा

**सोनीपत।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को हरियाणा के सोनीपत में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गांधी और हुड्डा परिवार पर जमकर निशाना साधा। हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेताओं के दो-दो नाम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस से यही कहूंगा कि आपने जो प्रत्याशी उतारा है, उनकी मां और पिता का असली नाम सबको बता दीजिए। कांग्रेस में दो-दो नाम वाले लोग मिल जाते हैं, सोनिया जब भारत में रहती हैं, तो यहां उनका नाम सोनिया गांधी होता है और जब वह इटली जाती हैं तो उन्हें वहां एंटोनियो के नाम से बुलाया जाता है। मुझे बताया गया है कि यहां के प्रत्याशी के भी दो-दो नाम है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप दो-दो नाम वाले शख्स को वोट न दें। अगर सुरेंद्र पवार जीत जाते हैं तो वह सोनीपत को मिनी बांग्लादेश और पाकिस्तान बना देंगे। उन्होंने कहा, हमारे देश में घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हमें अपने मुसलमानों से कोई दिक्कत नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के मुसलमानों से दिक्कत है।



## सुनीता विलियम्स को वापस लाने के लिए धरती से उड़ा अंतरिक्ष यान

**वाशिंगटन।** नासा-स्पेसएक्स अंतरिक्ष यान, दो एस्ट्रोनॉट को लेकर रविवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुआ। इस मिशन का मकसद अंतरिक्ष में फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाना है। विलियम्स और विल्मोर की धरती पर वापसी फरवरी 2025 में होगी। नासा-स्पेसएक्स मिशन फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से सफलतापूर्वक लॉन्च होने के बाद सुरक्षित रूप से ऑर्बिट में पहुंच गया। यह मिशन स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स-40 से लॉन्च होने वाली पहली मानव स्पेसफ्लाइट है।



## नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 148 लोगों की मौत

**काठमांडू ।** नेपाल में मानसूनी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से तबाही मची हुई है। इस आपदा में रविवार दोपहर तक 148 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। नेपाल पुलिस ने एक बयान में कहा कि आपदाओं में 101 लोग घायल हुए हैं और 55 अन्य लापता हैं। अब तक 3,661 पीड़ितों को बचाया गया है। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता नवराज अधिकारी ने शिन्हुआ को बताया कि मध्य नेपाल के धाडिंग जिले के जियापल खोला में भूस्खलन में दबी तीन यात्री बसों से 35 शव बरामद किए गए हैं।

# नसरल्लाह के बाद कौन संभालेगा हिजबुल्लाह की कमान ?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि लेबानानी आतंकी ग्रुप का नेतृत्व अब कौन करेगा। इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार देर रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाके दहिह में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर बड़ा हमला किया था जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई। नसरल्लाह, 30 साल की उम्र में 1992 में हिजबुल्लाह का महासचिव बना था। अगले 32 वर्षों में उसने हिजबुल्लाह को न सिर्फ लेबनान बल्कि मध्य पूर्व की एक बड़ी ताकत बना दिया। वह इजरायल का दुश्मन नंबर एक बन गया। आखिरकार शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र, अपने सबसे बड़े दुश्मन को खत्म करने में कामयाब रहा। नसरल्लाह का विकल्प खोजना हिजबुल्ला के लिए खासा मुश्किल होगा। हालांकि उसकी जगह लेने के लिए हिजबुल्लाह के भीतर दो नामों पर चर्चा चल रही है। अलजजीरा की शनिवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक हाशेम सफीद्दीन और नईम कासिम, नसरल्लाह के उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में शामिल है। हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद के प्रमुख और नसरल्लाह के कजिन, सफीउद्दीन को व्यापक रूप से संगठन के अगले महासचिव बनने की दौड़ में आगे माना जा रहा है।

## इजरायल हिजबुल्लाह संघर्ष के 12 दिन जिसने मध्य पूर्व को बदल दिया

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में पिछले कुछ दिनों में हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के इजरायली हमले में मारे जाने के बाद इस आशंका को बल मिला है कि यह पूरा क्षेत्र एक बड़े संघर्ष में उलझ सकता है। जानते हैं कैसे 12 दिनों ने मध्य पूर्व को बदल कर रख दिया।

- **17-18 सितंबर:** लेबनान में हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर और वॉकी-टॉकी में दो दिन तक ब्लास्ट हुए। जिसमें कम से कम 37 लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हो गए। इन हमलों के लिए हिजबुल्लाह ने इजरायल को जिम्मेदार ठहराया लेकिन इजरायल ने इसकी सीधी जिम्मेदारी नहीं ली।
- **20 सितंबर:** इजरायल ने दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में हिजबुल्लाह के एक शीर्ष कमांडर सहित 55 लोग मारे गए।
- **23 सितंबर:** इजरायल ने लेबनान पर भारी बमबारी की, जिसमें 1,300 ठिकानों को निशाना बनाया गया। एक ही दिन में सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई। यह इजरायल की सबसे बड़ी मिलिट्री कार्रवाइयों में से एक थी।
- **25-26 सितंबर:** लेबनान में इजरायल के लगातार हमलों के बीच, हिजबुल्लाह की ओर से भी जवाबी हमले हुए। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं ने तनाव कम करने की अपील की। अमेरिका और उसके सहियोगियों ने 21 दिन के युद्ध विराम की अपील की हालांकि इजरायल ने इसे खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिजबुल्लाह ने भी इसे स्वीकार नहीं किया।
- **27 सितंबर:** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'हिजबुल्लाह को हराने' की बात कही। इसके बाद उसी दिन उन्होंने बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वारटर पर हमला करने का आदेश दिया। इस हमले का असली टारगेट हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरलल्लाह था। इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार देर रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाके दहिह में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर बड़ा हमला किया, जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई।
- **28 सितंबर:** शनिवार को, आईडीएफ ने नसरल्लाह के मारे जाने का ऐलान किया। इसके कुछ घंटों बाद हिजबुल्लाह ने भी अपने नेता की मौत की पुष्टि की। नसरल्लाह, 30 साल की उम्र में 1992 में हिजबुल्लाह का महासचिव बना था। अगले 32 वर्षों में उसने हिजबुल्लाह को न सिर्फ लेबनान बल्कि मध्य पूर्व की एक बड़ी ताकत बना दिया। वह इजरायल का दुश्मन नंबर एक बन गया। आखिरकार शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र, अपने सबसे बड़े दुश्मन को खत्म करने में कामयाब रहा।



## यूक्रेन का बड़ा हमला किया नाकाम हवा में ही मार गिराए 125 ड्रोन: रूस

**एजेंसी। मॉस्को**

रूसी वायु रक्षा बलों ने 125 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में ही नष्ट करने का दावा किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर रात भर में यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया, वोल्गोग्राद क्षेत्र में 67, बेलगोरोड में 17, वोरोनिश में 17 और रोस्तोव क्षेत्र में 18 ड्रोन मार गिराए गए। इसके अलावा, ब्रांस्क, कुर्स्क और क्रास्नोडार में एक-एक ड्रोन रोका गया, जबकि तीन को आजोव सागर के ऊपर बेअसर कर दिया गया। ड्रोन हमलों के बाद, वोरोनिश और उसके आस-पास के इलाकों में मलबे के गिरने से कई जगहों पर आग लग गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बाद में जानकारी दी कि आग बुझा दी गई हैं। इससे पहले, वोरोनिश के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने टेलीग्राम पर कहा कि मॉस्को एवेन्यू पर एक गिरते हुए ड्रोन ने रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को नुकसान पहुंचाया, जिससे इमारत में आग लग गई। उन्होंने बताया कि लेफ्ट-बैंक जिले के आवासीय क्षेत्रों में भी आग लगने की सूचना मिली है। गुसेव ने कहा कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।




## पीएलआई स्कीम में निवेश से देश में 40 प्रतिशत बढ़ेंगे रोजगार

**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत निवेश आने के कारण रोजगार के अवसर 40 प्रतिशत बढ़कर 12 लाख पर पहुंच जाएंगे, जो कि फिलहाल 8.50 लाख पर हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की ओर से पीएलआई योजनाओं के सीईओ से बातचीत करते हुए रविवार को यह बयान दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएलआई स्कीम और 'मेक इन इंडिया' दोनों एक-दूसरे के पूरक बन गए हैं। आज के समय में दोनों को अलग करके देखना कठिन है। पीएलआई स्कीम के तहत उत्पादन बढ़कर आने वाले समय में 11 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है।

## 'जब तक मोदी को नहीं हटाएंगे, मैं जिंदा रहूंगा' : मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी। जम्मू**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के तीसरे चरण के प्रचार के आखिरी दिन मल्लिकार्जुन खरगे ने जसरोट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, हम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। मैं 83 साल का हूं और इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को नहीं हटाएंगे, मैं जिंदा रहूंगा, मैं आपकी बात सुनूंगा और आपके के लिए लड़ूंगा। हालांकि सभा को संबोधित करते हुए बीच में मल्लिकार्जुन खड़गे की अचानक तबीयत भी खराब हो गई थी। लेकिन, जब उनकी तबीयत ठीक हुई तो उन्होंने दोबारा रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा करते किया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में कभी चुनाव नहीं कराना चाहती थी। उन्होंने कहा, अगर वह चाहते तो एक-दो साल में ही चुनाव करा देते।



## चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ

**बीजिंग।** 'चीन तभी अच्छा कर सकता है, जब दुनिया अच्छा कर रही हो। जब चीन अच्छा करेगा, तो दुनिया और भी बेहतर होगी।' चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2023 में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम में अपने मुख्य भाषण में यह बात कही। चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ एक विशाल जहाज की छवि को दशार्ती है, जिसमें 1.4 अरब यात्री सवार हैं और जो कभी तूफानी मौसम में और कभी शांत पानी में नौकायन कर रहा है, और कप्तान लगातार दिशा-निदेर्शों को गंतव्य की दिशा में रख रहा है। इस मामले में गंतव्य, नए चीन की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ यानी 2049 तक चीनी राष्ट्र का कायाकल्प है।

## एजुकेशन/करियर

# एलएलबी कर बना सकते हैं अपना करियर

**रजनीश।** एलएलबी (बैचलर ऑफ लॉज़) प्रोग्राम आम तौर पर 3 से 4 साल तक चलता है और इसमें कॉन्ट्रैक्ट लॉ, क्रिमिनल लॉ, कॉन्स्टीट्यूशनल लॉ, टोर्ट लॉ, प्रॉपर्टी लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, ज्यूरिसप्रूडेंस, इंटरनेशनल लॉ और लीगल रिसर्च एंड राइटिंग जैसे मुख्य विषय शामिल होते हैं। छात्र मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून और कॉर्पोरेट कानून जैसे वैकल्पिक विषय भी चुन सकते हैं। यह प्रोग्राम मूट कोर्ट अभ्यास, इंटर्नशिप और कानूनी क्लीनिक के माध्यम से सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ जोड़ता है। मूल्यांकन विधियों में परीक्षा, कोर्सवर्क, प्रस्तुतियाँ, मूट कोर्ट प्रदर्शन और एक शोध प्रबंध या थीसिस शामिल हैं।

### एलएलबी के लिए संस्थान

- नेशनल लॉ स्कूल ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली
- राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान अकादमी विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोलकाता राष्ट्रीय विधि संस्थान
- विश्वविद्यालय, भोपाल
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर
- गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर
- डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ
- राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटियाला
- चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना
- नेशनल यूनिवर्सिटी आफ एडवांस्ड लीगल स्टडी, कोच्चि
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ओडीशा, कटक
- राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, रांची
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं न्यायिकअकादमी,
- असमदामोदरम संजीवय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम
- तमिलनाडु नेशनल लॉ स्कूल, तिरुचिरापल्ली
- महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, मुंबई
- महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नागपुर
- महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, औरंगाबाद हिमाचल
- प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश धर्मशास्त्र
- राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर
- डॉ. बीआर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत
- हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर



### प्रवेश परीक्षाएं

- एआईएलईटी
- क्लेट
- एलएसएटी
- एआईबीई



### एलएलबी पाठ्यक्रम के प्रकार

- **1.तीन वर्षीय एलएलबी (स्नातकोत्तर):** यह कई देशों में पारंपरिक तरीका है। आप किसी भी विषय (कला, विज्ञान, वाणिज्य, आदि) में स्नातक की डिग्री पूरी करते हैं और फिर पूरी तरह से कानून में विशेषज्ञता वाला तीन वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम करते हैं।
- **2.एकीकृत कानून डिग्री (पांच वर्षीय कार्यक्रम):** यह विकल्प किसी अन्य क्षेत्र मी स्नातक की डिग्री को एलएलबी कार्यक्रम के साथ जोड़ता है। यहाँ एकीकृत कानून डिग्री के सबसे आम प्रकार दिए गए हैं:
- **बीए एलएलबी:** बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री (इतिहास, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित) को एलएलबी कार्यक्रम के साथ एकीकृत करता है। उन लोगों के लिए आदर्श है जो कानून और मानविकी में एक अच्छी नींव चाहते हैं।
- **बीबीए एलएलबी:** बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री (लेखांकन, वित्त, विपणन जैसे व्यावसायिक सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित) को एलएलबी कार्यक्रम के साथ जोड़ता है। कॉर्पोरेट कानून, बौद्धिक संपदा कानून, या अन्य व्यवसाय से संबंधित कानूनी क्षेत्रों में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए बिल्कुल सही।
- **बीकॉम एलएलबी:** बैचलर ऑफ कॉमर्स डिग्री (लेखांकन, अर्थशास्त्र और कराधान जैसे वाणिज्य विषयों पर ध्यान केंद्रित) को एलएलबी कार्यक्रम के साथ मिलाता है। यह उन महत्वाकांक्षी वकीलों के लिए उपयुक्त है जो कर कानून, बैंकिंग कानून या विलय और अधिग्रहण जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं।